

हरिभूमि
मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी





# 10 दिन का मिशन...नौ महीने में पूरा होगा

## सुनीता को लेकर 17 घंटे में स्पेसएक्स का कैप्सूल पहुंचा धरती के 'नजदीक'

# भारत की बेटी 'जीतेगी'

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

सुनीत विलियम्स समेत तीन अन्य अंतरिक्ष यात्री मंगलवार सुबह आईएसएस से अनडॉक हो गए। अंतरिक्ष यात्रियों का ये सफर 17 घंटे में पूरा होगा। भारतीय समयानुसार बुधवार तड़के 3 बजकर 27 मिनट पर स्पेसएक्स समुद्र में लैंड करेगा।

अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) में फंसे नासा के अंतरिक्ष यात्री सुनीता विलियम्स और बुच विल्मोर को लेकर स्पेसएक्स का कैप्सूल धरती के लिए मंगलवार सुबह रवाना हो गया था। यात्री फ्लोरिडा के तट पर उतरेंगे। सुनीता विलियम्स और बुच विल्मोर ने पिछले साल 5 जून 2024 को नासा के मिशन के तहत बोइंग के ▶▶ शेष पेज 4 पर





### वापसी के लिए स्पेसएक्स ड्रैगन का इस्तेमाल

दोनों के लिए 10 दिन का मिशन 9 महीने से अधिक के इंतजार में बदल गया। उनका स्टारलाइनर यान खराब हो गया था और वे वहीं फंसकर रह गए थे। अब उनकी वापसी के लिए स्पेसएक्स ड्रैगन का इस्तेमाल किया गया। नासा के अंतरिक्ष यात्री निक हेग और रोस्कोस्मोस कॉस्मोनॉट अलेक्जेंडर गोर्बुनोव भी ड्रैगन कैप्सूल में वापस आएंगे।


**1,148**
**डॉलर अतिरिक्त मुआवजा**

सुनीता विलियम्स और बुच विल्मोर को अतिरिक्त मुआवजे के रूप में 1,148 डॉलर (लगभग 1 लाख रुपए) मिलने की संभावना है।

## स्पेसक्राफ्ट ने 'उगली' आग, खुलेंगे 4 पैराशूट

# अहम रहे... 46 मिनट

मेरिका के फ्लोरिडा तट पर ड्रैगन कैप्सूल के 7 संभावित स्प्लेशडाउन साइट हैं। यानी समंदर में गिरने का स्थान। इनमें से 3 गल्फ ऑफ मैक्सिको की तरफ हैं और 4 अटलांटिक सागर की तरफ। ग्राउंड पर बैठी टीम यह तय करती है कि मौसम और दूसरे सेफ्टी फैक्टर के हिसाब से इनमें से कौन सी साइट ड्रैगन के लैंडिंग (स्प्लेशडाउन) के लिए सही रहेगी। मिशन कंट्रोल में बैठे नासा और स्पेसएक्स के साइंटिस्ट ड्रैगन स्पेसक्राफ्ट को उसके आखिरी आर्बिट ट्रेजेक्टरी में भेजने के लिए उसके थ्रस्टर का इस्तेमाल करते हैं। न्यूटन ▶▶ शेष पेज 4 पर



*ड्रैगन कैप्सूल 28000 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से धरती के वायुमंडल में आया*

*ड्रैगन कैप्सूल 28000 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से धरती के वायुमंडल में गुजरता है। इस रफ्तार से जब कैप्सूल गुजरता है तो वायुमंडल से रगड़ खाता है और घर्षण यानी फ्रिक्शन की वजह से तापमान 7,000 डिग्री फैरनहाइट* ▶▶ शेष पेज 4 पर

## *इससे पहले पीएम मोदी ने सुनीता को लिखा पत्र, भारत आने का दिया न्योता*

## आप हमारे दिलों के बहुत करीब



बोनी पंड्या निश्चित रूप से आपकी वापसी की प्रतीक्षा कर रही होंगी और मुझे विश्वास है कि स्वर्गीय दीपकभाई की शुभकामनाएं भी आपके साथ हैं

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नासा की अंतरिक्ष यात्री सुनीता विलियम्स को पत्र लिखकर भारत आने का निमंत्रण दिया है। केंद्रीय मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ओर से नासा की अंतरिक्ष यात्री सुनीता विलियम्स को लिखे गए पत्र को साझा करते हुए ट्वीट किया। प्रधानमंत्री मोदी ने अपने पत्र में लिखा- भले ही आप हजारों मील दूर हैं, लेकिन आप हमारे दिलों के बहुत करीब हैं। पीएम ने लिखा कि जब मैंने राष्ट्रपति ट्रंप या राष्ट्रपति बाइडेन से अमेरिका की यात्रा के दौरान मुलाकात की, तो मैंने हमेशा आपकी कुशलता और भलाई के बारे में पूछा। 1.4 अरब भारतीय आपके उपलब्धियों पर हमेशा गर्व करते आए हैं। हाल के ▶▶ शेष पेज 4 पर

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

## खबर संक्षेप

### जेब में मोबाइल फटा प्राइवेट पार्ट डैमेज

**राजगढ़।** जिले के सारंगपुर में एक युवक की जेब में मोबाइल फट गया। इस दौरान वह बाइक चला रहा था। ब्लास्ट होते ही संतुलन बिगड़ा और युवक हाईवे पर गिर गया। जेब में मोबाइल ब्लास्ट होने से उसके टेस्टिकल्स (अंडकोष) फट गए। जानकारी के मुताबिक, पानीपुरी का ठेला लगाने वाला 19 साल का अरविंद बाइक से नैनवाड़ा गांव लौट रहा था। घायल के भाई ने डॉक्टरों को बताया कि अरविंद ने हाल ही में रेडमी कंपनी का पुराना मोबाइल खरीदा था।



### जिला अस्पताल के गेट पर महिला की डिलीवरी

**रायसेन।** जिला अस्पताल में बड़ी लापरवाही सामने आई है। यहां एक गर्भवती महिला को जननी एंबुलेंस से अस्पताल लाया गया, लेकिन गेट पर ही उसकी डिलीवरी हो गई। इस दौरान नवजात बच्चा जमीन पर गिर गया। इसका वीडियो मंगलवार को सामने आया, जिसके बाद परिजन ने स्वास्थ्य विभाग पर गंभीर आरोप लगाए हैं। ग्राम कमका कुराद निवासी रेखा को प्रसव पीड़ा होने पर जननी एंबुलेंस के जरिए जिला अस्पताल लाया गया था।



### इंदौर की गेर अभी नहीं जाएगी यूनेस्को

**इंदौर।** गेर को यूनेस्को संयुक्त राष्ट्र शैक्षिक, वैज्ञानिक और सांस्कृतिक संगठन में शामिल नहीं किया जाएगा। यूनेस्को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर हर साल किसी एक आयोजन को धरोहर के रूप में शामिल करता है। इंदौर की गेर को इसमें शामिल करने के लिए पिछले कई साल से प्रयास हो रहे हैं, लेकिन केंद्र सरकार का कहना है कि इंदौर में 75 सालों से निकल रही गेर अभी तक राष्ट्रीय धरोहर के रूप में ही चिन्हित नहीं की गई है। ऐसे में दूर की बात है।




## कथित नक्सली एनकाउंटर को लेकर सदन में जमकर हंगामा, सरकार का ऐलान

राज्य मंत्री नरेंद्र शिवाजी पटेल ने कहा इसकी जांच एसआईए से कराई जा रही

# नक्सली नहीं तो एक करोड़ रु. की सहायता व सरकारी नौकरी

◆ *मंडला जिले के खटिया में एक सप्ताह पहले एक आदिवासी के कथित नक्सली एनकाउंटर मामले में विधानसभा में मंगलवार को फिर हंगामा हुआ। विपक्षी सदस्यों ने आसंदी के सामने आकर जमकर नारेबाजी की। बाद में वे सदन से वॉकआउट कर गए।*



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मंडला जिले के खटिया में एक सप्ताह पहले एक आदिवासी के कथित नक्सली एनकाउंटर मामले में विधानसभा में मंगलवार को फिर हंगामा हुआ। विपक्षी सदस्यों ने आसंदी के सामने आकर जमकर नारेबाजी की। बाद में वे सदन से वॉकआउट कर गए। सदन से बाहर आने के बाद भी विपक्षी सदस्यों ने नारेबाजी कर हंगामा किया। हालांकि, इससे पहले राज्य मंत्री नरेंद्र शिवाजी पटेल ने सदस्यों को आश्वत किया कि इसकी जांच राज्य जांच एजेंसी (एसआईए) से कराई जा रही है। यदि नक्सली साबित नहीं होता एक करोड़ रुपए की सहायता व परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी दी जाएगी।

विधानसभा में ध्यानाकर्षण के तहत एनकाउंटर का मामला विपक्षी सदस्य विक्रांत भूरिया, नारायण सिंह पट्टा व ओमकार सिंह मरकाम ने उठाया। इस पर काफी देर तक दोनों पक्षों की ओर से जमकर बहस हुई। इसी मामले को सोमवार को भी कांग्रेस सदय मरकाम ने सदन में उठाया था। इस दौरान भी जमकर हंगामा व नारेबाजी हुई। बाद में कांग्रेस ने वॉकआउट कर दिया था। उधर, सदन में भूरिया ने कहा कि पुलिस के दो बयान आए। दोनों में ▶▶ शेष पेज 4 पर

भूरिया ने कहा कि पुलिस के दो बयान आए, दोनों में अंतर क्यों है?

मजिस्ट्रीयल जांच से काम नहीं चलेगा, रिटायर जज को नियुक्त करना चाहिए

*एनकाउंटर का मामला विपक्षी सदस्य विक्रांत भूरिया, नारायण सिंह पट्टा व ओमकार सिंह मरकाम ने उठाया*



### 11 बिंदुओं पर मजिस्ट्रीयल जांच हो रही

राज्य मंत्री पटेल ने कहा कि सरकार संवेदनशीलता के साथ जांच करा रही है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने उक्त परिवार की चिंता करते हुए स्वेच्छानुदान से 10 लाख रुपए देने की घोषणा की है। राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग के स्टैंडिंग आदेश के आधार पर 11 बिंदुओं पर मजिस्ट्रीयल जांच हो रही है। जो भी दोषी पाए जाएंगे, उन्हें कठोर दंड दिया जाएगा। हालांकि, विपक्षी सदस्य इससे सहमत नहीं हुए। कांग्रेस के वरिष्ठ सदस्य बाला बच्चन ने कहा कि इस मामले में जांच व कार्रवाई के अलावा परिवार के एक सदस्य को शासकीय नौकरी व एक करोड़ रुपए की सहायता दी जाए। इसी दौरान राज्य मंत्री पटेल ने भी घोषणा की। संसदीय कार्य मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने कहा कि यदि नक्सली कनेक्शन नहीं निकला तो एक करोड़ रुपए की सहायता व शासकीय नौकरी दी जाएगी। ▶▶ पढ़ें पेज 02 भी

### विधायकों का दल बनाकर जांच कराई जाए

सदस्य भूरिया ने कहा कि निष्पक्ष जांच के लिए विधायकों की एक टीम बनाकर जांच के लिए भेजा जाए। इसके बाद ही निष्पक्ष जांच हो पाएगी। हालांकि इस मुद्दे पर सदन में पक्ष व विपक्ष के बीच जमकर बहस हुई। सदस्य नारायण सिंह ने कहा हम बैगा हैं तो क्या कोई जुर्म है? इसकी उच्च स्तरीय जांच की जाए। इस मुद्दे पर आधे घंटे से ज्यादा समय तक बहस हुई। हंगामे के बीच स्पीकर नरेंद्र सिंह तोमर को भी बार-बार व्यवस्था देनी पड़ेगी।

*सरकार की तरफ से मंत्री ने दिया यह बयान*

### *दोनों तरफ से दो घंटे तक रुक-रुककर फायरिंग हुई*

*मंत्री पटेल ने बताया कि मंडला जिले के थाना खटिया क्षेत्र में कान्हा नेशनल पार्क में जंगल सर्चिंग के दौरान हॉक टीम को यह सूचना प्राप्त हुई कि झुलुप फरिस्ट कैंप के दो वाचर एक दिन पहले जंगल में नक्सलियों से मिले थे। उनके द्वारा दी गई पर्ची और धनराशि के आधार पर राशन खरीद कर लाए हैं। यह राशन पूर्व से निर्धारित स्थल पर नक्सलियों के हवाले किया जाएगा। उक्त सूचना के आधार पर हॉक टीम उस स्थान के पास पहुंची तो उन्हें दो वाचर एक बोरा (चावल) और एक बैग (अन्य खाद्य सामग्री) के साथ एक चट्टान पर ताली बजाते हुए और कुल्हाड़ी से पत्थर पर आवाज करते हुए दिखे। टीम ने मौके पर पहुंचकर दोनों वाचरों से बात की तो उनके द्वारा बताया गया कि एक दिन पहले तीन सदस्य महिला नक्सली एवं एक पुरुष नक्सली ने पर्ची व राशि दी थी। उसे देने के लिए यहां आए हैं। मंत्री पटेल ने कहा कि पुलिस के मुताबिक नक्सलियों को इशारा करने के लिए ताली और कुल्हाड़ी की आवाज कर रहे हैं। इसके बाद हॉक टीम ने राशन वहीं छोड़ दोनों वाचर को अपने साथ लेकर उस स्थल पर एंबुश से घेरा लगाया और नक्सलियों के आने का इंतजार किया। कुछ समय बाद दोपहर लगभग 3 बजे टीम को तीन सशस्त्र नक्सली (एक वर्दीधारी और दो सादे वस्त्र में) दिखाई दिए। वे राशन स्थल पर जाकर राशन उठाकर वापस मुड़ने लगे तो टीम लीडर ने आत्मसमर्पण के लिए आवाज* ▶▶ शेष पेज 4 पर

## आलीराजपुर में 6वीं की छात्रा से गैंगरेप

# दो ने दुकान के बाहर पहरा दिया, तीन ने दुष्कर्म किया

आवाज सुनकर बच्ची की मां पहुंची तो भागे



हरिभूमि न्यूज ▶▶ आलीराजपुर

आलीराजपुर में 13 साल की 6वीं की छात्रा से गैंगरेप का मामला सामने आया है। घटना जिला मुख्यालय से 10 किलोमीटर दूर स्थित एक गांव की है। एएसपी प्रदीप पटेल ने बताया कि सोमवार शाम करीब साढ़े 7 बजे पीड़ित बच्ची परीक्षा देकर अपनी मां की दुकान पर अकेली बैठी थी। उसकी बड़े बनाने की दुकान है। इस दौरान 5 युवक वहां पहुंचे। मौका पाकर इनमें से तीन ने नाबालिग के साथ दुष्कर्म किया। दो आरोपी दुकान के बाहर निगरानी करते रहे। पीड़ित के परिजन ने बताया कि रात का समय था। बच्ची की आवाज सुनकर मां पहुंची तो 4 आरोपी भाग गए। एक को मौके से पकड़ लिया था।



### *पांचों आरोपियों को किया गिरफ्तार*

*पुलिस ने इस मामले में पांच आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। 5 में से दो आरोपियों को बच्ची पहचानती है। वहीं एक पर पहले से थाने में एक केस दर्ज है।*

### कांग्रेस नेता यादव ने की कड़ी कार्रवाई की मांग

इस घटना पर कांग्रेस नेता अरुण यादव ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने लिखा- प्रदेश आदिवासियों पर अत्याचार और नाबालिगों से दुष्कर्म के मामलों में पहले स्थान पर है। उन्होंने सरकार से दुष्कर्मियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

*जमीन के बदले नौकरी घोटाला केस*

## तेजप्रताप से पांच घंटे ईडी ने की पूछताछ

एजेंसी ▶▶ पटना

जमीन के बदले नौकरी घोटाले मामले में बिहार की पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी और उनके पुत्र व पूर्व मंत्री तेज प्रताप यादव से प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने मंगलवार को लंबी पूछताछ की। राबड़ी देवी से करीब चार घंटे जबकि तेज प्रताप यादव से पांच घंटे तक ईडी की पूछताछ चली। इस मामले में 19 मार्च को पूर्व रेल मंत्री और राष्ट्रीय जनता दल प्रमुख लालू प्रसाद से भी पूछताछ संभव है। प्रवर्तन निदेशालय ▶▶ शेष पेज 4 पर



## सीईओ पर प्रताड़ना का लगाया आरोप




# *गेट से लुढ़कते हुए ही कलेक्ट्रेट पहुंचे जनपद अध्यक्ष, आत्मदाह की चेतावनी*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

कटनी में मंगलवार को बहोरीबंद जनपद पंचायत अध्यक्ष लालकमल बंसल ने विरोध प्रदर्शन किया। वे कलेक्ट्रेट गेट से लुढ़कते हुए कार्यालय पहुंचे। उनके साथ समर्थक और जिला पंचायत सदस्य भी मौजूद थे। जनपद पंचायत सीईओ अभिषेक झा पर आरोप लगाते हुए बंसल ने धरना दिया। उन्होंने कहा कि सीईओ मुझे लगातार प्रताड़ित कर रहे हैं। बिना पूछे बैठकों का आयोजन कर रहे हैं और पंचायत राज अधिनियम के विपरीत काम कर रहे हैं।अपर कलेक्टर साधना परस्ते ने मौके पर पहुंचकर ▶▶ शेष पेज 4 पर

## शिवपुरी के माता टीला डैम में बड़ा हादसा

8 लोगों को ग्रामीणों ने सुरक्षित बचाया, सिद्ध बाबा के दर्शन करने गए थे लोग

# श्रद्धालुओं से भरी नाव डैम में पलटी 7 लोग डूबे, रेस्क्यू ऑपरेशन जारी


## *रात होने के कारण रेस्क्यू ऑपरेशन में दिक्कतें आईं*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ शिवपुरी

जिले में मंगलवार को एक दर्दनाक हादसा हो गया। खनियाधाना थाना क्षेत्र के माता टीला डैम में श्रद्धालुओं से भरी एक नाव पलट गई। इसमें तीन महिलाओं और चार बच्चों समेत कुल सात लोग लापता हैं। आठ लोगों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। हादसे की जानकारी मिलते ही प्रशासन की टीम मौके पर पहुंची। राहत और बचाव कार्य जारी है। रात होने के कारण रेस्क्यू ऑपरेशन में दिक्कतें आईं। शुरुआती जानकारी के अनुसार, ▶▶ शेष पेज 4 पर

### मुख्यमंत्री ने घटना पर जताया दुख





### राहत और बचाव कार्य जारी

रात करीब 11 बजे कलेक्टर रविंद्र कुमार चौधरी, एसपी अमन सिंह राठौड़, जिला पंचायत सीईओ हिमांशु जैन भी मौके पर पहुंचे। एसपी ने बताया कि बचाव कार्य तेजी से चल रहा है। लापता लोगों को खोजने का प्रयास किया जा रहा है। सबसे पहले नाव पर सवार एक महिला ने पानी भरते देखा। थोड़ी देर बाद पूरी नाव में पानी भर गया। जिस कारण से नाव डूबने लगी। इसी दौरान चीख पुकार मची। स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे और प्रशासन को जानकारी दी।

### *मृतकों के परिजनों को 2-2 लाख की आर्थिक सहायता के निर्देश*

*शिवपुरी नाव हादसे पर सीएम डॉ. मोहन यादव ने दुख जताया है। उन्होंने एक्स पर लिखा कि खनियाधाना थाना क्षेत्र में माताटीला बांध के बीच में बने टापू पर स्थित सिद्ध बाबा मंदिर में फाग होली के लिए जा रहे 15 श्रद्धालुओं की नाव पलटने की दुर्भाग्यपूर्ण घटना में कुछ श्रद्धालुओं की डूबने से असामयिक मृत्यु अत्यंत ही दुखद है। दुःख की इस घड़ी में मेरी संवेदनाएं शोक संतप्त परिवारों के साथ हैं। जिला प्रशासन, स्थानीय नागरिकों और एनडीआरफ के जवानों की मदद से आठ लोगों को सुरक्षित रेस्क्यू कर लिया गया है। मृतकों के निकटतम परिजनों को मुख्यमंत्री स्वेच्छानुदान से 2-2 लाख की आर्थिक सहायता राशि जारी करने के निर्देश दिए हैं। परमेश्वर से प्रार्थना है कि दिवंगत पुण्यात्माओं को अपने श्री चरणों में स्थान तथा परिजनों को दुःख सहन करने की शक्ति प्रदान करें।*

रंगपंमची के चल समारोह में धर्म ध्वजा, ऊंट, बैंड, शहनाई, रथ, डीजे, गुलाल उड़ाती मशीन होगी शामिल

# राजधानी में फिर आज जमकर उड़ेगा रंग और गुलाल हुरियारों के जुलूस पर टैंकरों से रंगों की होगी बौछार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी में एक बार फिर से होली की मस्ती छाएगी। रंगपंचमी के मौके पर बुधवार को शहर एक बार फिर रंगों से सराबोर रहेगा। रंग-गुलाल, हुड़दंग और पानी की बौछार में लोग जमकर झूमते नजर आएंगे। तो वहीं नए व पुराने शहरों से रंगारंग चल समारोह निकाले जाएंगे। सुबह-सुबह सड़कों पर रंगपंचमी की धूम होगी। हिन्दू उत्सव समिति की ओर से रंगपंमची पर चल समारोह में धर्म ध्वजा, ऊंट, बैंड, शहनाई, रथ, पांच डीजे, चार तांगे, गुलाल उड़ाती मशीन, ढोल पार्टी, होली खेलते भगवान शंकर का स्वरूप, राधा-कृष्ण रथ पर आकर्षण का केंद्र होंगे। उल्लेखनीय है कि होली पर भी श्री हिंदू उत्सव समिति द्वारा चल समारोह निकाला गया था, जिसमें प्रमुख रूप से 4 टैंकरों से रंग गुलाल बरसाना और मशीन से फूल बरसाना आदि प्रमुख आकर्षण था। इसी तरह रंगपंचमी पर बड़े ही जुलूस धूमधाम से निकाला जाएगा। चल समारोह पुराने शहर के सुभाष चौक से प्रारंभ होगा, जो मंगलवारा, इतवारा, लखेरापुरा, चौक से होते हुए हनुमानगंज पहुंचकर समाप्त होगी।

### पंचमी पर बन रहा सिद्धि योग

रंग पंचमी का पर्व देश भर में हर वर्ष चैत्र माह के कृष्ण पक्ष की पंचमी तिथि को मनाया जाता है। बुधवार को धूमधाम से यह पर्व मनाया जाएगा। मां चामुंडा दरबार के पुजारी गुरुजी पंडित रामजीवन दुबे ने बताया कि रंग पंचमी तिथि पर देवी-देवता धरती पर रंगोत्सव मनाने आते हैं। इस वर्ष रंग पंचमी पर सिद्धि योग समेत कई शुभ संयोग बन रहे हैं। इन योग में भगवान शिव की पूजा करने से साधक को अक्षय फल की प्राप्ति होती है। रंग पंचमी के दिन विधि-विधान से भगवान शिव का जलाभिषेक एवं पूजा करना चाहिए। रंग पंचमी की तिथि 18 मार्च को रात 10 बजकर 9 मिनट से प्रारंभ हो गई है, इसका समापन 20 मार्च की मध्यरात्रि 12 बजकर 36 मिनट पर होगी।

#### कमल के फूल पर लक्ष्मी-नारायण की तस्वीर स्थापित कर करें पूजा

पुजारी पंडित रामजीवन दुबे ने बताया कि रंग पंचमी के अवसर पर, घर के उत्तर दिशा में कमल के फूल पर विराजमान लक्ष्मी नारायण के चित्र को स्थापित करें और एक लोटे में जल भरकर रखें। गाय के घी का दीपक जलाएं और लाल गुलाब के फूल लक्ष्मी नारायण जी को अर्पित करें। एक आसन पर बैठकर 'ॐ श्रीं श्रीये नमः' मंत्र की तीन माला का जाप करें। लक्ष्मी नारायण जी को गुड़ और मिश्री का भोग अर्पित करें। जाप के बाद, पूजा में रखा जल पूरे घर में छिड़क दें।

#### आज शाम पांच बजे तक बंद रहेगी शराब दुकानें और बार

रंग पंचमी पर बुधवार को जिले की सभी 87 शराब दुकानें और 90 रेस्टोरेंट बार शाम पांच बजे तक बंद रहेंगे। जिला प्रशासन ने शाम तक ड्राई डे घोषित किया है। इधर, जिला आपूर्ति नियंत्रक एचएस गोयल ने बताया कि आबकारी अमले ने मंगलवार रात साढ़े 11 बजे के बाद सभी शराब दुकानें और रेस्टोरेंट, बार सील कर दिए हैं। उन्होंने बताया कि ड्राई डे की अवधि में शराब के संग्रहण, परिवहन और बिक्री पर पूरी तरह प्रतिबंध रहेगा। इसकी धरपकड़ के लिए आबकारी विभाग ने 10 टीमें बनाई है, जो सूचना मिलने पर कार्रवाई करेगी।



## श्रम और औद्योगिक न्यायालय में होली मिलन समारोह आयोजित

श्रम और औद्योगिक न्यायालय अधिवक्ता संघ ने श्रम न्यायालय अधिवक्ता सभागार में होली मिलन कार्यक्रम आयोजित किया, जिसमें न्यायाधीश निहारिका सिंह, के चक्रवती, संजना सरल भी उपस्थित रहें। सबका गुलाल लगाकर स्वागत किया गया। मध्यप्रदेश औद्योगिक बार के उपाध्यक्ष जीके छिब्बर ने होली के माहौल में कविता का वाचन किया। अधिवक्ता हाशिम अली ने हास्य विनोद में अपनी बात कही। कार्यक्रम का संचालन राजकुमार घोटे अधिवक्ता ने किया। आभार प्रदर्शन अध्यक्ष अशोक श्रीवास्तव ने किया।

## रंगपंचमी के चलते आज बदली रहेगी राजधानी की यातायात व्यवस्था

### शहरवासी परेशानी से बचने दें ध्यान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



बुधवार को रंगपंचमी के अवसर पर आयोजित चल समारोह के दौरान पुराना शहर की यातायात डायवर्सन व्यवस्था सुबह 8 बजे ट्रैफिक में बदलाव किया जाएगा। इस दौरान चल समारोह जनकपुरी सुभाष चौक से प्रारंभ होगा, जोकि लोहा बाजार, जुमेराती, जनकपुरी, सिंधी मार्केट, भवानी मंदिर सोमवारा से होते हुए लखेरापुरा, पीपल चौक, चिंतामन चौराहे से इतवारा जैन मंदिर, मंगलवारा थाने के सामने से कुंदन नमकीन से घोड़ा नक्कास, अग्रवाल पुड़ी भंडार, छोटे भैया कार्नर से हनुमानगंज रोड स्थित हुनमान मंदिर पर पहुंच कर समाप्त होगा।

#### इन क्षेत्रों में रहेगा प्रतिबंध

वाहन मोती मस्जिद चौराहे से बुधवारा चौराहे की ओर, तलैया तिराहा से बुधवारा की ओर, भारत टॉकीज से इतवारा की ओर, चौकी इमामबाड़ा से जुमेराती की ओर, नादरा बस स्टेंड से घोड़ा नक्कास की ओर, अल्पना तिराहे से नादरा बस स्टेण्ड की ओर, भोपाल टॉकीज चौराहे से नादरा बस स्टेंड की ओर, काजीकैंप से सिंधी कॉलोनी की ओर आवश्यकतानुसार आवागमन प्रतिबंधित रहेगा।

#### यह रहेगा वैकल्पिक मार्ग

इस दौरान वाहन अल्पना तिराहा से समानातंर मार्ग होते हुए सपना लॉज तिराहा, अग्रवाल धर्मशाल, सिंधी कॉलानी से शाहजहांनाबाद बजरिया तिराहा, शर्मा कॉलोनी तिराहा से तीन मोहरा होकर आवागमन कर सकेंगे एवं तलैया से लिली टॉकीज चौराहा होकर, इमामबाड़ा से पीरगेट, मोती मस्जिद, रेतघाट, कमलापार्क होकर आवागमन कर सकेंगे।

## अधिकारी, कर्मचारियों ने खेली चंदन-गुलाल और फूलों से होली

### एमसीयू में होली मिलन समारोह

राजधानी स्थित माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय में मंगलवार को होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। विवि के कुलगुरु विजय मनोहर तिवारी ने सभी शिक्षकों, अधिकारियों और कर्मचारियों को होली की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने होली पर लिखे और गाए एक गीत और एक नज्म का विशेष तौर पर जिक्र किया। 1963 में बनी फिल्म गोदान, जिसमें प्रसिद्ध गायक मोह. रफी ने होली पर एक गीत गाया था, जिसके बोल थे, होली खेलत नंदलाल, बिरज में होली खेलत नंदलाल। तिवारी ने कहा कि मोहम्मद रफी का गाया और मेहमूद के अभिनय वाले इस गीत में गांव की टोली है और महमूद ने अपने अभिनय से पूरे भारत का परिचय दे दिया है। उन्होंने नजीर अकबराबादी की एक नज्म जब फागुन रंग झमकते हैं, तब देख बहारें होली का भी जिक्र किया, जिसे गायिका छाया गांगुली ने गाया था। कुलगुरु ने भारत की गंगा-जमुनी तहजीब की प्रशंसा करते हुए विवि में सभी को होली की बधाई दी। इसके बाद चंदन, गुलाल एवं फूलों की होली खेली गई। इस मौके पर विवि के सहायक कुलसचिव विवेक सावरीकर, वरिष्ठ सहायक प्राध्यापक लोकेंद्र सिंह, एकता बिरवा, प्रियंका सोनकर एवं राहुल प्रजापति ने होली पर मधुर गीतों और कविताओं की प्रस्तुति दी।



### रंग पंचमी महोत्सव एवं मिलन समारोह आज

भाजपा के प्रदेश महामंत्री और विधायक भगवानदास सबनानी द्वारा रंग पंचमी महोत्सव एवं मिलन समारोह दद्दू के मंदिर डिपो चौराहे पर सुबह 9 से 12 बजे तक मनाया जाएगा। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में पार्टी के कार्यकर्ताओं के साथ ही क्षेत्र के कई गणमान्य नागरिक उपस्थित रहेंगे और रंगों के इस त्यौहार को एक दूसरे को रंग लगाकर एवं गीत-संगीत की थाप पर थिरकते हुए उत्साह के साथ सभी समरसता के इस त्यौहार को मनाएंगे।

### अग्रवाल समाज का होली मिलन और स्नेह सम्मेलन लालघाटी में आज

अग्रवाल समाज का होली मिलन व स्नेह सम्मेलन बुधवार को लालघाटी गुफा मंदिर स्थित मानस उद्यान में शाम 6 बजे से आयोजित किया जाएगा। होली मिलन का यह कार्यक्रम बड़ी ही भव्यता रंगारंग कार्यक्रम के साथ बड़े ही हर्ष उल्लास से मनाया जाता है।



## आर्चबिशप यूजीन डिसूजा की 22वीं पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित की

**भोपाल।** कैथोलिक आर्चडायोसिस द्वारा मंगलवार शाम को स्वर्गीय आर्चबिशप यूजीन डिसूजा की 22वीं पुण्यतिथि के अवसर पर एक विशेष प्रार्थना सभा आयोजित की गई। इस अवसर पर मसीही समुदाय ने उनके जीवन और योगदान को स्मरण किया। चर्च के फादर पी. सूसाई ने उनका जीवन परिचय दिया, जिसमें उन्होंने उनकी करुणा, विनम्रता और सेवा भावना को रेखांकित किया। सेंट फ्रांसिस ऑफ असीसी कैथेड्रल, जहांगीराबाद में आर्चबिशप डॉ. एएएस दुरईराज ने पुरोहितों, धर्मबहनों और विश्वासियों के साथ स्वर्गीय आर्चबिशप को श्रद्धांजलि अर्पित की। उल्लेखनीय है कि श्रद्धेय यूजीन डिसूजा का जन्म 15 नवंबर 1917 को हुआ था। वे 1963 में नागपुर से स्थानांतरित होकर भोपाल के पहले आर्चबिशप बने थे और 1994 में वे सेवानिवृत्त हुए। 18 मार्च 2003 को उनका निधन हो गया। प्रार्थना सभा के दौरान आर्चबिशप दुरईराज ने कहा कि श्रद्धेय यूजीन डिसूजा एक जनप्रिय व्यक्ति थे, जिन्होंने भोपाल में ईसाई समुदाय को संगठित करने और उनके उत्थान के लिए महत्वपूर्ण कार्य किए।

### श्रीगौड़ ब्राह्मण समाज का होली मिलन आज

श्रीगौड़ ब्राह्मण समाज का होली मिलन कार्यक्रम बुधवार, 19 मार्च को शाम 5 बजे से अंजलि कांप्लेक्स स्थित समाज के भवन में आयोजित किया गया है। इस आयोजन में किशोर पाठक सहित श्रेष्ठ कलाकार सुमधुर गीत-संगीत एवं होली पर सुंदर प्रस्तुतियां भी देंगे। इस अवसर पर समाज के सदस्यों और उनके परिवारजनों द्वारा होली से संबंधित रचनाओं, गीतों और भजन भी प्रस्तुत करेंगे। समाज के मेधावी छात्र और वरिष्ठ सदस्यों ने अपनी पढ़ाई, स्पोर्ट्स या कार्यक्षेत्र इत्यादि में कोई विशेष उपलब्धि प्राप्त की हो तो ऐसे प्रतिभाशाली सदस्यों का कार्यक्रम में सम्मान भी किया जाएगा। अधिक जानकारी के लिए अध्यक्ष सुनील जोशी से उनके फोन नंबर 9425006965 पर सम्पर्क किया जा सकता है।

### मप्र अग्रवाल महासभा के प्रांतीय कार्यालय का आज होगा शुभारंभ

रंग पंचमी पर मप्र अग्रवाल महासभा के नवीन प्रांतीय कार्यालय का शुभारंभ बुधवार को 148-150 नेहरू नगर में शाम 4 बजे पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डीपी गोयल, गोविंद गोयल, मप्र के पूर्व गृह मंत्री उमाशंकर गुप्ता, प्रदेश वैश्य महासभा के प्रांतीय अध्यक्ष सुधीर अग्रवाल व भाजपा प्रदेश मीडिया प्रभारी आशीष अग्रवाल व अन्य आमंत्रित अतिथि करेंगे। कार्यालय के शुभारंभ के बाद फूलों की होली का उत्सव व मिलन समारोह भी आयोजित होगा। मध्यप्रदेश अग्रवाल महासभा के नव निर्वाचित प्रदेश अध्यक्ष कैलाश मित्तल व पदाधिकारियों तथा मप्र अग्रवाल महासभा के सभी संरक्षक सदस्यों तथा सभी आजीवन सदस्यों ने समाज बंधुओं से उपस्थिति का आग्रह किया है।

मिसरोद में बीडीए फेस-1 में फिर बढ़ा दिए 50 फीसदी दाम

## आधी लोकेशन पर दाम बढ़ाने से बीस फीसदी कम होगी खरीद-फरोख्त



- बढ़ोतरी के खिलाफ प्रभारी मंत्री से मिले क्रेडाई के सदस्य
- आज शाम छह बजे तक पेश कर सकेंगे दावा आपत्ति

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

एक अप्रैल से लागू होने वाली प्रॉपर्टी की नई कलेक्टर गाइडलाइन में 1283 लोकेशन पर बेतहाशा बढ़ोतरी प्रस्तावित कर दी गई है, जिससे आधे शहर की लोकेशन पर प्रॉपर्टी खरीदना महंगा हो जाएगा। इसके साथ रजिस्ट्री कराने के लिए अधिक राशि देना पड़ेगी। प्रॉपर्टी के जानकारों का कहना है कि इतनी बड़ी तादाद में प्रॉपर्टी के रेट बढ़ाने से खरीद-फरोख्त में बीस फीसदी तक की गिरावट आ सकती है। मध्यम वर्ग के लोग स्टांप पर ही सौदे कर लेंगे, जिससे सरकार को राजस्व का नुकसान उठाना पड़ेगा। मंगलवार को मिसरोद-सलैया के रहवासियों ने बीडीए फेस-1 में पिछली साल 50 फीसदी दाम बढ़ाने के बाद इस बार फिर से 50 प्रतिशत रेट बढ़ाने का विरोध दर्ज कराया है।

#### बीडीए के मकानों की बिक्री में होगी गिरावट

गोविंद गार्डन निवासी राहुल पलिया ने आपत्ति दर्ज कराई है कि मिसरोद बीडीए के फेस-1 में एक साल में दो बार बढ़ोतरी से यहां के मकानों के दाम दोगुना हो जाएंगे।

#### प्रभारी मंत्री काश्यप के निर्देश

क्रेडाई की आपति पर सुझाव-आपत्ति दर्ज कराने की अंतिम तिथि वढ़ा दी गई है। गाइडलाइन का वर्षवार डेटा एक्सेल फॉर्मेट में क्रेडाई को उपलब्ध कराया जाएगा।



## बजरंग दल के नए प्रांत संयोजक तिवारी का किया स्वागत

**भोपाल।** बजरंग दल मध्यभारत प्रांत के नवनियुक्त प्रांत संयोजक अवधेश तिवारी के प्रथम आगमन पर भोपाल स्टेशन पर स्वागत किया गया। इसके बाद तिवारी भगत सिंह प्रखंड के होली मिलन समारोह में सम्मिलित हुए। जिला प्रचार प्रसार प्रमुख विजेंद्र सिंह परिहार ने बताया कि इस अवसर पर विभाग मंत्री जीवन शर्मा, विभाग सह संयोजक अभिजीत सिंह राजपूत, विभाग सेवा प्रमुख पप्पू पालीवाल, जिला वीर सावरकर मंत्री नितिन साहू, जिला संयोजक अभिषेक शर्मा एवं सभी जिला एवं सातों प्रखंड के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## जन कल्याण समिति ने किया महिलाओं का सम्मान

**भोपाल।** डॉ. आंबेडकर जन कल्याण समिति लांबाखेड़ा के तत्वावधान में महिला दिवस के उपलक्ष्य में रिश्ता मैरिज गार्डन लांबाखेड़ा में महिला सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समिति के मीडिया प्रवक्ता दिनेश अहिरवार, सुनील बौद्ध ने बताया कि आयोजन में मुख्य अतिथि डॉ. प्रीति, डॉ. पुष्पेन्द्र, निशा बांगरे (पूर्व डिप्टी कलेक्टर भोपाल), नयनतारा अहिरवार (जनपद सदस्य गुदावल रायसेन), लक्ष्मी अहिरवार, रीना बौद्ध, प्रतिज्ञा भारती, निशा अहिरवार व मधु अहिरवार सहित बड़ी संख्या में महिलाएं मौजूद थी।



## जहांगीराबाद का नाम संत रविदास नगर करने की मांग



**भोपाल।** महिला जागौरी समिति ने मंगलवार को निगम परिषद अध्यक्ष किशन सूर्यवंशी से मुलाकात की और जहांगीराबाद का नाम बदलकर संत रविदास नगर किए जाने की मांग की।

समिति की अध्यक्ष साधना नन्दू यादव ने बताया कि इस क्षेत्र की 80 प्रतिशत आबादी में संत रविदास जी का अनुसरण करने वाले लोग रहते हैं। इसलिए उन्होंने क्षेत्र के आसपास के लोगों से चर्चा कर इस क्षेत्र जहांगीराबाद का नाम बदलकर संत रविदास नगर रखने की मांग निगम परिषद अध्यक्ष से की है। निगम परिषद अध्यक्ष से मुलाकात के दौरान जागौरी समिति की अध्यक्ष साधना नंदू यादव के साथ संध्या विश्वकर्मा, मोना चौरसिया, संतोषी शाक्य, कंचन गुप्ता, रानी लोधी भी थी। अध्यक्ष साधना ने बताया कि इस क्षेत्र का मौजूदा नाम याद दिलाता है कि जहांगीर का इतिहास मुगल शासक अकबर का बेटा था। जहांगीर को सलीम नाम से भी जाना जाता था, जो एक क्रूर मुगल शासक था। सिखों के पांचवें गुरु अर्जुन देव जी की हत्या भी उसने ही की थी।



## चेन पुलिंगः ढाई माह में 2038 मामलों में वसूला 4 लाख 24 हजार रुपए का जुर्माना

**भोपाल।** कई यात्री, ट्रेनों की चेन पुलिंग कर उन्हें लेट करने से नहीं कतराते। ऐसे ही यात्रियों के खिलाफ रेल मंडल प्रशासन द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है। हाल ही में ढाई माह में 2038 मामलों में रेल मंडल प्रशासन ने 4 लाख 24 हजार रुपए जुर्माना वसूला। भोपाल रेल मंडल दिल्ली-मुंबई, मुंबई-कोलकाता (वाया इटारसी), बीना-मक्सी-कोटा (वाया गुना), इंदौर-मक्सी-गुना-ग्वालियर, भोपाल-इंदौर-रतलाम (वाया संत हिरदाराम नगर) रूट सहित दक्षिण व पश्चिम रेल रूट को जोड़ता है। गौरतलब है कि अनाधिकृत रूप से चैन पुलिंग को रेलवे एक्ट के तहत दंडनीय अपराध की श्रेणी में रखा गया है। इस संबंध में वैधानिक कार्रवाई करने की जवाब देही आरपीएफ को सौंपी गई है। भोपाल मंडल आरपीएफ कमांडेंट प्रशांत यादव ने बताया कि बिना किसी उचित कारण के चेन पुलिंग करने वालों के खिलाफ भारतीय रेल अधिनियम 1989 की धारा 141 के तहत कार्रवाई करने और एक साल तक का कारावास या एक हजार रुपए तक का जुर्माना अथवा दोनों का प्रावधान है।

पर्यटकों को आकर्षित करने के लिए विशेष प्रयास किए जाएंगे : संभागायुक्त

# धार जिले में बनेगा डायनोसोर नेशनल पार्क एवं सरदारपुर वन्यजीव अभयारण्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

संभागायुक्त दीपक सिंह की अध्यक्षता में संभागायुक्त कार्यालय में डायनोसोर नेशनल पार्क एवं सरदारपुर वन्यजीव अभयारण्य के संबंध में बैठक संपन्न हुई। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से आयोजित इस बैठक में धार कलेक्टर प्रियंक मिश्र, उपायुक्त सपना लोवंशी, जिला वन मंडलाधिकारी सहित पंचायत एवं वन विभाग के अधिकारी शामिल हुए।

बैठक में संभागायुक्त सिंह ने बताया कि धार जिले के बाग तहसील में डायनोसोर नेशनल पार्क बनेगा। इस पार्क के चारों और बोरकुरी, रिसावाला, बयादीपुरा (पाडलिया) और गंगकुई (जामनियापुरा) ग्राम हैं। यह नेशनल पार्क भी अन्य नेशनल पार्कों की तरह इको सेंसेटिव झोन के अंतर्गत है। यह क्षेत्र वन्य जीव संरक्षण और पर्यावरण की दृष्टि से भी संरक्षित क्षेत्र है। यह नेशनल पार्क भोपाल और मेघनगर रोड़ के बीच में होगा। मेघनगर रेलवे स्टेशन से इसकी दूरी 95 किलो मीटर होगी, जबकि इंदौर रेलवे स्टेशन से 152 किलो मीटर और भोपाल रेलवे स्टेशन से दूरी 350 किलो मीटर होगी। इस नेशनल पार्क के आसपास बड़केश्वर महादेव मंदिर, हनुमान मंदिर, ऐतिहासिक बाग गुफाएं और किले हैं, जो पर्यटकों को यहां आने के लिए आकर्षित करेंगे। इस नेशनल पार्क में शीशम, नीम, आंवला सहित हजारों प्रजातियों के आयुर्वेदिक एवं औषधीय पेड़ होंगे। वहीं सियार, लोमड़ी जैसे वन्य जीव भी होंगे।

पर्यटकों की दृष्टि से भी यह पार्क सबको लुभाएगा। वर्तमान में यहां सालाना 15 हजार से अधिक पर्यटक आतें है। पार्क बन जाने के बाद पर्यटकों की संख्या में तेजी से वृद्धि होगी। इस क्षेत्र में घूमने का सबसे श्रेष्ठ समय अक्टूबर से लेकर दिसम्बर तक का होता है। उस समय तीन-चार गुना अधिक पर्यटक आते हैं। वीकेंड पर भी संख्या बढ़ जाती है।

### संभागायुक्त दीपक सिंह की अध्यक्षता में बैठक आयोजित

संभागायुक्त सिंह ने बताया कि डायनोसोर नेशनल पार्क को बनाते समय इस बात का पूरा ध्यान रखा जाएगा कि आदिवासी समाज के अधिकारों का हनन न हो। क्योंकि इस क्षेत्र में आदिवासी समाज बहुसंख्यक में है। इसलिए उनकी परंपरा, त्यौहार, उत्सव आदि का विशेष ध्यान रखा जायेगा। पार्क के माध्यम से प्रकृति संरक्षण का विशेष ध्यान रखा जाएगा। पार्क के समीप ऐसी गतिविधियां चलाई जाएगी जिससे प्रकृति को भी नुकसान नहीं पहुंचे और आदिवासी समाज को भी रोजगार मिल सके। क्षेत्र में बाग प्रिंट को बढ़ावा दिया जाएगा और युवाओं का स्कील डेवलपमेंट किया जाएगा। बैठक में सरदारपुर वन्यजारण्य पर भी विस्तार से चर्चा हुई। यह वन्यजीव अभयारण्य भी इको सेंसेटिव झोन के अंतर्गत होगा। इस वन्य जीव अभयारण्य में विभिन्न प्रकार के वन्यजीव जैसे लोमड़ी, बंदर, लंगूर, सियार सहित विभिन्न प्रकार के पक्षी भी




होंगे। विशेषकर खरमोर पक्षी का संरक्षण किया जाएगा। इस क्षेत्र में खरमोर पक्षी विशेष रूप से पाए जाते हैं। यहां टीक, बबूल, पलाश, अंजन जैसे कई पेड़ पौधों की विशाल श्रृंखला होगी। अभयारण्य में पर्यावरण का विशेष ध्यान रखा जाएगा। पर्यटकों को आकर्षित करने के विशेष प्रयास किये जाएंगे। मालवा और निमाड़ की दृष्टि से सरदारपुर वन्यजीव अभयारण्य महत्वपूर्ण केंद्र साबित होगा। यह जूलॉजी के विद्यार्थियों के सीखने के लिये महत्वपूर्ण केंद्र बन सकता है। बैठक में संबंधित अधिकारियों ने भी अपने सुझाव रखे।

भोपाल
बुधवार, 19 मार्च 2025
चैत्र मास कृष्ण पक्ष-5
वर्ष : 11, अंक : 352
पृष्ठ : 14 मूल्य : 4.00 **

मौसम
अधि. 32
न्यून. 19

# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com

रंगपंचमी की शुभकामनाएं



## भोपाल में पानी की टंकी में छिपाया था शव, 5 थानों के 100 पुलिसकर्मियों ने 36 घंटे तक की थी सर्चिंग

# करीब 6 महीने में मिला न्याय, 5 साल की बच्ची से रेप-मर्डर के दोषी को फांसी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

शाहजहांनाबाद इलाके में 5 साल की बच्ची के अपहरण, दुष्कर्म और जघन्य हत्या के आरोपी अतुल भालसे को कोर्ट ने मंगलवार को फांसी की सजा सुनाई है। वहीं, वारदात में उसका साथ देने वाली मां और बहन को भी दो-दो साल कैद की सजा दी है। विशेष न्यायाधीश कुमुदिनी पटेल ने इस मामले में तीनों को दोषी ठहराया है। घटना 24 सितंबर 2024 की है। बच्ची का अपहरण कर युवक ने उसके साथ दुष्कर्म किया और उसकी हत्या कर दी थी। बच्ची का शव उसी की मल्टी के एक बंद फ्लैट से बरामद किया ▶▶ शेष पेज 4 पर

### वारदात में साथ देने वाली मां बहन को 2-2 साल की कैद





### बच्ची के माता-पिता बोले-आरोपी की मां-बहन को मिले 10 साल की सजा


बच्ची की माता-पिता और दादी ने फैसले के बाद कहा- दोषी की मां और बहन को भी कम से कम 10 साल की सजा हो। क्योंकि, इन्होंने बच्ची के शव को अपने घर में छिपाकर रखा था। ये अपने बेटे को बचाने का प्रयास कर रही थी। जितना गुनहगार इनका बेटा है, उतने ही ये दोनों भी हैं। पुलिस ने गहन जांच के बाद फ्लैट में रहने वाले अतुल निहाले, उसकी मां बसंती बाई और बहन चंचल भालसे को गिरफ्तार कर लिया था। थाना शाहजहांनाबाद ने मामले की जांच पूरी करने के बाद 20 दिसंबर को आरोपियों के खिलाफ स्पेशल कोर्ट में आरोप पत्र दायर किया था। पुलिस ने आरोप पत्र के साथ डीएनए जांच रिपोर्ट, मेडिकल रिपोर्ट समेत अन्य दस्तावेज और पीड़िता ▶▶ शेष पेज 4 पर

### जहां लाश मिली वहां से बच्ची का फ्लैट 8 फीट दूर

*जिस फ्लैट से 5 साल की मासूम की लाश मिली थी, वह बच्ची के फ्लैट से महज 8 फीट दूर है। इसके बाद भी पुलिस लाश का पता नहीं लगा पा रही थी। जबकि, पुलिस लाश मिलने से दो बार पहले फ्लैट की तलाशी ले चुकी थी। पुलिस को लाश की भनक इसलिए भी नहीं लगी, क्योंकि आरोपी लाश छिपाने की जगह पर फिनाइल का पोंछा लगाते रहे, ताकि बदबू बाहर न फैल सके। पुलिस कमिश्नर के निर्देश पर 5 थानों का बल और 100 पुलिसकर्मियों को मासूम की तलाश में उतारा गया।* ▶▶ पढ़ें पेज 03 भी

#### बच्ची और आरोपी अदनान के डीएनए सैंपल मैच

## इंदौर में नाबालिग से रेप के दोषी को दोहरी उम्रकैद



10 साल की अतिरिक्त सजा भी

11वीं की छात्रा ने बेटी को जन्म दिया था

हरिभूमि न्यूज ▶▶ इंदौर

इंदौर में नाबालिग लड़की से दुष्कर्म के दोषी को जिला कोर्ट ने दोहरी उम्रकैद की सजा सुनाई है। दोषी को अन्य धाराओं में 10 वर्ष का सश्रम कारावास भी हुआ है। दरअसल, वारदात के 3 महीने बाद पेट दर्द होने पर पीड़िता ने अपनी मां को घटना के बारे में बताया था। जांच में पता चला कि उसे सात माह का गर्भ है। फिर नाबालिग ने बेटी को जन्म दिया था। इसके बाद मां के साथ लसूडिया थाने जाकर उसने आरोपी अदनान खान (21) के खिलाफ रेप का केस दर्ज कराया। रिपोर्ट के बाद पुलिस ने आरोपी अदनान को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी का नाम ▶▶ शेष पेज 4 पर

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

### खबर संक्षेप

#### मऊगंज हत्याकांड में शामिल 20 गिरफ्तार

**रीवा।** मऊगंज जिले के ग्राम गड़रा में पुलिसकर्मी और एक अन्य व्यक्ति की हत्या के बाद पुलिस का ताबड़तोड़ एक्शन जारी है। पुलिस ने इस मामले में 150 लोगों पर एफआईआर दर्ज की है। अब तक 20 आरोपियों को हिरासत में लिया है, इसमें कई महिलाएं भी शामिल हैं। अन्य आरोपियों की तलाश जारी है। पुलिस लगातार आरोपियों की तलाश में जुटी है।



#### नीट पीजी 2025: 15 जून को होगी परीक्षा

**नई दिल्ली।** नेशनल बोर्ड ऑफ एग्जामिनेशन इन मेडिकल साइंसेज ने नीट पीजी 2025 परीक्षा की घोषणा कर कर दी है। जारी नोटिफिकेशन के अनुसार, यह परीक्षा 15 जून, 2025 को आयोजित की जाएगी। परीक्षा दो शिफ्ट में कंप्यूटर आधारित टेस्ट (सीबीटी) प्रारूप में आयोजित की जाएगी।



#### प्रेमी जोड़े को पहनाई चप्पल-जूते की माला

**नर्मदापुरम।** यहां एक प्रेमी जोड़े को पंचायत ने गांव से बाहर निकाल दिया। दोनों से एक-दूसरे को जूते-चप्पल की माला पहनाई। इसके बाद गांव में जुलूस निकाला। पंचायत ने फरमान सुनाया कि कोई भी दोनों की मदद नहीं करेगा। जो भी सहानुभूति दिखाएगा उसके साथ भी यही किया जाएगा। मामला काजरी गांव में 16 मार्च रविवार का है।



#### संसद में बोले पीएम मोदी: महाकुंभ के रूप में पूरे विश्व ने भारत के विराट स्वरूप के दर्शन किए

# राम मंदिर व महाकुंभ ने बताया कि देश 1000 वर्षों के लिए कैसे तैयार हो रहा है

देश के हर क्षेत्र से, हर कोने से आए लोग एक हो गए और 'अहम' त्याग कर 'वयम' के भाव से प्रयागराज में जुटे

महाकुंभ से प्रेरणा लेते हुए हमें नदी उत्सव की परंपरा को नया विस्तार देना होगा हमें इस बारे में जरूर सोचना चाहिए जिससे वर्तमान पीढ़ी को पानी का महत्व समझ में आएगा और नदियों की साफ-सफाई के साथ-साथ नदियों की रक्षा भी होगी।

### ◆ 'सबका प्रयास' का महाकुंभ साक्षात स्वरूप

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पीएम नरेंद्र मोदी मंगलवार को लोकसभा में महाकुंभ के आयोजन पर बोले। उन्होंने इस दौरान इस आयोजन में योगदान देने वालों का धन्यवाद किया। पीएम ने कहा कि पिछले वर्ष अयोध्या के राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह ने हम सभी को यह अहसास कराया कि देश अगले 1000 वर्षों के लिए कैसे तैयार हो रहा है।

इस वर्ष महाकुंभ ने हमारी सोच को और मजबूत किया है, तथा देश की सामूहिक चेतना हमें देश के सामर्थ्य के बारे में बताती है। उन्होंने कहा कि महाकुंभ से अनेक अमृत निकले हैं और एकता का अमृत इसका बहुत पवित्र प्रसाद है। उन्होंने कहा कि महाकुंभ ऐसा आयोजन रहा जिसमें देश ▶▶ शेष पेज 4 पर

देश के इतिहास में कई ऐसे पल आए हैं जिन्होंने देश को नई दिशा दी और देश को झकझोर कर जागृत कर दिया




### मॉरीशस की यात्रा का भी किया जिक्र

उन्होंने अपनी हालिया मॉरीशस यात्रा का जिक्र करते हुए बताया कि मैं पिछले सप्ताह त्रिवेणी का पवित्र जल मॉरीशस लेकर गया था, जब उस जल को वहां के गंगा तालाब में प्रवाहित किया गया तो वहां बहुत ही उत्साह और आस्था का माहौल था।

### *अपनी विरासत से जुड़ने की परंपरा भारत की सबसे बड़ी पूंजी*

*मानव जीवन के इतिहास में ऐसे कई मोड़ आते हैं, जो पीढ़ियों को दिशा देते हैं। महाकुंभ के दौरान लोग सुविधा-असुविधा की चिंता छोड़कर इसमें शामिल हुए। पीढ़ी दर पीढ़ी हमारे संस्कारों के आगे बढ़ने का क्रम जारी है। आज भारत का युवा अपनी परंपरा अपनी आस्था और परंपरा को गर्व के साथ अपना बना रहा है। एक देश के रूप में हम बड़े लक्ष्यों को प्राप्त करने का भरोसा बढ़ा। अपनी विरासत से जुड़ने की परंपरा आज के भारत की सबसे बड़ी पूंजी है। युवा पीढ़ी भी पूरे भाव से महाकुंभ से जुड़ी। महाकुंभ पर सवाल उठाने वालों को जवाब मिला है। देश के कोने-कोने में आध्यात्मिक चेतना उभरी है। महाकुंभ से 'एकता का अमृत' और कई अन्य अमृत निकले हैं।*

#### स्वामी विवेकानंद, गांधी और नेताजी सुभाष चंद्र बोस को भी किया याद

मोदी ने स्वामी विवेकानंद के शिकागो सर्वधर्म सम्मेलन में दिए गए भाषण, गांधीजी के 'दांडी मार्च' और नेताजी सुभाष चंद्र बोस के 'दिल्ली चलो' का नारा देने जैसे ऐतिहासिक अवसरों का उल्लेख करते हुए कहा कि मैं प्रयागराज ▶▶ शेष पेज 4 पर

**राहुल गांधी ने कहा**

#### हम पीएम मोदी के कहे का समर्थन करते हैं

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संबोधन पर नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने कहा कि हम पीएम मोदी के कहे का समर्थन करते हैं, कुंभ हमारा इतिहास और संस्कृति है। हमारी केवल एक शिकायत है कि पीएम ने कुंभ में जान गंवाने वालों को श्रद्धांजलि नहीं दी।

### *महाकुंभ ने हमारे सामर्थ्य से जुड़ी शंकाओं और आशंकाओं का उचित जवाब दिया*

*महाकुंभ में हमने अपनी राष्ट्रीय चेतना के जागरण के विराट दर्शन किए हैं। यह हमें नए संकल्पों की सिद्धि के लिए प्रेरित करती है। महाकुंभ ने उन शंकाओं और आशंकाओं को उचित जवाब दिया है जो हमारे सामर्थ्य को लेकर कुछ लोगों के मन में रहती हैं। मैं देश के श्रद्धालुओं, उत्तर प्रदेश की जनता और विशेषकर प्रयागराज की जनता का धन्यवाद करता हूं। जिस तरह से गंगा को लाने के लिए भगीरथ प्रयास हुआ था उसी तरह का महाप्रयास महाकुंभ में दिखाई दिया। मैंने लाल किले से 'सबका प्रयास' पर जोर दिया था। पूरे विश्व ने महाकुंभ के माध्यम से भारत के विराट स्वरूप के दर्शन किए। 'सबका प्रयास' का यही साक्षात स्वरूप है।*

#### हाईकोर्ट ने सभी 17 याचिकाएं खारिज की

## यूपीएससी में गरीबों को आयु सीमा में नहीं मिलेगी 'छूट'

### हाईकोर्ट ने ओबीसी उम्मीदवारों की 9 अटेम्प्ट की याचिका भी खारिज की



हरिभूमि न्यूज ▶▶ जबलपुर

यूपीएससी की परीक्षाओं में गरीबों को आयु सीमा में छूट नहीं मिलेगी। मध्यप्रदेश हाईकोर्ट ने आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (ईडब्ल्यूएस) के उम्मीदवारों ऐसी छूट देने संबंधी सभी 17 याचिकाएं खारिज कर दी है। जबलपुर हाईकोर्ट ने अपने फैसले में कहा कि एससी,एसटी, ओबीसी की तरह ईडब्ल्यूएस को आयु सीमा में छूट देने का प्रावधान नहीं है। साथ ही कोर्ट ने सेंट्रल ओबीसी की तरह स्टेट ओबीसी उम्मीदवारों को परीक्षा में 9 अटेम्प्ट देने की मांग भी खारिज कर दी है।

बता दें कि मध्यप्रदेश के मैहर के आदित्य नारायण पांडेय सहित अन्य ने हाईकोर्ट में याचिका लगाकर ईडब्ल्यूएस कैंडिडेट्स के लिए राहत की मांग की थी। 2025 में 979 पदों के लिए यूपीएससी की प्रारंभिक परीक्षा 25 मई को आयोजित की जाएगी।

### *कोर्ट के फैसले में क्या कहा गया?*

*ओबीसी, एससी, एसटी को मिलने वाला आरक्षण राज्य और केंद्र में अलग-अलग होता है, इसलिए राज्य में मिलने वाली सुविधा केंद्र में लागू करने का दावा नहीं किया जा सकता। केंद्र सरकार की गाइडलाइन के अनुसार, ईडब्ल्यूएस वर्ग को आयु में छूट देने या ज्यादा अटेम्प्ट देने का कोई संवैधानिक या कानूनी प्रावधान नहीं है। इसलिए ईडब्ल्यूएस उम्मीदवारों को यूपीएससी परीक्षा में एससी,एसटी,ओबीसी जैसी छूट नहीं दी जा सकती। इससे पहले, मध्य प्रदेश हाईकोर्ट ने आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (ईडब्ल्यूएस) के उम्मीदवारों को 18 फरवरी को बड़ी अंतरिम राहत दी थी। इसमें सिविल सेवा परीक्षा-2025 (यूपीएससी) में ईडब्ल्यूएस वर्ग के उम्मीदवारों को अन्य आरक्षित वर्गों की तरह आयु सीमा में 5 साल की छूट और 9 बार परीक्षा देने का मौका देने की बात कही गई थी। हालांकि, यह कोर्ट का अंतिम फैसला नहीं था। सुनवाई बाकी थी।*

#### छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस की छत पर एक बंदर चढ़ गया

## आगरा से ग्वालियर...एसी बोगी की 'छत पर चढ़कर' बंदर ने रेलवे को खूब छकाया, एक घंटे लेट हो गई ट्रेन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ग्वालियर

अमृतसर से बिलासपुर जा रही छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस में मंगलवार को एक अजीब घटना हुई। एक बंदर ट्रेन की छत पर चढ़ गया और खूब उत्पात मचाया। करंट लगने से वह घायल हो गया। घायल बंदर लगभग 160 किलोमीटर का सफर तय करके डबरा रेलवे स्टेशन पहुंचा। यहां आरपीएफ के जवानों ने उसे बचाया।

■ ये बंदर आगरा कैंट पर एसी बोगी की छत पर चढ़कर करंट से घायल हो गया



इस घटना की वजह से ट्रेन करीब एक घंटे से ज्यादा लेट हो गई। दरअसल, यह सब आगरा कैंट स्टेशन पर शुरू हुआ। एक बंदर एसी बोगी की छत पर चढ़ गया। वहां उछल-कूद करते समय वह करंट की चपेट में आ गया और ▶▶ शेष पेज 4 पर

#### बंदर फिर दिखाई दिया

ट्रेन फिर से चल पड़ी। कुछ देर बाद बंदर फिर से दिखाई दिया। तुरंत ट्रेन को डबरा में रोका गया। कड़ी मशक्कत के बाद बंदर को ट्रेन की छत से उतारा गया। आरपीएफ कर्मी रामनिवास शर्मा ने बताया कि ट्रेन को बिजली की सप्लाई से अलग किया गया। इसके बाद बंदर को नीचे उतारा गया। उन्होंने कहा कि ट्रेन को बिजली की कैनेटविटी से दूर किया गया और बंदर को उतरा गया। इस घटना की वजह से ट्रेन लगभग एक घंटे से ज्यादा लेट हो गई। यात्रियों को काफी परेशानी हुई।

#### डीबीटी के माध्यम से सामाजिक कल्याण निधि आवंटित की

## अमेरिका के डीओजीई की तरह पीएम मोदी के मॉडल ने भारत में बचाए 'पांच लाख करोड़'

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हाल ही में लोकप्रिय अमेरिकी पॉडकास्टर लेक्स फ्रिडमैन के साथ साक्षात्कार में बताया कि उनकी सरकार ने देश में जनकल्याण योजनाओं के फंड की बर्बादी को रोककर सरकारी तंत्र की दक्षता बढ़ाने का काम पहले ही कर दिया है। यह ठीक वैसा ही है जैसा अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के हाल ही में शुरू किए गए डिपार्टमेंट ऑफ गवर्नमेंट एफिशिएंसी (डीओजीई) का लक्ष्य है। पीएम मोदी ने इस बात पर प्रकाश डाला कि जब वह सत्ता में आए, तो उन्होंने सामाजिक कल्याण के लिए प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण (डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर) प्रणाली शुरू की, जिसने विभिन्न योजनाओं ▶▶ शेष पेज 4 पर

■ अब हर साल लगभग 64,000 करोड़ की बचत हो रही



### फर्जी निकासी के कारण होने वाले लीकेज को रोका

*एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि भ्रष्ट एलिमेंट द्वारा फर्जी निकासी के कारण होने वाले लीकेज को रोकने के साथ अब हर साल लगभग 64,000 करोड़ की बचत हो रही है। इसी के साथ कुल बचत अब लगभग 5 लाख करोड़ हो गई है। यह ठीक वैसा ही है जो एलन मस्क के नेतृत्व वाले डीओजीई कार्यक्रम ने अमेरिका में पाया है, जहां सामाजिक सुरक्षा लाभ ऐसे लोगों को दिए जा रहे थे जो अब जीवित नहीं हैं।*

#### चुनाव आयोग और गृह मंत्रालय की बैठक में फैसला

## अब वोटर आईडी से लिंक होगा आधार कार्ड, राजनीतिक दलों से मांगे सुझाव

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

चुनाव आयोग ने वोटर आईडी को आधार से जोड़ने को लेकर बड़ा फैसला लिया है। मंगलवार को मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार की अध्यक्षता में हुई हाई लेवल मीटिंग में इस पर चर्चा हुई। आयोग ने साफ किया कि यह प्रक्रिया पूरी तरह संविधान और सुप्रीम कोर्ट के फैसले के तहत ही होगी। चुनाव आयोग ने स्पष्ट किया कि वोटर आईडी को आधार से जोड़ने की प्रक्रिया संविधान के अनुच्छेद 326 और जन प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1950 की धारा 23(4), 23(5) और 23(6) के तहत होगी। आयोग ने सुप्रीम कोर्ट के फैसले का हवाला देते हुए कहा कि आधार कार्ड सिर्फ पहचान का प्रमाण है, नागरिकता का नहीं। ▶▶ शेष पेज 4 पर



### *तकनीकी विशेषज्ञों के साथ चर्चा होगी शुरू*

*चुनाव आयोग और आधार कार्ड जारी करने वाली संस्था यूआईडीएआई के तकनीकी विशेषज्ञ जल्द ही इस पर काम शुरू करेंगे। इस पूरी प्रक्रिया को साइबर सुरक्षा और डेटा प्राइवेसी का ध्यान रखते हुए किया जाएगा, ताकि कोई भी नागरिकता से जुड़ा भ्रम न फैले। मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने पद संभालने के बाद चुनाव सुधारों को तेज कर दिया है। चुनाव आयोग आगामी चुनावों को ज्यादा पारदर्शी* ▶▶ शेष पेज 4 पर

#### पूरे प्रदेश के न्यूनतम पारे में औसतन डेढ़ डिग्री की गिरावट, नौगांव में सर्वाधिक 7 डिग्री गिरा


सबसे अधिक दिन का पारा मंडला में 36.6 डिग्री रहा

## आज हल्के बादल, कल से दर्जनभर जिलों में बारिश का दौर, भोपाल में पड़ेंगी बौछारें

### सबसे कम न्यूनतम पारा शाजापुर में 12.9 डिग्री रहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी सहित प्रदेशभर में अभी दिन और रात में कुछ राहत घुली हुई है। दो दिनों के बीच कुछ जिलों में बादल, बौछारों के बाद हवाओं में ठंडक घुली है। बुधवार से कुछ जिलों में बादलों का असर रहेगा, जबकि गुरुवार से शनिवार के बीच भोपाल सहित अधिकांश जिलों में गरज-चमक के साथ बादल, बारिश और बौछारों का सिलसिला शुरू होगा। यह प्रदेश में तीन दिन चलेगा। मंगलवार को कुछ जिलों में हल्के बादलों से धूप का असर कम रहा। इससे दिन और रात में औसत तापमान सामान्य से नीचे बना हुआ है। आसमान ▶▶ शेष पेज 4 पर



#### 25 के बाद बढ़ेगी गर्मी

20 से 25 मार्च के बीच गर्मी का असर काफी कम रहेगा। दिन का पारा औसतन 28 से 30 डिग्री के बीच रहेगा, जबकि रात का 17 से 20 डिग्री तक रहने की उम्मीद है। 25 मार्च के बाद से धूप का असर बढ़ेगा। इससे 31 मार्च तक फिर से गर्मी का पारा 37 से 40 डिग्री के बीच तक पहुंचने की उम्मीद है।

#### कब-कहां होगी बारिश?

शुक्ला के अनुसार 19 मार्च को आमतौर पर मौसम साफ रहेगा। कुछ जगह बादल रहेंगे। 20 मार्च को छतरपुर, दमोह, कटनी, जबलपुर, नरसिंहपुर, सिवनी, छिंदवाड़ा, बालाघाट आदि जिलों में कहीं कहीं बौछारें या बारिश होने की उम्मीद है। यह क्रम अगले दिन 21 मार्च को भी चलेगा। इन जिलों के साथ भोपाल, सीहोर, विदिशा, शिवपुरी, अशोकनगर, रायसेन, भिंड, मुरैना सहित आधे से ज्यादा प्रदेश में बारिश और बौछारें पड़ेंगी। 22 मार्च को बारिश और बादलों में कमी आने लगेगी। कुछ जिलों में बादल, गरज चमक के साथ बारिश होगी। 23 मार्च तक मौसम फिर से साफ हो जाएगा, लेकिन तापमान में ज्यादा बढ़त नहीं होगी।

**बजट सत्र की झलकियां...**










### सदन से सर्वसम्मति से बजट वर्ष 2025-26 को पारित करने का किया आह्वान

# बजट में कोई नया कर नहीं लगाया न ही कर की दरें बढ़ाईं: वित्त मंत्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

उप मुख्यमंत्री (वित्त) जगदीश देवड़ा ने कहा कि राज्य सरकार ने बजट में कोई नया कर नहीं लगाया है और न ही कर की दरें बढ़ाई हैं। उन्होंने बताया कि



राजकोषीय घाटा और ऋण प्रबंधन अधिनियम के प्रावधानों के अनुसार किया जा रहा है। यह बजट जनता का बजट है, विकास और पारदर्शिता का प्रतीक है। सरकार ने सभी वर्गों के कल्याण को ध्यान में रखते हुए बजट तैयार किया है। प्रधानमंत्री मोदी के दिए गए 'ज्ञान के मंत्र' के तहत गरीब, युवा, अन्नदाता और नारी इन चार वर्गों पर विशेष ध्यान दिया गया है।

उप मुख्यमंत्री देवड़ा विधानसभा बजट सत्र में चर्चा के दौरान अपना वक्तव्य दे रहे थे। उन्होंने कहा कि बजट तैयार करने में जनता और विषय विशेषज्ञों से प्राप्त 1500 से अधिक सुझावों को शामिल किया गया है। इसके अलावा मेरा बजट नामक एक पुस्तिका भी प्रकाशित की गई है, जिसमें बजट का पूरा लेखा-जोखा और क्यूआर कोड के माध्यम से विस्तृत जानकारी दी गई है।

*उप मुख्यमंत्री देवड़ा ने विधानसभा बजट सत्र में दिया अपना वक्तव्य*




#### राजकोषीय अनुशासन का पालन, कोई नया कर नहीं

उप मुख्यमंत्री देवड़ा ने स्पष्ट किया कि सामान्य ऋण सीमा 3% निर्धारित है, जबकि भारत सरकार की विशेष पूंजीगत योजना के तहत 0.65% और 2021-24 के दौरान उपयोग न की गई ऋण सीमा का 1.01% का प्रावधान है। सभी प्रावधान भारत सरकार के दिशा-निर्देशों के अनुरूप हैं।

#### मप्र के विकास के लिए लिया गया ऋण

उप मुख्यमंत्री देवड़ा ने विपक्ष द्वारा ऋण को लेकर की गई टिप्पणियों का जवाब देते हुए कहा कि सरकार ने ऋण लेकर आधारभूत संरचना और विकास कार्यों में निवेश किया है। कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में पूंजीगत व्यय बजट का केवल 9% था, जबकि आज यह 21% तक पहुंच गया है। 2003 में सिंचाई का रकबा मात्र 7 लाख हेक्टेयर था, जो अब बढ़कर 55 लाख हेक्टेयर हो गया है। प्रदेश में माइक्रो सिंचाई योजनाओं के तहत निरंतर कार्य किए जा रहे हैं, जिससे किसानों को सीधा लाभ मिल रहा है।

#### प्रधानमंत्री आवास योजना में हर व्यक्ति को पक्का घर

प्रधानमंत्री आवास योजना का उल्लेख करते हुए कहा कि सरकार ने प्रत्येक व्यक्ति को पक्का घर उपलब्ध कराने का लक्ष्य रखा है। विद्यार्थियों के लिए विदेश अध्ययन के लिए छात्रवृत्ति की व्यवस्था की है।

#### नवीन नियुक्ति में मूल वेतन का संरक्षण दिए जाने के नीतिगत निर्णय लिए

*भोपाल विधानसभा में मंगलवार को बजट पर चर्चा के दौरान स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग के स्वशासी चिकित्सा महाविद्यालयों में कार्यरत चिकित्सकों को पूर्व सेवा का लाभ एवं उनके वेतन सरंक्षण (पे-प्रोटेक्शन) का लाभ दिए जाने का मुद्दा उठा। स्वशासी संस्था में यदि चिकित्सकों को नवीन पद के निर्धारित लेवल में न्यूनतम वेतन से अधिक वेतन प्राप्त है, तो राज्य शासन अंतर्गत सेवा में उपस्थित होने पर उनके मूल वेतन का संरक्षण किया जाएगा। उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा कि सरकार ने नवीन शासकीय चिकित्सा महाविद्यालयों के सुचारू संचालन तथा प्रदेश के आमजन को बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराए जाने के लिए चिकित्सकों की उपलब्धता सुनिश्चित करने चिकित्सकों का शासकीय चिकित्सा महाविद्यालयों में चयन होने पर नवीन नियुक्ति में मूल वेतन का संरक्षण दिए जाने के नीतिगत निर्णय लिए हैं। उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने कहा कि चिकित्सकों की शासकीय सेवा में पदस्थापना होने पर वेतनमान/मेट्रिक्स लेवल संबंधित नवीन पद के अनुसार ही होगा। नए पद पर नियुक्ति के फलस्वरूप पुराने पद के मूल वेतन के बराबर के प्रक्रम में नए पद के वेतनमान/मेट्रिक्स लेवल में वेतन प्राप्त होगा। यदि पूर्व में आहरित वेतन का प्रक्रम, नवीन वेतनमान/मेट्रिक्स लेवल में नहीं है, तो वह नवीन वेतनमान / मेट्रिक्स लेवल में समकक्ष वेतन के ठीक निचले प्रक्रम पर वेतन निर्धारित कर अंतर की राशि व्यक्तिगत वेतन के रूप में देय होगी, जो कि आगामी वेतनवृद्धि में समायोजित होगी।*

### सभी मंत्री करें अधिकारियों के साथ मीटिंग

## अनुपूरक बजट का 31 मार्च तक किया जाए समुचित उपयोगः सीएम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि वित्तीय वर्ष 2025-26 के बजट में विभागवार निर्धारित की गई राशि के नियमानुसार और समुचित व्यय के संबंध में सभी मंत्री विभाग स्तर पर विभागीय सचिवों और विभागाध्यक्षों के साथ बैठकें आयोजित करें। इन बैठकों में मदवार स्वीकृत राशि के व्यय और बेहतर क्रियान्वयन के संबंध में रणनीति भी तैयार करें। साथ ही केन्द्रांश की भी सतत मॉनीटरिंग की जाए।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मंगलवार को मंत्रालय में केबिनेट बैठक के पहले मंत्रियों से चर्चा में कहा कि विभिन्न विभागों को केपिटल मद में अनुपूरक बजट में स्वीकृतियां दी गई हैं। जल संसाधन, लोक निर्माण, नर्मदा घाटी विकास, ऊर्जा, कृषि, नगरीय विकास और आवास, वन, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, उच्च शिक्षा, नवकरणीय ऊर्जा, ग्रामीण विकास और खाद्य विभाग ने 31 मार्च तक अनुपूरक बजट में स्वीकृत राशि के नियमानुसार और समुचित रूप से उपयोग की व्यवस्था की जाए। कैपिटल मद में 11 हजार 317 करोड़ और रेवेन्यू मद में 7 हजार 889 करोड़ रूपए अनुपूरक में स्वीकृत किए गए हैं।

#### 30 मार्च से चलेगा जल गंगा संवर्धन अभियान 2025

*मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने जल गंगा संवर्धन अभियान-2025 का उल्लेख करते हुए कहा कि गुड़ी पड़वा 30 मार्च से 30 जून तक अभियान के तहत जल स्त्रोतों के संरक्षण और पुनर्जीवन का कार्य किया जाएगा। जलाशयों की सफाई, पौधे लगाने, छोटी नदियों, तालाबों और अन्य जल संरचनाओं के संरक्षण के कार्य किए जाएंगे। इन कार्यों में आमजन की भागीदारी भी रहेगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बताया कि प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्रों में गत वर्ष इस अभियान में लगभग एक हजार करोड़ की लागत से 38 हजार से अधिक कार्यों का क्रियान्वयन किया गया।*

### परिवहन घोटाले के तार भाजपा के मंत्रियों से जुड़ेः सिंह

## कांग्रेस विधायकों ने परिवहन घोटाले को लेकर दर्ज कराई अपनी शिकायत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

इन दिनों मध्य प्रदेश विधानसभा में बजट सत्र चल रहा है। इस दौरान प्रमुख विपक्षी दल कांग्रेस सरकार पर लगातार हमलावर है। मंगलवार को कांग्रेस के दर्जनभर विधायक परिवहन घोटाले मामले को लेकर ईओडब्ल्यू ऑफिस पहुंचे। कांग्रेस विधायकों का कहना है कि सौरभ शर्मा मामले को लेकर कांग्रेस प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से भी शिकायत करेगी। कांग्रेस ने कहा कि जांच एजेंसियों पर सरकार का दबाव है, इसलिए बड़े मगरमच्छों के नाम सामने नहीं आ रहे हैं। नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने कहा कि हम प्रधानमंत्री मोदी को पत्र लिखकर और ऑनलाइन शिकायत कर रहे हैं।

इस दौरान नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि कांग्रेस भ्रष्टाचार के खिलाफ है। ये प्रदेश की जनता का पैसा है। कोई मंत्री अगर इस प्रकार से प्रॉपर्टी बनाएगा, घोटाले करेगा तो क्या हम चुप बैठेंगे? मानहानि के सवाल पर उन्होंने कहा कि हम नोटिस का जवाब देंगे। कांग्रेस विधायक जयवर्धन सिंह ने कहा कि ट्रांसपोर्ट घोटाले के तार भाजपा के मंत्रियों के साथ जुड़े हैं। हमारे पास प्रमाण भी हैं कि इन लोगों ने घोटाले में बड़ी भूमिका निभाई है। इसमें निष्पक्ष जांच की मांग हमने की। सौरभ शर्मा की इनोवा भाजपा के भ्रष्टाचार का सबसे बड़ा प्रमाण है। जयवर्धन ने कहा कि भाजपा के लोगों से मैं आग्रह करूंगा कि वे अपनी पार्टी का ध्यान रखें। कांग्रेस क्या कर रही है? क्या आगे करेगी? वो हम जानते हैं।

#### कैग रिपोर्ट पर कमलनाथ बोले

*पूर्व सीएम कमलनाथ ने कैग रिपोर्ट पर कहा कि अभी तो आधा खुलासा हुआ है। पूरा खुलासा नहीं हुआ है। कैग रिपोर्ट में सरकारी योजनाओं में गड़बड़ी के मामले में ग्वालियर पूर्व से कांग्रेस विधायक सतीश सिकरवार ने कहा कि मध्य प्रदेश में सरकार की गड़बड़ी उजागर हो रही है।*

## नींव मजबूत होगी तो भविष्य मजबूत होगाः मंत्री निर्मला

**भोपाल।** महिला बाल विकास मंत्री सुश्री निर्मला भूरिया 'पोषण भी-पढ़ाई भी' पर एक दिवसीय कार्यशाला का शुभारंभ करते हुए कहा कि हमारी नींव मजबूत होगी तो आने वाला भविष्य मजबूत होगा। सक्षम आंगनबाड़ी मिशन 2.0 के तहत पोषण भी पढ़ाई भी कार्यक्रम केन्द्र सरकार का एक महत्वाकांक्षी प्रशिक्षण कार्यक्रम है। यह प्रशिक्षण राष्ट्रीय प्रारंभिक बाल्यावस्था देखभाल और शिक्षा तथा पोषण सेवा प्रदान करने की क्षमता विकसित करने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है। मंत्री भूरिया मंगलवार को राजधानी के होटल में कार्यशाला में बोल रही थीं। उन्होंने कहा कि वर्ष 2023 में शुरू इस पहल का उद्देश्य बच्चों की देखभाल और शिक्षा पर आंगनवाड़ी प्रणाली पर ध्यान केन्द्रित किया जा सके। आंगनबाड़ी केन्द्र को उच्च गुणवत्ता वाली बुनियादी सुविधाओं, खेल के उपकरण, प्रशिक्षित आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के साथ शिक्षण केन्द्र परिवर्तित किया जा सके। उन्होंने कहा कि इससे 6 वर्ष के कम उम्र के बच्चों (विशेषकर दिव्यांग बच्चों) के रचनात्मक, सामाजिक विकास को प्रोत्साहित किया जा सके।

### प्रधानमंत्री मोदी ने नवदंपतियों को दिया आशीर्वाद...




**भोपाल।** केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान के दोनों सुपुत्र कार्तिकेय और कुणाल के विवाह पश्चात नई दिल्ली में आयोजित आशीर्वाद समारोह में देश की जानी मानी हस्तियां पहुंची। इस बीच, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उद्योगपति गौतम अडाणी ने समारोह में पहुंचकर नवदंपतियों को अपना आशीर्वाद दिया।

### नई शिक्षा नीतिः सरकारी स्कूलों में नर्सरी में बच्चों को भेजने का प्रावधान कर रहे

## 1 अप्रैल से प्रवेश उत्सव अभियान, हैंड ओवर टेक ओवर भी होगा शुरूः स्कूल शिक्षा मंत्री

**भोपाल।** नई शिक्षा नीति के तहत सरकारी स्कूलों में नर्सरी में बच्चों को भेजने का प्रावधान कर रहे है। स्कूल शिक्षा विभाग 1 अप्रैल से प्रवेश उत्सव अभियान चलाएगा। प्रवेश उत्सव अभियान में हम मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, मंत्रीगणों, विधायकों एवं जनप्रतिनिधियों से शामिल होने का आग्रह करेंगे। यह बात सोमवार को स्कूल शिक्षा मंत्री उदय प्रताप सिंह ने कही। सिंह ने कहा कि राजनीतिक पृष्ठभूमि से हटकर सभी सरकारी स्कूलों में बच्चों के प्रवेश में भूमिका निभाए, ताकि सरकारी स्कूलों में बच्चों की संख्या में वृद्धि हो। हैंड ओवर-टेक ओवर की प्रक्रिया भी शुरुआत करेंगे। जिसका दारोमदार प्राइमरी स्कूल के हेडमास्टर को सौंपेंगे।

### महायोगी दादा गुरुजी की नर्मदा सेवा परिक्रमा यात्रा का समापन

## सिंहस्थ से पहले किया जाएगा ओंकारेश्वर लोक का विकासः मुख्यमंत्री डॉ. यादव

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि सिंहस्थ-2028 को भव्य बनाने के लिए सभी प्रयास किए जा रहे हैं। उज्जैन में महाकाल लोक के निर्माण से मध्यप्रदेश के धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा मिला है। सिंहस्थ से पहले ओंकारेश्वर लोक का विकास किया जाएगा। ओंकारेश्वर धाम भी आने वाले समय में जगमगाएगा। इसके लिए सभी व्यवस्थाएं जुटाई जाएंगी।

उन्होंने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण ने जहां लीलाएं की और जहां उनके चरण पड़े, उन सभी देवस्थानों को तीर्थ के रूप में विकसित किया जाएगा। डॉ. यादव मंगलवार को ओंकारेश्वर में अवधूत सिद्ध महायोगी दादा गुरुजी की तृतीय चरण मां नर्मदा सेवा परिक्रमा यात्रा के समापन कार्यक्रम में बोल रहे थे। उन्होंने ओंकारेश्वर स्थित गोमुख घाट पर मां नर्मदा का मंत्रोच्चार के बीच पूजन और ओंकारेश्वर ज्योतिर्लिंग महादेव के दर्शन कर जलाभिषेक किया। यह यात्रा मां नर्मदा, धर्म, धरा, धेनु, प्रकृति, पर्यावरण संरक्षण-संवर्धन के लिए समर्पित थी।

### ओंकारेश्वर ज्योतिर्लिंग महादेव के दर्शन कर किया जलाभिषेक





#### सभी को लेना चाहिए सत्कर्म करने का प्रण

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि दादा गुरुजी की तृतीय चरण मां नर्मदा सेवा यात्रा का समापन हुआ है। यह एक अद्भुत यात्रा थी। उन्होंने श्री दादा गुरुजी को प्रणाम कर आशीर्वाद प्राप्त किया। सब अपने कर्मों के अनुसार पुण्य अर्जित करते हैं। इसलिए हम सबको सत्कर्म करने का प्रण लेना चाहिए।

#### बाबा ओंकारेश्वर से की सुख-समृद्धि की कामना

*मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने अवधूत सिद्ध महायोगी दादा गुरुजी के साथ ओंकारेश्वर ज्योतिर्लिंग महादेव के दर्शन कर जलाभिषेक किया। उन्होंने बाबा ओंकारेश्वर से प्रदेश की सुख-समृद्धि, विकास और कल्याण की प्रार्थना की। डॉ. यादव पुल से ओंकारेश्वर ज्योतिर्लिंग के दर्शन करने पैदल पहुंचे। उन्हें ओंकारेश्वर ज्योतिर्लिंग ट्रस्ट के ट्रस्टी राव देवेंद्र सिंह चौहान, सहायक सीईओ अशोक महाजन सहित अन्य ट्रस्टी गण ने प्रतीक स्वरूप बाबा ओंकारेश्वर ज्योतिर्लिंग का चित्र भेंट किया। नर्मदा समापन यात्रा में पंचायत एवं ग्रामीण विकास व श्रम विभाग मंत्री प्रहलाद पटेल, मान्धाता विधायक नारायण पटेल, जिला पंचायत अध्यक्ष पिंकी वानखेड़े, महापौर अमृता यादव सहित विभिन्न जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी मौजूद थे।*

### पूर्व पत्नी लगा चुकी महिला की हत्या का आरोप

## मंत्री गोविंद बोले, सिंघार की अनेक पत्नियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार हाल ही में गोविंद सिंह राजपूत के प्रॉपर्टी के दस्तावेजों को लेकर लोकायुक्त के पास पहुंचे थे और उनके खिलाफ जांच की मांग की। इसके दूसरे दिन मंत्री गोविंद राजपूत ने भी नेता प्रतिपक्ष पर पलटवार किया है।

उन्होंने सदन के बाहर मीडिया से चर्चा में कहा कि मैं कांग्रेस की वरिष्ठ नेता सोनिया गांधी से आग्रह करता हूं कि सिंघार का चाल-चरित्र ठीक नहीं है, इसलिए तत्काल उनको नेता प्रतिपक्ष के पद से ही हटा देना चाहिए। मैंने नेता प्रतिपक्ष के झूठे आरोप लगाने पर 20 करोड़ रुपए का नोटिस पहले ही दिया हुआ है। उमंग सिंगार कहीं से मैनेज होकर मेरे ऊपर लगातार आरोप लगा रहे हैं। ऐसा लगता है कि उन्होंने किसी से आरोप लगाने की सुपारी ले ली है। उनके बारे में सब जानते हैं कि वे पहले शराब माफिया, रेत माफिया एवं अनेक भष्ट्राचारों में शामिल रहे हैं। जब इनकी सच्चाई दिग्विजय सिंह को पता लगी थी तो सिंघार ने वरिष्ठ नेता के बारे में अनर्गल टिप्पणी की थी। सिंघार का चाल-चरित्र-चेहरा देश जान चुका है। इनकी अनेक पत्नियां हैं। इनकी पूर्व पत्नी द्वारा इनके ऊपर एक महिला की हत्या का आरोप लगाया गया है, जो सुप्रीम कोर्ट में विचाराधीन है। इसके अलावा अनेक आरोप भी इनकी पत्नी ने लगाए हैं। सिंघार 2 करोड़ की डिफेंडर कार में घूमते हैं। अनेक बेमानी संपत्ति के मालिक हैं। कांग्रेस में ऐसे नेता प्रतिपक्ष रहे तो पार्टी का सफाया निश्चित है।

रमज़ान मुबारक
इफ्तार 06.37 शाम (बुध)
सहरी 05.02 सुबह (गुरु)



# कोर्ट ने कहा: यदि मृत्युदंड से कोई बड़ी सजा है तो आरोपी उसी का पात्र है...

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

राजधानी के शाहजहांनाबाद इलाके में 5 साल की मासूम बच्ची के अपहरण, दुष्कर्म और हत्या के मामले में विशेष न्यायाधीश (पॉक्सो एक्ट) कुमुदिनी पटेल की अदालत ने ऐतिहासिक फैसला सुनाया है। मामले में कोर्ट ने आरोपी अतुल निहाले को पॉक्सो एक्ट सहित विभिन्न धाराओं में दोषी पाते हुए फांसी की सजा सुनाई है। प्रकरण में 24 सितंबर 2024 को एफआईआर दर्ज हुई थी, जिसके बाद 5 माह 24 दिन में यह फैसला आया है।

लोक अभियोजक के अनुसार, अपने फैसले में कोर्ट ने सख्त टिप्पणी करते हुए कहा कि आरोपी की पैशाचिक प्रवृत्ति, अपराध का तरीका उसकी धूर्तता व चालाकी को दर्शाता है। खून को पोंछने के बाद मासूम के पैरों को बांधकर शव को पोटली में लपेटकर बाथरूम के उपर रखी प्लास्टिक की टंकी में रखकर व पुलिस के साथ बच्ची को ढूंढने का प्रयास यह स्पष्ट दर्शाता है कि उसने संपूर्ण होश-हवास मे अपने कुकृत्य को अंजाम दिया।



## मासूम को मिला इंसाफ : एफआईआर दर्ज होने के 5 माह 24 दिन में न्यायालय का ऐतिहासिक फैसला

*नवीन दाण्डिक कानून में मप्र में पहली बार किसी दोषी को मृत्युदण्ड की सजा*

*राजधानी के शाहजहांनाबाद में 5 साल की बच्ची का अपहरण कर युवक ने बलात्कार करने के बाद की थी नृशंस हत्या*

### आरोपी पैशाचिक प्रवृति का, इसलिए उचित दण्ड देना जरूरी



*अभियुक्त के कृत्य से यह स्पष्ट रूप से दिखता है कि यदि अभियुक्त को उचित दण्ड नहीं दिया गया तो समाज के सामाजिक मूल्यों व व्यक्तिगत जीवन को कितना बड़ा खतरा पैदा होगा इसकी परिकल्पना भी नहीं की जा सकती और उसके द्वारा किए गए अपराध की प्रकृति को देखते हुए इसकी बिल्कुल भी परिकल्पना नहीं की जा सकती कि अभियुक्त में कोई सुधार होने की गुजाईश है। कोर्ट ने कहा कि इस प्रकरण मे 5 वर्ष की बच्ची को जिस तरह से तड़पाकर, बलात्कार कर हत्या की है, यह अपराध दुलर्भतम श्रेणी मे नहीं आएगा तो सोच से परे है, यदि हम बच्चों को ऐसा समाज नहीं दे सकते हैं कि वह अपने ही आंगन, घर, स्कूल में खेल सकें, तो फिर सभ्य समाज की परिकल्पना कैसे की जा सकती है। जबकि सामाजिक सुरक्षा भारत के संविधान का मूलभूत तत्व है। यदि मृत्युदण्ड से कोई बड़ी सजा है तो आरोपी उसका पात्र है।*

### दुर्लभतम मामलों की श्रेणी में यह प्रकरण जहां अन्य सजा का सवाल निःसंदेह समाप्त

*लोक अभियोजक के अनुसार, कोर्ट ने कहा कि अभियुक्त अत्यंत क्रूर, निर्मम, घोर, परपीड़क व पाशविक स्वरूप का है। प्रकरण में अभियुक्त के पक्ष में गंभीर एवं उपशमनकारी परिस्थितियों पर विचार कर इस न्यायालय का यह निष्कर्ष है कि गंभीर परिस्थितियों, उपशमनकारी परिस्थितियों से अधिक है तथा यह स्पष्ट है कि यह प्रकरण दुर्लभतम मामलों की श्रेणी मे आता है, जहां अन्य सजा का सवाल निःसंदेह समाप्त हो जाता है। यदि कोई मामला है जिसके लिए मौत की सजा दी जानी चाहिए तो वह यही मामला है।*

### बहाने हुए बेकार
### सुनवाई के दौरान कई अहम मोड़ आए डीएनए कराने पर वह पॉजिटिव आया

*संभागीय जनसम्पर्क अधिकारी मनोज त्रिपाठी के अनुसार, नवीन दाण्डिक कानून में मध्यप्रदेश में पहली बार किसी आरोपी को मृत्युदण्ड की सजा दी गई है। प्रकरण के सुनवाई के दौरान कई अहम मोड़ आए। डीएनए कराए जाने पर डीएनए पॉजिटिव आया था। अभियोजन द्वारा प्रस्तुत समस्त साक्षियों के परिप्रेक्ष्य मे न्यायालय द्वारा आरोपीगण को दोषसिद्धि किया गया था। दण्ड के प्रश्न पर सुनवाई के दौरान बचाव पक्ष के अधिवक्ता द्वारा आरोपी अतुल का 2015 का एक पर्चा जिसमें बीएमडी इन मेनिया लिखा था, प्रस्तुत किया और कहा कि आरोपी मानसिक रूप से बीमार है और आर्थिक तंगी के कारण इलाज नहीं करा पाया था। विशेष न्यायालय द्वारा जिला चिकित्सालय के डॉक्टरों के पैनल से इस संबंध मे जांच कराई थी। रिपोर्ट मे आरोपी मानसिक स्वस्थ्य होना पाए जाने पर विशेष न्यायालय ने दण्डादेश पारित किया है।*

## कर्मियों को 1 अप्रैल से 7वें वेतनमान के बराबर भत्तों का लाभ

# सीएम बोले- अब प्रदेश की राजधानी की प्रगति पर रहेगा मेरा विशेष ध्यान

नए भोपाल क्षेत्र में तात्या टोपे नगर में 364 शासकीय आवास गृहों का लोकार्पण

*भारत रत्न, पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी के नाम होगा शासकीय आवास परिसर*

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि राज्य सरकार ने सवा साल में हर वर्ग का विशेष ध्यान रखा है। आने वाले 5 साल में अलग-अलग विभागों के ढाई लाख पदों पर नियुक्तियां होंगी। प्रदेश के शासकीय कर्मचारियों को एक अप्रैल से 7 वें वेतनमान के बराबर भत्तों का लाभ मिलेगा। पिछले वर्ष कर्मियों को दो बार 4-4 % डीए स्वीकृत किया गया। कर्मचारियों को पदोन्नति का भी लाभ मिल सके, इसके लिए सरकार प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा, अब प्रदेश की राजधानी भोपाल की प्रगति पर मेरा विशेष ध्यान रहेगा।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव मंगलवार की शाम तात्या टोपे नगर स्थित भोपाल स्मार्ट सिटी डेवलपमेंट कार्पोरेशन की परियोजना के प्रथम चरण में नवनिर्मित 364 जी-टाइप आवासों के लोकार्पण समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि संपूर्ण प्रदेश में विकसित भारत 2047 के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के संकल्प के अनुरूप कार्य संपन्न होंगे।



### भोपाल देश की सबसे सुंदर और स्वच्छ राजधानी



*मुख्यमंत्री ने कहा कि भोपाल देश की सबसे सुंदर और स्वच्छ राजधानी है। यहां ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रात्रि विश्राम किया। उन्होंने और उद्यमियों एवं निवेशकों को मार्गदर्शन भी प्रदान किया। राज्य सरकार ने 'झीलों के शहर' को पांच शहरों के साथ जोड़कर विकास की नई कल्पना की है। मप्र में भोपाल और इंदौर दो मेट्रोपोलिटन सिटी आकार लेंगी। प्रधानमंत्री मोदी के विकसित भारत के संकल्प के अनुरूप राज्य सरकार भी 2047 के विजन पर कार्य कर रही है। आगामी 25 साल में भोपाल और इंदौर को मेट्रोपोलिटन सिटी के रूप में विकसित करने के उद्देश्य से स्वच्छता पेयजल, सीवर और रोड जैसी बुनियादी सुविधाओं का ध्यान रखकर योजना बनाई जा रही है।*

### 116.26 करोड़ की लागत से हुआ निर्माण

*मुख्यमंत्री ने कहा कि इन नवनिर्मित शासकीय आवासों के परिसर का नाम भारत रत्न स्व. अटल बिहारी वाजपेयी परिसर होगा। यहां आवासीय परियोजना के प्रथम चरण में 116.26 करोड़ की लागत से निर्मित 364 जी टाइप आवास गृहों का लोकार्पण हुआ है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सीमा तिवारी, कल्पना गुर्जर, संगीता उइके, राघवेंद्र सिंह को उनके शासकीय आवास की चाबियां सौंपी। उन्होंने नगर निगम के अधिकारियों को इस परियोजना के द्वितीय चरण में आगामी दो से तीन महीने में एफ-टाइप आवासों का निर्माण कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम में उपस्थित जनसमूह को रंगपंचमी की शुभकामनाएं दीं।*

### गरीब वर्ग के साथ ही अन्य वर्गों के लिए भी आवास व्यवस्था

*नगरीय विकास और आवास राज्यमंत्री प्रतिमा बागरी ने कहा कि नगरीय क्षेत्र में गरीब वर्ग के साथ ही अन्य वर्गों के लिए भी आवास व्यवस्था सहित अन्य विकास कार्य किया जा रहे हैं। भोपाल के कर्मचारी बंधु पुराने शासकीय आवास के स्थान पर नए आवास गृहों में आने की प्रतीक्षा कर रहे थे। विधायक भगवानदास सबनानी ने कहा कि वर्ष 2016 से शासकीय आवास की प्रतीक्षा कर रहे कर्मचारियों के हित के लिए यह एक महत्वपूर्ण कदम है।*




### राजधानी क्षेत्र की तीव्र प्रगति होगी

*भोपाल मप्र की राजधानी है। राजधानी क्षेत्र की तीव्र प्रगति होगी। भविष्य में भोपाल के साथ सीहोर विदिशा, नर्मदापुरम, रायसेन आदि के क्षेत्रों को मिलाकर मेट्रोपॉलिटन क्षेत्र का विकास होगा। भविष्य की जरूरतों के मद्देनजर विभिन्न प्रकार की विकसित सुविधाओं का किया जाना आवश्यक है।*

### भोपाल के प्रथम आरआरआर व्हीकल का लोकार्पण

*मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम के पश्चात आवासीय परिसर में मंगलवार की शाम भोपाल नगर निगम की ओर से प्रारंभ भोपाल की प्रथम आरआरआर (रिड्यूस, रीयूज, रीसायकिल) व्हीकल को लोकार्पण के बाद झंडी दिखाकर रवाना किया। इस वाहन के माध्यम से दफ्तरों से अनुपयोगी कागजों को एकत्र किए जाएंगे और बदले में उपयोगी कागज प्रदान किए जाएंगे।*

दफ्तरों का रिकॉर्ड नहीं जलाने से रुकेगा प्रदूषण, एक कॉल पर पहुंचेगा वाहन

# दफ्तरों में अब पुराने कागज जलाएं नहीं श्रेडिंग कराएं, बदले में मिलेंगे प्लेन पेपर

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

शहर को स्वच्छता में नंबर वन बनाने के लिए नगर निगम ने एक नई पहल की है। जिसके तहत एक वाहन में पेपर श्रेडिंग मशीन लगाई गई है। जिसमें पुराने कागजातों को श्रेडिंग कर नष्ट किया जा सकता है। इसके बदले में नए प्लेन पेपर भी दिए जाएंगे, जिससे आम के आम गुठलियों के भी दाम हो जाएंगे। नगर निगम के इस वाहन को एक कॉल पर अपने दफ्तर बुलाया जा सकता है, जिसका फायदा सरकारी सहित निजी दफ्तरों को भी मिलेगा। जिम्मेदारों को कागजात नष्ट कराने के लिए उन्हें जलाना नहीं पड़ेगा।

ग्लोबल रिसाइकल डे के मौके पर मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने इस वाहन की शुरुआत की है, जिससे राजधानी में सरकारी, निजी कार्यालय, शैक्षिणक संस्थाएं और अन्य विभागों से कागज पेपर निकलते हैं। कई बार गोपनीयता की वजह से इन्हें नष्ट करने के लिए जला दिया जाता है। जिसको देखते हुए नगर निगम ने एक विकल्प उपलब्ध कराया जा रहा है, जहां इस नंबर पर 155304 कॉल कर सूचना देकर इस वाहन को बुलाया जा सकता है।

### सामने ही करा सकेंगे पेपर नष्ट




*अपने संस्थान और परिसर से निकलने वाले अनुपयोगी दस्तावेज और पेपर्स को अपने सामने श्रेडिंग मशीन में चलाकर नष्ट करवा सकते हैं। इस पेपर के एवज में प्लेन पेपर दिए जाएंगे। इसके साथ अन्य स्टेशनरी आइटम्स भी दिए जाएंगे, जिससे कागजात पर्यावरण की रक्षा के साथ नष्ट भी हो जाएंगे।*

### पेपर मिल को भेजा जाएगा मटेरियल

इस वाहन में श्रेड किए गए पेपर्स और कागजात को स्टोर किया जाएगा। जिसके बाद इस मटेरियल को सीधे पेपर मिल में भेजा जाएगा। जिससे मिलने वाली राशि से वाहन और मशीन पर खर्च किए जाएंगे। इसके साथ इसी राशि से पेपर्स और स्टेशनरी मटेरियल भी खरीदा जाएगा।

### स्वच्छता में नया कदम

पेपर्स को रिसाइकल करने के लिए नगर निगम ने वाहन सेवा शुरू कर दी है, जिसके लिए कॉल कर सरकारी और निजी संस्थान अपने अनुपयोगी पेपर्स को श्रेड करा सकेंगे। पेपर्स को नष्ट करने के लिए आग लगाने की जरूरत नहीं पड़ेगी।

हरेंद्र नारायण, कमिश्नर नगर निगम





नियम व शर्ते : 1. हर माह जन्मदिन उत्सव फॉरमेट प्रकाशित किया जायेगा। योजना में भाग लेने के लिए पाठकों को हरिभूमि में प्रकाशित फार्मेट को भरकर हरिभूमि कार्यालय, ब्यूरो कार्यालय या अपने एजेंट/एजेंसी के पास जमा कर सकते हैं। 2. हरिभूमि के नये एवं पुराने पाठक इसमें भाग ले सकते हैं, जन्मदिन के फार्मेट एक माह पहले मंगाये जायेंगे, उनके जन्मदिन पर उन्हें सुनिश्चित उपहार दिया जायेगा। 3. प्राप्त जन्मदिन के फार्मेट को एकत्रित कर महाबम्पर ड्रा में शामिल किया जायेगा जिसका ड्रॉ नवम्बर 2025 में किया जायेगा। 4. जन्मदिन फार्मेट के साथ आधार कार्ड या जन्म प्रमाण पत्र की छायाप्रति के साथ 3 माह अखबार का मासिक बिल लगाना अनिवार्य होगा। 5. जन्मदिन फार्मेट की फोटो कापी मान्य नहीं होगी। 6. राज्य सरकार एवं केन्द्र सरकार के सभी नियम लागू होंगे। इस योजना के विजेता को आयकर के नियम व शर्तें मान्य होगी। हरिभूमि निर्णायक मंडल का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा। किसी प्रकार के विवाद में न्यायालय क्षेत्र रायपुर होगा। हरिभूमि कर्मचारी, एजेंट व उनके परिवार के सदस्य इस योजना के पात्र नहीं हो सकते। 7. चित्र में दर्शाए गए उपहार भिन्न हो सकते है।


## हेल्पलाइन की समीक्षा, लिया शिकायतों का फीडबैक

# रात भर सड़क पर पड़ी रही घायल गाय, मवेशियों की एम्बुलेंस पर महापौर ने अपर आयुक्त की लगाई क्लास

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

सोलह मार्च की रात 1.30 बजे एक गाय घायल हो गई थी। क्या वह सुबह तक सड़क पर ही घायल अवस्था में पड़ी रहेगी? आपको कॉल भी किया था, पर रिसीव नहीं किया। कोई व्यवस्था नहीं की। पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने एक गो एम्बुलेंस दी थी। वह एम्बुलेंस कहां है? महापौर मालती राय ने मंगलवार को अपर आयुक्त रणवीर सिंह की कुछ इस तरह से मोबाइल पर ही क्लास लगा दी। महापौर ने स्मार्ट सिटी दफ्तर से हेल्पलाइन की समीक्षा कर रही थीं।

इसी दौरान उन्होंने अपर आयुक्त सिंह को मोबाइल पर कॉल किया और 16-17 मार्च की रात में गाय के घायल होने और इलाज की व्यवस्था के बारे में पूछा। अपर आयुक्त सिंह सही ढंग से जवाब नहीं दे सके। इस पर महापौर ने नाराजगी जताई।

### कचरा स्टेशन पर 3 कर्मचारियों को भेजा



*जोन नंबर, 7, 8, 11, 12, 18 और 19 में कार्यरत निगमकर्मी सोहेल खान, अब्दुल शमी और सुनील गुबारे को कचरा स्टेशन पर भेजने के निर्देश महापौर ने दिए। दरअसल, इनकी सफाई से जुड़ी कई शिकायतें पेंडिंग थी। किसी की 21 तो किसी की 35 शिकायतें तक पेंडिंग हो गई थी। दूसरी ओर, जैसे ही हेल्पलाइन पर कोई शिकायत दर्ज होती, अगले दिन ही वह क्लियर कर दी जाती। बिना साइड पर पहुंचते ही शिकायत का निराकरण होना लिख दिया जाता। महापौर को जब यह जानकारी लगी तो उन्होंने संबंधित शाखा के अधिकारी को भी कॉल किया।*

### सबसे ज्यादा सीवेज और स्ट्रीट लाइट की शिकायतें

महापौर ने बताया कि 1 से 28 फरवरी के बीच 3 हजार 369 शिकायत आई थी। बाकी बची 600 शिकायतों पर काम चल रहा है। वहीं, मार्च में अब तक 1588 समस्याएं आई हैं। इनमें से 1010 का समाधान कर दिया है। बाकी शिकायतों को जल्दी दूर करने के निर्देश दिए हैं। सबसे ज्यादा शिकायतें सीवेज और स्ट्रीट लाइट की है। अधिकारियों से बात की है। समस्या का समाधान करेंगे।

### इन नंबर पर कर सकते हैं शिकायत

*स्ट्रीट लाइट, स्ट्रीट डॉग्स, सीवेज, सफाई समेत निगम से जुड़ी अन्य समस्याएं हैं तो आप भी निगम को कॉल करके शिकायत दर्ज करा सकते हैं। इसके लिए महापौर हेल्पलाइन नंबर-155304 पर कॉल करना पड़ेगा।*

# अल्वीरा व नवाब को भेजा जेल एक और किन्नर गिरफ्तार

**भोपाल।** तलैया इलाके में हुई हत्या के मामले में गिरफ्तार किन्नर अल्वीरा और उसके साथी नवाब को मंगलवार को पुलिस ने न्यायालय के आदेश पर जेल भेज दिया है, जबकि उसके एक अन्य साथी किन्नर बुधवारा निवासी अब्दुल रहमान को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपियों से हत्या की वारदात में प्रयुक्त चाकू बरामद कर लिया है। उधर पुलिस घटना के समय का सामने आए वीडियो से आरोपियों के और साथियों के शिनाख्ती के प्रयास कर रही है।

# इमामबाड़ा इलाके में सीसीटीवी में कैद हुए बाइक चोर

**भोपाल।** कोतवाली थाना क्षेत्र के इमामबाड़ा इलाके में एक युवक की बाइक चोरी होने का मामला सामने आया है। यह घटना उस वक्त हुई, जब फरियादी युवक मस्जिद में नमाज पढ़ने गया था। घटना 16 मार्च की सुबह करीब 1 बजे की है। युवक ने अपनी टीवीएस स्पोर्ट्स बाइक मस्जिद के बाहर खड़ी कर लॉक किया और नमाज अदा करने चले गए। जब वह करीब आधे घंटे बाद बाहर आया तो देखा बाइक गायब थी। इलाके के सीसीटीवी फुटेज खंगाले गए, जिनमें तीन युवक बाइक का लॉक तोड़कर उसे ले जाते हुए नजर आए। पुलिस ने फुटेज के आधार पर अज्ञात चोरों की तलाश शुरू कर दी है। आरोपियों की पहचान कर तलाश की जा रही है।

# बैंक में चयन न होने पर युवक ने फांसी लगाकर की खुदकुशी

**भोपाल।** अवधपुरी इलाके में एक युवक हरिजन मोहल्ला निवासी 24 वर्षीय मनीष पुत्र मोहन चौधरी ने मंगलवार की शाम बैंक की परीक्षा में चयन न होने से दुखी होकर फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। फिलहाल मौके से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। पुलिस ने फिलहाल शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। अवधपुरी पुलिस के मुताबिक मंगलवार शाम को घर पर ही फांसी लगा ली। इधर, खजूरी सड़क थाना क्षेत्र के भौंरी बंगला निवासी 20 वर्षीय बाला प्रसाद पुत्र रुपसिंह ने मंगलवार दोपहर फांसी लगा ली। युवक अत्याधिक शराब पीने का आदी था।

## जैकेट का शेष

### भारत की बेटी...

अंतरिक्ष यान पर बैठकर इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन के लिए उड़ान भरी थी। वे वहां सिर्फ एक सप्ताह रुकने वाले थे लेकिन अंतरिक्ष यान में तकनीकी खराबी आने की वजह से दोनों धरती पर वापस नहीं आ सके थे।

### अहम रहे... 46...

के तीसरे नियम का सहारा लेते हैं और स्पेसक्राफ्ट की दिशा को बदलने के लिए थ्रस्टर से फोर्स लगाते हैं।

धरती के वायुमंडल में घुसने के पहले ट्रेजेक्टरी को आखिरी बार बदलने से लेकर धरती पर लैंड करने के बीच लगभग 46 मिनट का वक्त लगता है। जैसे-जैसे ड्रैगन स्पेसक्राफ्ट धरती के वायुमंडल में आता है, परिस्थिति गंभीर होती जाती है। वायुमंडल में घुसने के ठीक पहले ड्रैगन कैप्सूल अपने ट्रंक मॉड्यूलर से अलग हो जाता है। यानी, धरती पर सिर्फ कैप्सूल वाला हिस्सा आता है और इसी के अंदर चारों अंतरिक्ष यात्री थे। ड्रैगन कैप्सूल के अलग होते ही इसमें लगे 8 ड्रेको थ्रस्टर्स की मदद से कैप्सूल के फ्लैट, यानी पीछे वाले हिस्से को धरती की ओर मोड दिया जाता है। वजह है कि इसी फ्लैट पार्ट में हीट शील्ड लगे होते हैं, जो अत्यधिक तापमान की स्थिति को झेलने में इसे सक्षम बनाते हैं।

### ड्रैगन कैप्सूल 28000...

*तक पहुंच जाता है। ये 7 मिनट ऐसे होते हैं जब ग्राउंड पर बैठी मिशन कंट्रोल टीम का कैप्सूल पर कोई कंट्रोल नहीं होता। ये तापमान अंदर फील नहीं होता। फ्रिक्शन की वजह से ही कैप्सूल की रफ्तार भी थोड़ी धीमी होती है और रफ्तार 600 किमी प्रति घंटे तक आ जाती है। इस स्थिति में अंतरिक्ष यात्रियों पर धरती के गुरुत्वाकर्षण बल से चार-पांच गुना ज्यादा फोर्स लगता है। रफ्तार कम होने के साथ तापमान भी कम होता है और कैप्सूल आग का गोला नहीं रह जाता। कैप्सूल वापस से ऑनलाइन आ जाता है, मिशन कंट्रोल से उसका कनेक्शन बन जाता है। पानी में गिरने के बाद अंतरिक्ष यात्री अंदर ही बैठे रहते हैं। उसी समय एक ग्राउंड टीम वहां पहुंचती है और कैप्सूल को समुंदर से बाहर निकालती है। इसके बाद कैप्सूल को खोलकर अंदर बैठे अंतरिक्ष यात्रियों को बाहर निकाला जाता है।*

### आप हमारे दिलों के ...

घटनाक्रमों ने फिर से आपकी प्रेरणादायक दृढ़ता और परिश्रम को उजागर किया है। भारत के लोग आपकी अच्छी सेहत और मिशन की सफलता के लिए प्रार्थना कर रहे हैं। पीएम ने लिखा कि बोनी पंड्या निश्चित रूप से आपकी वापसी की प्रतीक्षा कर रही होंगी और मुझे विश्वास है कि स्वर्गीय दीपकभाई की शुभकामनाएं भी आपके साथ हैं। मुझे 2016 में अमेरिका की यात्रा के दौरान आपसे और दीपकभाई से मिलने की यादें आज भी ताजा हैं। आपकी वापसी के बाद, हम भारत में आपका स्वागत करने के लिए उत्सुक हैं। भारत के लिए यह गर्व की बात होगी कि वह अपनी एक प्रतिष्ठित बेटी की मेजबानी करे। मैं माइकल विलियम्स को अपनी हार्दिक शुभकामनाएं भेजता हूं। आपको और बैरी विलमोर को सुरक्षित वापसी के लिए शुभकामनाएं।

### नक्सली नहीं तो...

अंतर क्यों है? उन्होंने कहा कि आदिवासियों पर अत्याचार नहीं होना चाहिए, उसे न्याय मिलना चाहिए, मजिस्ट्रीयल जांच से काम नहीं चलेगा। रिटायर जज को नियुक्त करना चाहिए। उन्होंने कहा कि मृतक अपने घर से पानी का बोतल व कुल्हाड़ी लेकर गया था। हमारी फैक्ट फाइंडिंग टीम मौके पर गई थी, सबके बयान लिए। एनकाउंटर पूरी तरह से फर्जी है।

### दोनों तरफ से दो घंटे तक...

*लगाई। पटेल ने बताया कि इन नक्सलियों ने पेड़ों के पीछे से फायरिंग करना शुरू कर दिया। इसके जवाब में आत्मरक्षार्थ टीम ने संतुलित जवाबी फायरिंग की। यह फायरिंग रुक-रुक कर लगभग 2 घंटे चली। शाम होने पर फायरिंग रूक गई और टीम ने आड़ लेकर देखा तो उन्हें एक बॉडी दिखाई दी। अगले दिन सुबह काल सर्चिंग करने पर बॉडी को अच्छे से देखा और सर्चिंग के दौरान एक बंदूक और अन्य खाली कारतूस विभिन्न स्थलों पर पाए। एफएसएल और सर्चिंग की कार्रवाई समाप्त होने पर बॉडी को फ्रीजर में रखा गया। उपलब्ध नक्सल प्रोफाइल से फोटो मैच न होने पर शिनाख्त कराई गई। लसरे टोला की महिला श्रीमती बिसरा बाई ने अपने पति हिरन सिंह की गुमशुदगी दर्ज करवाई थी। उसके पहचान के बाद अंतिम संस्कार किया गया। पुलिस की कार्रवाई संदेह से परे है।*

### तेजप्रताप से पांच घंटे...

ने कुछ दिनों पहले ही राबड़ी देवी और तेज प्रताप यादव को जमीन के बदले नौकरी प्रकरण में पूछताछ के लिए समन जारी किया था। तेज प्रताप यादव को ईडी की ओर से पहली बार पूछताछ के लिए बुलाया गया था। समन के आधार पर पहले राबड़ी देवी अपनी सांसद पुत्री डॉ. मीसा भारती के साथ गांधी मैदान स्थित प्रवर्तन निदेशालय के कार्यालय पहुंची। तेज प्रताप इसके करीब एक घंटे के बाद पूछताछ के लिए ईडी दफ्तर पहुंचे। दोनों नेताओं को अलग-अलग कमरों में बिठा कर पूछताछ की गई। प्रवर्तन निदेशालय ने राबड़ी देवी से यह जानकारी प्राप्त करने के प्रयास किया कि उन्होंने नौकरी के बदले जमीन अपने नाम कैसे कराई।

### गेट से लुढ़कते हुए ...

उनकी मांगें सुनीं। लेकिन, बंसल कलेक्टर से मिलने की मांग पर अड़े रहे। कलेक्टर के नहीं पहुंचने पर उन्होंने जिला प्रशासन पर तानाशाही का आरोप लगाया। बंसल ने कहा कि इस मामले में कई बार वरिष्ठ अधिकारियों को पत्र लिख चुके हैं। लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। दलित होने के कारण मुझे परेशान किया जा रहा है, जबकि मैं सत्तारूढ़ भाजपा का सदस्य हूं। जनपद अध्यक्ष ने चेतावनी दी है कि अगर एक महीने में कार्रवाई नहीं हुई तो वे आत्मदाह कर लेंगे। इसकी जिम्मेदारी शासन-प्रशासन की होगी। स्थिति को देखते हुए पुलिस बल भी मौके पर तैनात किया गया।

### श्रद्धालुओं से भरी...

रजावन गांव के 15 लोग मंगलवार शाम करीब 5 बजे नाव से डैम के बीच बने टापू पर स्थित सिद्ध बाबा मंदिर के दर्शन करने जा रहे थे। रास्ते में नाव अचानक असंतुलित होकर पलट गई। नाव में सवार कई लोग डूबने लगे।

स्थानीय ग्रामीणों ने आठ लोगों को बचा लिया। जबकि तीन महिलाओं और चार बच्चों का देर रात ततक कोई पता नहीं चला है। इन्हें बचाने के लिए राहत और बचाव कार्य जारी रहा। हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस और प्रशासन के लोग मौके पर पहुंचे। लापता लोगों की तलाश के लिए गोताखोरों को डैम में उतरा गया। इसके साथ ही एनडीआरएफ की टीम भी रेस्क्यू ऑपरेशन के लिए घटना स्थल पर पहुंच गई है।

**डूबने वालों की लिस्ट आई सामने:** माताटीला डैम में डूबने वाले महिला और बच्चों के नाम सामने आए हैं। इनमें शारदा पति इमरत लोधी (55), कुमकुम पिता अनूप लोधी (15), लीला पति रामनिवास लोधी (40) चाइना पिता लज्जाराम लोधी (14), कान्हा पिता कप्तान लोधी (07), रामदेवी पति भूरा लोधी (35), शिवा पिता भूरा लोधी (08) शामिल हैं।


## कार्यालय नगर पालिक निगम
### (यांत्रिकी शाखा) भोपाल
// निविदा आमंत्रण सूचना //

क्रमांक 144/यां.वि./2025 — भोपाल, दिनांक - 13.03.2025

निम्न कार्य हेतु म.प्र. लोक निर्माण विभाग में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है। विस्तृत विवरण website https://www.mptenders.gov.in पर है।

| क्र. | निविदा क्रमांक | कार्य का संक्षिप्त विवरण | अनुमानित लागत (रु.में.) | निविदा क्रय करने की अंतिम दिनांक | समय |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2025_UAD_409456_1 | Construction of First Floor at Govt. School Narela W-66, Z-15 | 16,94,857/- | 16 Apr 2025 | 05:30 PM |

नोट - संशोधन वेबसाईट पर ही देखे जा सकेंगे समाचार पत्रों में प्रकाशित नहीं होंगे।

नि.क्र. : 1520/024/025

कार्यपालन यंत्री (सिविल)
नगर निगम, भोपाल


## पेज एक का शेष

### करीब 6 महीने बाद...

गया था। पुलिस के अनुसार, बच्ची की हत्या गला घोंटकर की गई थी। घटना के बाद किसी को शक न हो, इसलिए आरोपी बच्ची के परिजन के साथ उसे तलाशने का नाटक करता रहा। उनके साथ रहकर पुलिस की एक्टिविटी पर भी नजर रखे रहा। जब उसे यकीन हो गया कि वह बच नहीं पाएगा, तो अपने फ्लैट का ताला लगाकर फरार हो गया था। बाद में पुलिस ने उसे गिरफ्तार किया था। अतुल भालसे के खिलाफ खरगोन में पहले से छेड़खानी, चोरी जैसे 6 अपराध दर्ज हैं। उसकी पत्नी दो साल से अलग रह रही है। आरोपी ने पुलिस को बताया था कि फॉगिंग के दौरान हुए धुएं का फायदा उठाते हुए उसने बच्ची का मुंह बंद कर अपने फ्लैट में खींच लिया था। रेप के बाद गला घोंटकर उसकी हत्या कर दी। एक दिन तक शव कमरे में बिस्तर के बीच छिपाकर रखा। मक्खियां होने लगीं, तो बॉडी को पानी की टंकी में डाल आया।

### बच्ची के माता-पिता...

के परिजन, चिकित्सकों और पुलिसकर्मियों सहित अन्य गवाहों की सूची भी पेश की थी।

### इंदौर में नाबालिग ...

अदनान खान (21) निवासी इंदौर है। पीड़िता 11वीं कक्षा की छात्रा है। उसके माता-पिता नौकरी करते हैं। साल 2022 में उसने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि फोन के जरिए अदनान से परिचय हुआ। अदनान बार-बार उसे प्यार और शादी का झांसा देता था। इस पर विश्वास करके वह उसके साथ जाने लगी। पीड़िता ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कराने से 3 महीने पहले अदनान ने मुझे लसूडिया थाने के पास बुलाया, जहां वह काम करता था। जब वहां पहुंची, तो अदनान ने मेरे साथ दुष्कर्म किया। इसके बाद, उसने मुझे कई बार वहीं बुलाया और लगातार शोषण करता रहा। मामले में खास बात ये रही कि पुलिस ने नाबालिग की डिलीवरी के बाद उसकी बच्ची और आरोपी अदनान के डीएनए सैंपल जांच के लिए भेजे थे। दोनों का डीएनए मैच हो गया, जो केस का मजबूत आधार बना। दूसरा अहम पॉइंट ये रहा कि अभियोजन की ओर से केस में मुंबई हाईकोर्ट के एक जजमेंट का हवाला दिया। ये दोनों सजा के खास आधार बने।

### राम मंदिर व महाकुंभ...

के हर क्षेत्र से, हर कोने से आए लोग एक हो गए और 'अहम' त्याग कर 'वयम' के भाव से प्रयागराज में जुटे। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि देश के इतिहास में कई ऐसे पल आए हैं जिन्होंने देश को नई दिशा दी और देश को झकझोर कर जागृत कर दिया।

### स्वामी विवेकानंद, गांधी ...

महाकुंभ को भी ऐसे ही एक अहम पड़ाव के रूप में देखता हूं जिसमें जागृत होते भारत का प्रतिबिंब दिखा।

### आगरा से ग्वालियर...

घायल हो गया। इसके बाद वह कपलिंग के बीच में कूद गया। इसकी जानकारी कंट्रोल रूम को दी गई।

**ट्रेन कई जगहों पर रोकी गई:** ट्रेन को तुरंत बामोर स्टेशन पर रोका गया। बंदर को नीचे उतारने की कोशिश की गई। लेकिन जैसे ही ट्रेन चलने लगी, बंदर फिर से ट्रेन पर चढ़ गया। इसके बाद ट्रेन ग्वालियर रेलवे स्टेशन पहुंची। वहां वन विभाग की टीम को बुलाया गया। टीम ने लगभग 10 मिनट तक ट्रेन की जांच की, लेकिन बंदर कहीं नहीं मिला।

### अमेरिका के डीओजीई...

के फर्जी, अस्तित्वहीन लाभार्थियों को खत्म कर दिया। पहले भ्रष्ट बिचौलियों द्वारा सिस्टम से भारी मात्रा में धन निकाला जा रहा था। पीएम मोदी ने फ्रिडमैन से कहा कि 2014 में पदभार संभालने के बाद, मैंने देखा कि उस समय हम कई वैश्विक चर्चाओं का हिस्सा नहीं थे, जैसा कि आज अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप और डीओजीई के बारे में बात की जा रही है। लेकिन मैं आपको एक उदाहरण देता हूं ताकि आप देख सकें कि किस तरह का काम किया गया था। मैंने देखा कि कुछ सरकारी योजनाओं, विशेष रूप से कल्याण कार्यक्रमों का लाभ उन लोगों द्वारा उठाया जा रहा था, जो वास्तविक जीवन में कभी अस्तित्व में ही नहीं थे। वरिष्ठ अधिकारियों के अनुसार मार्च 2023 तक, डीबीटी के माध्यम से सामाजिक कल्याण निधि आवंटित करने के मोदी सरकार के मॉडल ने लगभग 3.48 लाख करोड़ रुपए बचाए थे।

### अब वोटर आईडी से...

इसलिए आधार से लिंक करने की प्रक्रिया यह सुनिश्चित करेगी कि सिर्फ भारतीय नागरिक ही मतदाता सूची में दर्ज हों। आयोग ने कहा कि संविधान के अनुसार, मतदान का अधिकार केवल भारतीय नागरिकों को ही मिल सकता है। आधार सिर्फ व्यक्ति की पहचान साबित करता है, उसकी नागरिकता नहीं। इसलिए इस प्रक्रिया को कानूनी दायरे में रखा जाएगा और सुप्रीम कोर्ट के सिविल के फैसले के अनुरूप आगे बढ़ाया जाएगा।

### तकनीकी विशेषज्ञों के ...

*और समावेशी बनाने के लिए कई नए कदम उठा रहा है। चुनाव आयोग ने पहली बार राष्ट्रीय और राज्य स्तर की सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक पार्टियों से 30 अप्रैल 2025 तक सुझाव मांगे हैं। इसके अलावा, 31 मार्च 2025 तक निर्वाचन पंजीकरण अधिकारियों, जिला निर्वाचन अधिकारियों और मुख्य निर्वाचन अधिकारियों के साथ बैठकों का आयोजन किया जाएगा। इन बैठकों में राजनीतिक दलों की चिंताओं और सुझावों पर विचार किया जाएगा, ताकि चुनाव प्रक्रिया में विश्वास और पारदर्शिता बनी रहे।*

### आज हल्के बादल...

साफ रहने और हवाओं में ठंडक से रात का पारा पूरे प्रदेश में तेजी से गिरा है। सबसे अधिक गिरावट नौगांव में 7.3 डिग्री की रही है। यहां पारा 14.5 डिग्री रहा। सबसे अधिक दिन का पारा मंडला में 36.6 डिग्री रहा, जबकि सबसे कम न्यूनतम पारा शाजापुर में 12.9 डिग्री रहा। भोपाल सहित दो दर्जन से अधिक जिलों में दिन का पारा औसतन एक डिग्री तक बढ़ा है, जबकि प्रदेशभर में रात का पारा औसतन डेढ़ डिग्री तक कम हुआ है। दिन का औसत तापमान 35 और न्यूनतम पारा 17 डिग्री तक रहा है। मौसम केंद्र के अनुसार आज आमतौर पर मौसम साफ रहेगा। मौसम विशेषज्ञ एके शुक्ला के अनुसार अभी नया पश्चिमी विक्षोभ ईरान के आसपास सक्रिय है, जिसके कारण अब प्रदेश में बारिश का दौर शुरू होगा।





## आवश्यक सूचना

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (धन भेजने, लोन संबंधित, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित अथवा अनुबंध) से पहले अच्छी तरह जाँच पड़ताल कर लें। किसी भी उत्पाद या सेवायें के संबंध में किये किसी विज्ञापन दाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि की जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक संपादक और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाये किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

- व्यावस्थापक

### नाम परिवर्तन

मैं PRADEEP LALWANI सर्वसाधारण को सूचित करता हूं कि पूर्व में मेरा नाम PRADEEP KUMAR LALWANI था। किंतु अब मेरा नाम परिवर्तित होकर PRADEEP LALWANI हो गया है। मैं अब PRADEEP LALWANI के नाम से जाना व पहचाना जाता हूं। ADDRESS : H.No.9, Amirganj, Idgah Hills, Bhopal (M.P.)

### नाम परिवर्तन

मैं, श्रीमती मनीषा रायखेरे पत्नी श्री रामरूप रायखेरे आयु वयस्क निवासी म.नं. एच.आई.जी. 23, स्टर्लिंग कैसल्स, अहमदपुरकलां, होशंगाबाद रोड भोपाल म.प्र. की निवासी हूं। शादी के पूर्व मेरा नाम शासकीय व अशासकीय दस्तावजों में मनीषा गुर्जर (Manisha Gurjar) है। कुछ अन्य शासकीय व अशासकीय दस्तावेजों में मेरा नाम मनीषा रायखेरे (Manisha Raikhere) है। शादी के बाद से मुझे मनीषा रायखेरे (Manisha Raikhere) के नाम से जाना एवं पहचाना जाता है तथा मुझे भविष्य में मनीषा रायखेरे (Manisha Raikhere) के नाम व सरनेम से जाना पहचाना जाये।
शपथ पत्र क्रमांक BF 66658

### नाम परिवर्तन

मै, मेघा मस्के पति संतोष कुमार मस्के,पता के-4,फॉर्च्यून इनक्लेव, कोलार रोड भोपाल,मप्र,सर्वसाधारण को सूचित करती हूं कि मेरा जन्म नाम मेघमित्रा,माता शोभा पति हीरालाल पिप्पल निवासी नीमताल विदिशा है।उपरोक्त अनुसार दोनों एक ही व्यक्ति है।

हरिभूमि
आम सूचना, कोर्ट नोटिस, इश्तहार,जाहिर सूचना
@ Rs.1200/- साइज (फिक्स) 10X4cm
अन्य साईज में @ Rs.40sq.cm
1 अप्रैल 2024 से लागू
बुकिंग के लिए संपर्क करें। मो. 9407279644

छोटा लिंग निराश क्यों? जोश जगा दे धूम मचा दे।

18 से 75 वर्ष तक लाभदायक
लिंग को 7-8 ईन्च लम्बा मोटा, कठोर बनाये। सैक्स टाइम 30 से 45 मिनट बढाएं।
नसों की कमजोरी नामर्दी,धातु का पतलापन,शुगर,बी.पी. में भी जबरदस्त लाभदायक।
घर बैठे मंगवाये।
ब्रेस्ट टोनर क्रिम
लाभ नही तो पैसे वापिस।
09083218330
R-14/02/25 to 18/4/25- not-feb, 16,23,26 not= march-2,9,13,14,15,16,23,30,31, April- 6,13

हरिभूमि भोपाल बाजार
विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें मो. 9407279644
प्लाट मात्र 3,55,000 हजार में आसान किश्तों पर
साईट:- 220 फिट रिंग रोड न्यू बायपास से लगी हुई
डायवर्सन एवं NOC एप्रूव्ड
आफिस इंडिया प्रोपर्टी करोंद भोपाल
मो. 7772079910
Medical Help Line
विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें : मो.9407279644
नये दागों का आना तुरन्त बंद

सफेद दाग गारंटेड इलाज
Timing 10:30 am to 8:00 pm
Dr. Safi's HOMEOPATHIC CLINIC
कृपया फोन पर अपॉइंटमेंट लें। M : 9425006131, 9827249409
5/4, संजय कॉम्पलेक्स माता मंदिर, टी.टी. नगर भोपाल | सौलत मंजिल पुरानी कजियात के सामने मोती मस्जिद भोपाल


## राशिफल

**मेष** — मन प्रसन्न तो रहेगा, परन्तु बातचीत में सन्तुलन बनाये रखें। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। धर्म के प्रति श्रद्धाभाव रहेगा। चिकित्सीय खर्च बढ़ सकते हैं।

**वृष** — आत्मसंयत रहें। क्रोध से बचें। परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान पर जा सकते हैं। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। भागदौड़ अधिक रहेगी। मन प्रसन्न रहेगा।

**मिथुन** — किसी धार्मिक स्थान की यात्रा का कार्यक्रम बन सकता है। वाहन के रखरखाव पर खर्च बढ़ सकते हैं। सुस्वादु खानपान में रुचि रहेगी।

**कर्क** — जीवनसाथी का साथ मिलेगा। कारोबार में लाभ के अवसर मिलेंगे। वाणी में सौम्यता रहेगी। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी।

**सिंह** — जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। रहन-सहन कष्टमय रहेगा। आत्मविश्वास में कमी आएगी। परिवार की समस्याओं पर ध्यान दें।

**कन्या** — पठन-पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक या शोधादि कार्यों के लिए विदेश जा सकते हैं। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। संयत रहें। क्रोध के अतिरेक से बचें।

**तुला** — मन प्रसन्न रहेगा। व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। कुटुम्ब के किसी बुजुर्ग से धन मिल सकता है। अपनी भावनाओं को वश में रखें।

**वृश्चिक** — मन में नकारात्मक विचारों से बचें। कार्यक्षेत्र में परिश्रम अधिक रहेगा। मित्रों का सहयोग मिलेगा। कुटुम्ब-परिवार में धार्मिक कार्य होंगे।


**धनु** — आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति रहेगी। क्रोध एवं आवेश के अतिरेक से बचें। घर-परिवार में धार्मिक एवं मांगलिक कार्य हो सकते हैं।

**मकर** — क्रोध से बचें। बातचीत में संयत रहें। वस्त्र उपहार में प्राप्त हो सकते हैं। पिता से धन मिल सकता है। मन प्रसन्न रहेगा। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा।

**कुंभ** — मान-सम्मान की प्राप्ति होगी। सेहत का ध्यान रखें। परिवार के साथ यात्रा का कार्यक्रम बन सकता है। अनियोजित खर्च बढ़ेंगे। माता का सहयोग मिलेगा।

**मीन** — पठन-पाठन में रुचि बढ़ेगी। वाणी में मधुरता रहेगी। नौकरी में तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे। आय में वृद्धि होगी। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिलेंगे।

## शब्द पहेली - 5809



**बाएँ से दाएँ**
1.नेमत,वर,ईष्टकृपा -4
3.उद्देश्य,ध्येय-4
8.सयाना,चतुर-4,3
10.मनुष्य-3
11.मोल,दाम-3
13.बैठने का स्थान-3
15.दौड़ना (अंग्रेजी-2)
17.पराजित-2
18.वध,कत्ल-2
19.काव्यकार,शायर-2
21.राशिचक्र की दसवीं राशि-3
25.आक्रमण,प्रहार-3
26.पालतू जानवर-3
27.ईश्वर,भगवान-7
30.ईश्वरीय कृपा-4
31.भयभीत होना, डरना-4

**ऊपर से नीचे**
2.असुर,दैत्य-3
4.गागर,घड़ा-3
5.मन की करना-4
6.प्रार्थना,ईश वंदना-4
7.चरित्र,ईमान-3
8.कार्यविधि-3
9.रेखा,लाईन-3
12.माला का मोती-3
13.राहत,विश्राम-3
14.कैनाल,उपनदी-3
16.नगद राशि-3
20.रुदन -3
22.पक्षियों का शोर-4
23.मध्यांग, कटि-3
24.12 राशियों का समूह-4
25.महल,बड़ा भवन-3
28.सांभर जैसा खाद्य पदार्थ-3
29.अदृश्य, जो दिखाई न दे-3

### शब्द पहेली- 5808 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| स | ज | दा | क | र | ना | ■ | म | त | वा | ला |
| ह | रा | ■ | त | ■ | का | म | ना | ■ | दा | वा |
| न | ■ | बे | र | ह | म | ■ | ना | रा | ■ | रि |
| शी | ल | वा | न | ■ | या | द | ■ | नी | र | स |
| ल | ■ | प | ■ | ख | ब | र | ची | ■ | न | ■ |
| ता | र | न | हा | र | ■ | का | न | भ | र | ना |
| ■ | म | ■ | र | ह | ब | र | ■ | यं | ■ | प |
| प्र | ण | य | ■ | रा | हु | ■ | ब | क | वा | स |
| ति | ■ | दा | स | ■ | बे | क | रा | र | ■ | न्द |
| का | न | ■ | चि | रा | ग | ■ | म | ■ | क | हो |
| र | म | जा | न | ■ | म | द | द | क | र | ना |

## सूडोकु नवताल - 5819

✱✱✱✱✩ कठिन

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 8 | 5 | | | | | | |
| 3 | | | | | | | | |
| | | | 6 | | | 7 | 4 | |
| 6 | | | 2 | | 4 | | | |
| 1 | | | | | | | | 8 |
| | | | 7 | | 5 | | | 3 |
| | 4 | 7 | | | 1 | | | |
| | | | | | | | | 6 |
| | | | | | | 5 | 2 | |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल - 5818 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 3 | 9 | 2 | 6 | 8 | 5 | 1 | 7 |
| 8 | 1 | 6 | 7 | 4 | 5 | 9 | 2 | 3 |
| 7 | 5 | 2 | 3 | 9 | 1 | 6 | 4 | 8 |
| 1 | 7 | 5 | 4 | 2 | 6 | 8 | 3 | 9 |
| 6 | 4 | 3 | 8 | 5 | 9 | 2 | 7 | 1 |
| 2 | 9 | 8 | 1 | 7 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 5 | 2 | 1 | 6 | 8 | 7 | 3 | 9 | 4 |
| 9 | 8 | 7 | 5 | 3 | 4 | 1 | 6 | 2 |
| 3 | 6 | 4 | 9 | 1 | 2 | 7 | 8 | 5 |

### दो दिन में भोपाल के 60 केंद्रों में 1209 क्विंटल सरकारी गेहूं खरीदी

# प्रदेश में अब तक 10 लाख के करीब किसान गेहूं बेचने के लिए करा चुके हैं 'रजिस्ट्रेशन'

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

## किसानों को बाजार में मिल रहे सोसाइटी से ज्यादा दाम

सरकारी गेहूं खरीदी शुरु हो गई है। भोपाल में 60 केंद्र बनाए गए हैं, लेकिन फसल लेट होने से गेहूं की आवक फिलहाल कम है। दो दिन में उपार्जन केंद्रों पर 1209 क्विंटल गेहूं की खरीदी हुई है। भोपाल जिले में करीब 28 हजार किसानों ने उपार्जन केंद्रों पर उपज बेचने के लिए पोर्टल पर पंजीयन कराया है। केंद्रों में किसानों को 2600 रुपए प्रति क्विंटल का भाव मिल रहा है, जबकि बाजार में भाव 2800 से 3000 रुपए प्रति क्विंटल है। सरकार ने 80 लाख टन गेहूं खरीदने का लक्ष्य रखा है।

इसके अलावा मध्य प्रदेश में गेहूं पर एमएसपी के अलावा 175 रुपए प्रति क्विंटल बोनस भी दिया जा रहा है। ऐसे में किसानों को 2600 रुपए प्रति क्विंटल रुपए कीमत मिल रही है। हालांकि नया एमएसपी आधिकारिक तौर पर 1 अप्रैल 2025 से मान्य है। मध्य प्रदेश में अब तक 10 लाख के करीब किसान गेहूं बेचने के लिए रजिस्ट्रेशन करा चुके हैं, जबकि अनुमान है कि 5 लाख किसान और जुड़ सकते हैं।



### केंद्र सरकार का लक्ष्य 3.2 करोड़ टन गेहूं की खरीदी का

चालू रबी सीजन 2024-25 में देश में गेहूं का रिकॉर्ड उत्पादन होने का अनुमान है। केंद्र सरकार द्वारा जारी दूसरे अग्रिम अनुमान में कहा गया है कि देश में गेहूं का उत्पादन 11.54 करोड़ टन रहने की उम्मीद है। गेहूं की अच्छी पैदावार का मतलब है कि केंद्र सरकार वित्त वर्ष 2026 के लिए 3.2 करोड़ टन गेहूं की खरीदी का लक्ष्य हासिल कर सकती है। गेहूं की अच्छी पैदावार से सरकार को अपना भंडार भरने में भी मदद मिलेगी। 1 फरवरी, 2025 तक गेहूं का भंडार 1.61 करोड़ टन था, जबकि 1 जनवरी को बफर आवश्यकता 1.38 करोड़ टन थी। अगर घरेलू बाजार में दाम कम होते हैं तो गेहूं निर्यात फिर से शुरू करने की अनुमति मिल सकती है। सरकार को हर साल 1 अप्रैल तक लगभग 75 लाख टन गेहूं का बफर स्टॉक रखने की आवश्यकता होती है। वित्त वर्ष 2025 में सरकार ने खुले बाजार में 30 लाख टन गेहूं बेचा था जबकि वित्त वर्ष 2024 में करीब 1 करोड़ टन गेहूं बेचा गया था। खुले बाजार में सरकारी गेहूं की कम आवक से कीमतें ऊंची बनी हुई हैं।

### मंडियों में पहुंच रही किसानों की भीड़

*सोसाइटी से ज्यादा दाम मिलने से किसान भोपाल सहित प्रदेश की कृषि उपज मंडियों में ज्यादा पहुंच रहे हैं। गौरतलब है कि राजधानी भोपाल में किसानों की सुविधा के लिए 60 खरीदी केंद्र बनाए गए हैं। इनमें बैरसिया मंडी और आसपास के गांवों के केंद्र भी शामिल हैं। हालांकि गेहूं खरीदी का आज दूसरा दिन है, लेकिन उम्मीद के मुताबिक गेहूं की आवक नहीं हुई। भोपाल, इंदौर, उज्जैन और नर्मदापुरम जैसे प्रमुख गेहूं उत्पादक जिलों में भी आवक कम रही। खुले बाजार में गेहूं का भाव 2800 से 3000 रुपए प्रति क्विंटल चल रहा है। यही कारण है कि सरकारी केंद्रों पर गेहूं की आवक कम रही। किसानों को बाजार में बेहतर दाम मिलने की उम्मीद है।*

### मुंबई हाईकोर्ट ने खारिज की एमईआईएल के खिलाफ याचिका

## पीआईएल खारिज कर मुख्य न्यायाधीश आलोक अराधे और न्यायमूर्ति भारती डांगरे की पीठ ने सुनाया फैसला

एजेंसी ▶▶ मुंबई



बॉम्बे हाईकोर्ट ने मुंबई-ठाणे सुरंग परियोजना के खिलाफ जनहित याचिका खारिज की बॉम्बे हाईकोर्ट ने मंगलवार को एक जनहित याचिका (पीआईएल) खारिज कर दी, जिसमें मुंबई और ठाणे के बीच एक प्रमुख सड़क सुरंग परियोजना के लिए अनुबंध दिए जाने को चुनौती दी गई थी। मुख्य न्यायाधीश आलोक अराधे और न्यायमूर्ति भारती डांगरे की पीठ ने यह फैसला सुनाया। हैदराबाद के रवि प्रकाश ने बोरीवली-ठाणे ट्विन टनल प्रोजेक्ट में एमईआईएल की बैंक गारंटी को अवैध बताते हुए याचिका दायर की थी।

एमएमआरडीए की ओर से सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने बताया कि गारंटी को एसबीआई और महाराष्ट्र स्टेट बैंक ने प्रमाणित किया था। एमईआईएल के वकीलों मुकुल रोहतगी और दारियस खंबाटा ने कहा कि याचिका व्यक्तिगत द्वेष से प्रेरित थी। याचिकाकर्ता के वकील प्रशांत भूषण ने सोशल मीडिया पोस्ट को अत्यधिक उत्साह में किया गया बताया। कोर्ट ने याचिका खारिज कर दी, जिससे प्रोजेक्ट को आगे बढ़ाने की अनुमति मिल गई। न्यायालय ने यह भी कहा कि प्रकाश अपने और एमईआईएल के बीच चल रहे मुकदमे का खुलासा करने में विफल रहे, जिससे जनहित याचिका दायर करने में उनके इरादों और सत्यनिष्ठा पर सवाल उठे। न्यायाधीशों ने टिप्पणी की,याचिकाकर्ता अनुचित ट्वीट करने का दोषी है, जिससे न्यायालय को बदनामी हुई और तथ्यों को दबाने का दोषी है। उन्होंने कहा कि जनहित याचिका सद्भावनापूर्वक दायर नहीं की गई थी।

## आईएलएंडएफएस ने आरआईआईटी को एनएसई में सूचीबद्ध किया

एजेंसी ▶▶ मुंबई

इंफ्रास्ट्रक्चर लीजिंग एंड फाइनेंशियल सर्विसेज (आईएलएंडएफएस) ने रोडस्टार इंफ्रा इन्वेस्टमेंट ट्रस्ट इनविट (आरआईआईटी) इकाइयों को एक लिस्टिंग समारोह में एनएसई पर सूचीबद्ध किया।

इसमें आईएलएंडएफएस समूह के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक नंद किशोर; अध्यक्ष डॉ. जेएन सिंह, और रोडस्टार इन्वेस्टमेंट मैनेजर्स लिमिटेड (आरआईएमएल) के मुख्य कार्यकारी अधिकारी श्री डैनी सैमुअल और नए बोर्ड के कई सदस्य उपस्थित थे। आरआईआईटी की लिस्टिंग इनविट के वितरण के बाद हुई है - जिसमें 6 अंतर्निहित सड़क संपत्तियां हैं।

इसका उद्यम मूल्यांकन 8,592 करोड़ रुपए है, इस प्रकार आईएलएंडएफएस समूह की ऋण समाधान के लिए विविध वित्तीय साधनों का प्रभावी ढंग से उपयोग करने की क्षमता को रेखांकित करता है।

## खबर संक्षेप

### डॉ.लक्ष्मी वेणु बनेंगी टैफे की वाइस चेयरमैन

**भोपाल।** ट्रैक्टर मैन्युफैक्चरिंग कंपनी टैफे ट्रैक्टर्स एंड फार्म इक्विपमेंट लिमिटेड की डायरेक्टर डॉ. लक्ष्मी वेणु को टैफे की वाइस चेयरपर्सन नियुक्त किया गया है।



डॉ. लक्ष्मी एक प्रभावशाली लीडर हैं, जिन्होंने कृषि मशीनीकरण और ऑटो कंपोनेंट व्यवसाय में कई उपलब्धियां अपने नाम की हैं। डॉ. लक्ष्मी रणनीतिक विचार, कस्टमर-सेंट्रिक अप्रोच रखने, गुणवत्ता को उचित महत्व देने के साथ-साथ टैफे के मैसी फर्ग्यूसन और आयशर ट्रैक्टर के व्यवसाय में काफी गहराई से संलिप्त हैं।

### मार्केट एक्सपोजर विजिट का आयोजन

**नई दिल्ली।** मेघालय स्टेट एग्रीकल्चरल मार्केटिंग बोर्ड , डिपार्टमेंट ऑफ एग्रीकल्चर एंड फार्मर्स वेलफेयर, गवर्नमेंट ऑफ मेघालय ने 16 से 18 मार्च तक दुबई में एक मार्केट एक्सपोज़र विजिट का आयोजन किया है। यह पहल मेघालय की विजन 2028 योजना के तहत की जा रही है, जिसका लक्ष्य राज्य के प्राकृतिक संसाधनों को अंतरराष्ट्रीय मार्केट से जोड़कर स्थानीय लोगों को नए आर्थिक अवसर देना और मेघालय को 10 बिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाना है।

### सुमित वुड्स के गुरुकृष्णा को ओसी प्राप्त

**मुंबई।** रियल एस्टेट रीडेवेलपमेंट कंपनी सुमित वुड्स लिमिटेड ने अपने प्रीमियम रिहायशी प्रोजेक्ट, गुरुकृष्ण जो मुंबई के विले पार्ले ईस्ट में शाहजी राजे मार्ग पर स्थित है, के लिए आधिकारिक रूप से ऑप्यूपेशन सर्टिफिकेट (ओसी) प्राप्त कर लिया है। कुल 37,074 स्क्वेयरफीट के बिक्री योग्य क्षेत्र में फैला हुआ, गुरुकृष्ण प्रोजेक्ट आधुनिक शहरी जीवनशैली के लिए उपयुक्त और सोच-समझ कर डिज़ाइन किए गए विशाल आवास प्रदान करता है। इस प्रोजेक्ट को बाजार से शानदार प्रतिक्रिया प्राप्त हुई है, जिसमें 97 फीसदी यूनिट्स पहले ही बिक चुकी हैं।

### एचएंडएम के कलेक्शन में दमकेंगी टायला

**नई दिल्ली।** एचएंडएम का एस/एस 2025 कलेक्शन स्त्रीत्व को समर्पित है। यह भावनाओं, संवेदनाओं और पहचानों की रोमांचक खोज है। इस नई कैंपेन में प्रेरक फीमेल आइकॉन शामिल हैं, जिनमें मशहूर म्यूजिशियन टायला, ट्विग्स और कैरोलिन पोलाचेक प्रमुख हैं। यह कलेक्शन और कैंपेन दोनों ही एच एंड एम के मजबूत फैशन विजन को दर्शाते हैं।

विश्व प्रसिद्ध प्रकाशक प्रकृति पोर्टफोलियो के रिसर्च जर्नल वैज्ञानिक रिपोर्ट के वर्ष 2024 के शीर्ष 100 शोधपत्रों में शामिल

### पतंजलि की ऐतिहासिक उपलब्धि

# परिश्रम को मिला सम्मान और बढ़ा आयुर्वेद का मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरिद्वार

योगऋषि स्वामी रामदेव की प्रेरणा व पतंजलि के वैज्ञानिकों के साक्ष्य आधारित आयुर्वेदिक दवा अनुसंधान से निर्मित किडनी की दवा रीनोग्रिट के शोध को विश्व प्रसिद्ध प्रकाशक प्रकृति पोर्टफोलियो के रिसर्च जर्नल वैज्ञानिक रिपोर्ट के वर्ष 2024 के शीर्ष 100 शोध में सम्मिलित किया गया है। वैज्ञानिक रिपोर्ट का प्रभाव कारक 3.8 है और यह विश्व का पांचवां सबसे ज्यादा साइटेड जर्नल है। रीनोग्रिट पर प्रकाशित इस रिसर्च पेपर को 2,568 लोगों द्वारा डाउनलोड किया गया है।

यह इस तथ्य की पुष्टि करता है कि आयुर्वेदिक औषधियां न केवल रोगों को दूर करने में सफल प्रमाणित हो रही हैं, अपितु यह वैज्ञानिकों के लिए भी एक कौतुहल का विषय है कि किस प्रकार जड़ी–बूटियों से बनी कोई औषधि बिना किसी दुष्प्रभाव के बड़े से बड़े रोग को दूर करने में सक्षम है। पतंजलि द्वारा निर्मित आयुर्वेदिक



औषधि रीनोग्रिट न केवल कैंसर की एलोपैथिक दवा सिस्प्लैटिन से खराब हुए किडनी को ठीक करती है, बल्कि साथ ही साथ गुर्दे की कोशिकाएं पर पड़ने वाली ऑक्सीडेटिव स्ट्रेस को भी ठीक करती है। इस अवसर पर आचार्य बालकृष्ण ने कहा कि रीनोग्रिट की यह सफलता आयुर्वेद की वैज्ञानिक प्रमाणिकता को वैश्विक स्तर पर मान्यता दिलाने वाला एक महत्वपूर्ण कदम है।

एएएचएल और एमआईएएल की संकल्पना

# आधुनिकता के युग में सीएसएमआईए में विकास संकाय में समग्र बुनियादी ढांचा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मुंबई

छत्रपति शिवाजी महाराज अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे (सीएसएमआईए) के संचालक, अडाणी एयरपोर्ट होल्डिंग्स लिमिटेड (एएएचएल) की सहायक कंपनी मुंबई इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड (एमआईएएल) एक सामंजस्यपूर्ण और सुव्यवस्थित अनुभव के लिए यात्री सुविधाओं को बदलने के लिए एक रणनीतिक कदम उठा रही है।

हवाई अड्डा आर्थिक विनियामक प्राधिकरण (एईआरए) के समक्ष रखे गए प्रस्ताव में एमआईएएल ने मुंबई हवाई अड्डे पर बुनियादी ढांचे के विकास और तकनीकी वृद्धि परियोजनाओं को शुरू करने में एमआईएएल को सक्षम करने के लिए घरेलू यात्रियों के लिए 325 रुपए और अंतरराष्ट्रीय यात्रियों के लिए 650 रुपए का उपयोगकर्ता विकास शुल्क (यूडीएफ) प्रस्तावित किया है। एमआईएएल का प्रस्ताव इस परिवर्तन की भरपाई करने और यात्रियों पर पड़ने वाले प्रभाव को कम करने के लिए एयरलाइन लैंडिंग और पार्किंग शुल्क में लगभग 35 प्रतिशत की कमी करने का प्रयास करता है, ताकि बुनियादी ढांचे में वृद्धि और विश्व स्तरीय हवाई अड्डे के संचालन को बनाए रखने के बीच संतुलन बनाया जा सके।

इस कटौती से मुंबई से उड़ानों पर सकारात्मक प्रभाव पड़ने की उम्मीद है, जिससे एयरलाइन्स को लागत का अधिक कुशलतापूर्वक प्रबंधन करने तथा प्रतिस्पर्धी टिकट कीमतें बनाए रखने में मदद मिलेगी।

### निर्माण में 10 हजार करोड़ का निवेश करेगा

*अगले पांच वर्षों में, हवाईअड्डा बुनियादी ढांचे के निर्माण में 10,000 करोड़ रुपए का निवेश करेगा और अनुमानित 229 मिलियन यात्रियों से 7,600 करोड़ रुपए का कुल राजस्व वसूल करेगा, जो राजस्व वसूली में एक संतुलित दृष्टिकोण को दर्शाता है। नये टैरिफ ढांचे में राजस्व मिश्रण को रणनीतिक रूप से स्थानांतरित करने का प्रस्ताव है, जिसमें यूडीएफ में वृद्धि की जाएगी, जबकि लैंडिंग और पार्किंग शुल्क में 35 प्रतिशत की कमी की जाएगी। यह प्रस्ताव भारत के अन्य प्रमुख हवाई अड्डों की टैरिफ संरचनाओं के अनुरूप है ।*

**न्यायालय उपखण्ड अधिकारी बासौदा जिला विदिशा**

पक्षकारों की अपील की तारीख पेशी एवं स्थान की सूचना

प्रकरण क्रमांक 0113/अपील/2024-25
बासौदा दिनांक 17.03.2025

01. श्री किशोरसिंह पिता संमदरसिंह राजपूत निवासी ग्राम मसूदपुर ................ अपीलांट

बनाम

01. श्री गिरजानदंन पिता एम.एल. श्रीवास्तव
02. श्री प्रियंक पिता गिरजानन्दन श्रीवास्तव निवासी रोहितनगर फेस-1 बावड़ियाकलां भोपाल .................. रेस्पडेंट

:: विज्ञप्ति ::

एतद् जरिये रेस्पाडेंटो को सूचना दी जाती है कि अपीलांट श्री किशोरसिंह पिता समन्दरसिंह राजपूत निवासी ग्राम मसूदपुर की ओर से अधिवक्ता श्री वीरेन्द्रसिंह राजपूत द्वारा न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार बासौदा के प्रकरण क्रमांक 38/अ-27/2024-25 आदेश दिनांक 29.07.2024 ग्राम चक्क मसूदपुर से असंतुष्ट होकर यह अपील प्रस्तुत की है। जो इस न्यायालय की पंजी में दर्ज कर ली गई है। इस अपील की सुनवाई 28.03.2025 को स्थान अनुविभागीय अधिकारी बासौदा के न्यायालय में होगी। इसलिए यदि निश्चित तारीख को आप स्वंय या न्यायालय की अनुमति से आपका मुख्त्यार या वकील उपस्थित न हुए, तो अपील में एक पक्षीय निर्णय लिया जाऐगा। आज दिनांक 17.03.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से जारी ।

**उपखण्ड अधिकारी बासौदा**

### गाइडलाइन दरों पर क्रेडाई की आपत्ति, प्रभारी मंत्री, सांसद एवं विधायकों का समर्थन

# गाइडलाइन दरें वैज्ञानिक व तर्कसंगत आधार पर तय करने की मांग

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

गाइडलाइन दरों में असामान्य वृद्धि को अनुचित बताते हुए उचित निराकरण होने तक रोक की मांग करते हुए मंगलवार को क्रेडाई भोपाल का प्रतिनिधिमंडल प्रभारी मंत्री चैतन्य कश्यप, मंत्री कृष्णा गौर, विधायक भगवान दास सबनानी से मिला और गाइडलाइन दरों को अनुचित बताते हुए कहा है कि जब तक उचित निराकरण नहीं हो जाता, इसे रोका जाना चाहिए।

इस पर प्रभारी मंत्री चैतन्य कश्यप एवं जिला मूल्यांकन समिति के सदस्य भगवान दास सबनानी ने गाइडलाइन दरों की मूल्यांकन प्रणाली की पारदर्शिता, वर्षवार दरों और उपबंधों के क्लीन डेटा एक्सेस तथा स्वतंत्र विशेषज्ञ



समिति द्वारा विश्लेषण की मांग को उचित बताया। उन्होंने वरिष्ठ अधिकारियों को निर्देशित कर समाधान के लिए ठोस कदम उठाने का आश्वासन दिया। क्रेडाई प्रतिनिधिमंडल ने राज्य का राजस्व बढ़ाने के लिए प्रोग्रेसिव और बिजनेस फ्रेंडली मॉडल विकसित करने में सहयोग की पेशकश की और स्पष्ट किया कि गाइडलाइन दरों की असंतुलित वृद्धि से रियल एस्टेट, व्यापार और आम नागरिकों पर नकारात्मक प्रभाव पड़ रहा है। क्रेडाई भोपाल इकाई के अध्यक्ष मनोज मीक, पूर्व अध्यक्ष विपिन गोयल सहित अन्य लोगों ने बताया कि गाइडलाइन दरों की असंतुलित वृद्धि न केवल शहरी विकास बल्कि आम नागरिकों, व्यापार और औद्योगिक विकास के लिए भी बाधक है। पारदर्शिता और संतुलन के बिना की गई बढ़ोतरी बाजार में अस्थिरता लाती है, निवेश को हतोत्साहित करती है और आवासीय व व्यावसायिक संपत्तियों को आमजन की पहुंच से बाहर कर देती है। क्रेडाई का स्पष्ट मत है कि गाइडलाइन दरें वैज्ञानिक व तर्कसंगत आधार पर तय हों, सभी संबंधित पक्षों की भागीदारी सुनिश्चित की जाए और मूल्य निर्धारण की प्रक्रिया पारदर्शी हो।

**केनरा बैंक Canara Bank**

एसेट रिकवरी मैनेजमेंट (एआरएम) II शाखा,
ए-27, प्रथम तल, होज खास, नई दिल्ली-110016
Email: cb3038@canarabank.com

संदर्भ: 3038/METALORE_OVERSEAS/SA/2024-25 दिनांक: 18-03-2025

विषय: सर्वे क्रमांक 964/2 मुरैना, पटवारी हल्का नं.20, जौरा रोड, स्थित सरिता गर्ग के नाम पर संपत्ति के संबंध में समाचार पत्र प्रकाशन हेतु सार्वजनिक घोषणा - माननीय डीआरटी-II दिल्ली न्यायालय का आदेश दिनांक 27.11.2024 एसए नं.51/2022 में बिक्री को रद्द करने और मेसर्स अर्नव कॉलोनाइजर प्राइवेट लिमिटेड के पक्ष में निष्पादित बिक्री विलेख को रद्द करने के लिए पारित किया गया।

विषय वस्तु के संदर्भ में, विषय संपत्ति केनरा बैंक के पास बंधक है और नीलामी में बेची गई है, हालांकि माननीय डीआरटी II दिल्ली अदालत ने एसए संख्या 51/2022 में दिनांक 27.11.2024 को एक आदेश पारित किया है जिसके माध्यम से बिक्री को रद्द करने और मेसर्स अर्नव कॉलोनाइजर प्राइवेट लिमिटेड के पक्ष में निष्पादित बिक्री विलेख को रद्द करने का अनुरोध किया गया।

उपरोक्त के संदर्भ में यह निर्देश दिया जाता है कि आम जनता या व्यक्ति उक्त संपत्ति के संबंध में कोई बिक्री या खरीद नहीं करेगा क्योंकि यह केनरा बैंक की संपत्ति है।

इसके अलावा, विषयगत संपत्ति के संबंध में कोई भी समझौता या बिक्री कानून की दृष्टि में शून्य है।

साभार
मुख्य प्रबंधक

### निवेशकों को 4.58 लाख करोड़ रुपए का हुआ लाभ

# शेयर बाजार में तूफानी तेजी रही, सेंसेक्स 75300 के पार

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय शेयर बाजार में मंगलवार को तूफानी तेजी रही। सेंसेक्स दिन भर 1000 अंक के आस पास कारोबार करता दिखा।

कारोबार के अंत में सेंसेक्स 1131 अंक उछलकर 75301 के स्तर और निफ्टी में 325 अंक की मजबूती आई, ये 22834 पर बंद



हुआ। स्टॉक मार्केट में तेजी का फायदा निवेशकों को भी मिल रहा है। सेंसेक्स का मार्केट कैप 4.58 लाख करोड़ रुपए बढ़कर 397.38 लाख करोड़ रुपए पहुंच गया। इससे पहले सोमवार को यह 392.80 लाख करोड़ रुपए पर था। सेंसेक्स में 900 से अधिक अंकों की तेजी देखने को मिली है। सेंसेक्स का इंट्रा-डे हाई 2.18 मिनट तक 75,134.68 अंक रहा था। निफ्टी का इंट्रा-डे हाई 22,798.30 अंक रहा है।

### एनएमडीसी की सिंचाई परियोजना से किसानों की आय हुई दोगुनी

**भोपाल।** एनएमडीसी की पहल मध्य प्रदेश के पन्ना जिले के बड़ौर गांव के किसानों के लिए वरदान बनकर आई है। कंपनी के सीएसआर के तहत शुरू हुई सिंचाई परियोजना से केवल कृषि पर निर्भर किसानों के लिए समृद्धि का एक नया युग शुरू हुआ है। पहले अनियमित बारिश के चलते एक फसली खेती करने वाले क्षेत्र के किसान अब साल में कई फसलें उगा रहे हैं और उनकी उपज और आय भी दोगुनी-तिगुनी हो गयी है। एनएमडीसी की सिंचाई पहल ने न केवल किसान समुदाय के कृषि चक्र को रुपांतरित किया है, बल्कि उनकी आर्थिक स्थिरता, नई आशा और उज्ज्वल भविष्य की पटकथा भी लिख दी है।

**मानसून पर निर्भरता हुई खत्मः** सदियों से बड़ौर के किसान मानसून की अनिश्चितता से जूझते रहे। वे चावल, गेहूं, सरसों और जौ की खेती करने के लिए केवल बारिश के पानी पर निर्भर थे। उर्वर भूमि में संभावना तो थी, लेकिन एक समुचित सिंचाई प्रणाली के बिना, धरती की पूरी क्षमता का उपयोग नहीं हो पा रहा था। पानी की कमी के कारण किसान केवल एक फसल ही उगा सकते थे। नतीजतन कृषि एक असुरक्षित आजीविका बन गई थी।

### इंडिया एसएमई 100 अवॉर्ड्सः सूक्ष्म लघु और मध्यम उद्यमी हुए सम्मानित

**नई दिल्ली।** एक्सिस बैंक ने इंडिया एसएमई फोरम के साथ साझेदारी में इंडिया एसएमई 100 अवॉर्ड्स 2025 का आयोजन नई दिल्ली में किया। कार्यक्रम में शानदार प्रदर्शन करने वाले सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों को उनके असाधारण योगदान, नवाचार और देश की आर्थिक वृद्धि में उनकी भूमिका के लिए सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में शोभा करंदलाजे, राज्य मंत्री, श्रम और रोजगार मंत्रालय एवं एमएसएमई मंत्रालय, अमिताभ चौधरी, एमडी और सीईओ, एक्सिस बैंक, विजय शेट्टी, प्रेसिडेंट हेड, कमर्शियल बैंकिंग ग्रुप, एक्सिस बैंक और प्रहलाद कक्कड़, चेयरमैन, इंडिया एसएमई फोरम मौजूद रहे। इंडिया एसएमई अवार्ड्स के 11वें संस्करण को देशभर से 27,500 से अधिक एमएसएमई नामांकनों के साथ जबरदस्त रिस्पॉन्स हासिल हुआ। शीर्ष 100 विजेताओं का चयन उनके विकास परफ़ोर्मेंस, वित्तीय मजबूती, नवाचार, कॉर्पोरेट गवर्नेंस जैसे विभिन्न मापदंडों पर किया गया।

**आम सूचना**
**(मूल दस्तावेज गुम होने के संबंध में)**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार श्रीमती मंजू साहू पत्नी स्व. श्री धन्नालाल साहू के स्वामित्व की संपत्ति एक किता आवासीय डुप्लेक्स भवन क्रमांक एचआईजी-1/57, कार्नर स्थित- सुख सागर फेस-2, खसरा क्रमांक 232/1, 232/2/1, 232/2/2, 232/3, निजामुद्दीन कालोनी के पीछे, ग्राम नरेला शंकरी तहसील हुजूर, जिला भोपाल म.प्र. में स्थित है। जिसका कुल क्षेत्रफल 111.12 वर्गमीटर अर्थात 1200 वर्गफिट है। जिसकी चतुर्थ सीमाये निम्नानुसार है-पूर्व में-प्लॉट क्रमांक-58, पश्चिम में-रोड प्लॉट क्रमांक-55, उत्तर में-प्लॉट क्रमांक-56, दक्षिण में-रोड, जो कि मेरी पक्षकारा को अपने पति स्व. श्री धन्नालाल साहू के स्वर्गवास उपरांत उनके विधिक वारिस के रूप में प्राप्त हुई। जिसे श्रीमती मंजू साहू ने मोहम्मद राशिद पुत्र मोहम्मद अजमत निवासी 78, शांति नगर झुग्गी, हजरत निजामुद्दीन कालोनी, हुजूर भोपाल को विक्रय कर दी है जिसका इंद्राज उपपंजीयक कार्यालय भोपाल में MP059712025A1173566 दिनांक 13.03.2025 पर दर्ज है। यह कि उक्त सम्पत्ति की रजिस्ट्री के पूर्व संलग्न मूल विक्रय विलेख अजेय गृह निर्माण सहकारी संस्था मर्यादित, भोपाल द्वारा अध्यक्ष श्री लईक मोहम्मद पुत्र श्री रशीद मोहम्मद साहब से श्री राम गोपाल पुत्र श्री मैकू द्वारा क्रय की गई थी जिसका इंद्राज पुस्तक क्रमांक अ-1, ग्रंथ नं. 18640 सरल नं.-2087(ख) दिनांक 16.10.2002 पर अंकित है एवं श्री राम गोपाल आत्मज श्री मैकू से श्री रवि श्रीवास्तव आत्मज श्री डी.पी. श्रीवास्तव एवं श्रीमती सरिता श्रीवास्तव पत्नी श्री रवि श्रीवास्तव ने क्रय की थी जिसका इंद्राज पुस्तक क्रमांक अ-1, ग्रंथ नं. 19112, सरल नं.-3817(ख) दिनांक 27.12.2003 पर अंकित है। जिसकी मूल प्रति मेरे पक्षकार से कहीं गुम हो गई है। जिनके गुम होने की सूचना संबधित पुलिस थाना अयोध्या नगर में दिनांक 01.03.2025 को दे दी गई है। अत: उक्त दोनो मूल विक्रय विलेख जिस भी व्यक्ति को प्राप्त हो तो कृप्या सूचना देंवे, उक्त सम्पत्ति कहीं दान, बन्धक, गिरवी, हस्तान्तरण /विक्रय हेतु अनुबन्धित इत्यादि नही है। यदि किसी व्यक्ति द्वारा उक्त दस्तावेज का दुरूपयोग किया जाता है अथवा किसी प्रकार का कोई भी विधि विरूध कार्य करते हुये दान, बन्धक, गिरवी, हस्तान्तरण/विक्रय हेतु अनुबन्धित करता है तो दण्डिक कार्यवाही की जावेंगी, इसके अतिरिक्त जिस किसी भी व्यक्ति, संस्था, फर्म, सरकारी व गैर सरकारी कार्यालय, बैंक, वित्तिय संस्था, या वारिसों को कोई आपत्ति हो तो सम्बन्धित व्यक्ति या संस्था इस सूचना प्रकाशन के 7 दिनों के अंदर मेरे कार्यालय में मय दस्तावेजों के साथ उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत करें इसके उपरांत प्राप्त कोई भी आपत्ति मान्य नही होगी।

**अनुज जैन** भवदीय- अधिवक्ता
चेम्बर नं.-138, उत्तमचन्द ईशरानी लायर्स चैम्बर जिला न्यायालय के पीछे अरेरा हिल्स जिला भोपाल मोबा.-09691386301

Phone No. 07578-299441
Email:ceopach-stats@nic.in

हर काम देश के नाम

No. 07578-292027

**कार्यालय मुख्य अधिशासी अधिकारी**
OFFICE OF THE CHIEF EXECUTIVE OFFICER
**छावनी परिषद पचमढ़ी**
MINISTRY OF DEFENCE, GOVERNMENT OF INDIA

क्रमांक/62/एस.आई/3690 दिनॉक:- 18 मार्च 2025

(ई-टेण्डर)

छावनी परिषद पचमढ़ी द्वारा छावनी क्षेत्र के बंदर पकडने हेतु एक वर्ष के लिए ई-टेण्डर def-procurement पोर्टल पर आमंत्रित किये जाते है। कार्य संबंधी समस्त विवरण छावनी परिषद की साईट Pachmarhi.cantt.gov.in तथा defproc.gov.in साईट पर उपलब्ध है।

| कार्य का नाम | अमानत राशि | टेण्डर फार्म कीमत | कार्य की अनुमानित लागत | ई-टेण्डर प्रकाशन तिथि | तकनीकी एवं वित्तीय बिड जमा करने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| छावनी क्षेत्र से बंदर पकडकर लगभग 70 कि.मी. तक मय वाहन एवं समस्त अन्य पकडने मे उपयोगी समग्री सहित छोडने का कार्य | रू.20000/- | रू. 1000/- | रू. 5,00,000/- | 18/03/2025 | 02/04/2025 |

**राहुल गजभिये, भा.र.सं.से.**
**मुख्य अधिशासी अधिकारी**
**छावनी परिषद पचमढ़ी**

**कार्यालय संयुक्त संचालक लोक शिक्षण संभाग सागर**

पता-शास. एम.एल.बी. स्कूल कमांक-1 के बाजू में गोपालगंज सागर-470001
ई-मेल : Jddpisag-mp@nic.in

क्रमांक / सीएम राइज / परिवहन /2025/2765 सागर दिनांक 17/03/25

// निविदा आमंत्रण सूचना //

लोक शिक्षण संचालनालय म.प्र. भोपाल के पत्र क्रमांक / सीएम राइज / परिवहन निविदा/2025/15 भोपाल दिनांक 14.02.2025 के अनुसार सत्र 2025-26 के लिए संभाग सागर के सभी 6 जिलों के 37 सीएम राइज विद्यालयों में विद्यार्थियों के लिए परिवहन सुविधा उपलब्ध कराए जाने हेतु पंजीकृत फर्मों से निविदाएं निर्धारित शर्तों के अधीन आमंत्रित की जाती है। इस हेतु MPE-Tender Portal बेबसाइट mptenders.gov.in पर निविदा जारी कर दिनांक 13.03..2025 से निविदाएं आमंत्रित की जाती है। इस बेबसाइट पर निर्धारित दस्तावेज जिसमें निविदा के निर्देश, शर्ते एवं निविदा कार्यक्रम आदि का विस्तृत उल्लेख उपलब्ध है। निविदा हेतु समय सारणी निम्नानुसार है -

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | ई-निविदा आई.डी. | - | 2025_ DPI_ 407616_1 |
| 2. | ई-निविदा सूचना जारी करने की दिनांक | - | 13.03.2025 प्रातः 10.30 बजे से |
| 3. | ई-निविदा प्रस्तुत हेतु आरंभ दिनांक | - | 13.03.2025 प्रातः 10.30 बजे से |
| 4. | ई-निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम दिनांक | - | 11.04.2025 सांय 5.30 बजे तक |
| 5. | ई-निविदा खोलने का दिनांक | - | 15.04.2025 दोपहर 12.00 बजे |

G-24529/24 " स्वच्छता ही सेवा "

संयुक्त संचालक
लोक शिक्षण संभाग सागर

## चिंतन

# आखिर कब तक भड़कती रहेगी सांप्रदायिक हिंसा?

मानवता के मार्ग में हिंसा की कोई जगह नहीं है। राष्ट्र के सामाजिक विकास में कोई भी विभाजनकारी तत्व अवरोधक है। नागपुर में सांप्रदायिक हिंसा भारत की वसुधैव कुटुंबकम, सर्वे भवन्तु सुखिनः, अहिंसा परमो धर्मः, संवैधानिक सहिष्णुता छवि को दागदार बनाती है। सांप्रदायिकता और जातीयता की बुनियाद पर कोई भी राजनीति प्रगतिवादी नहीं हो सकती है। अगर एक अफवाह पर सांप्रदायिक हिंसा भड़कती है, तो यह किसी भी समाज, राष्ट्र के लिए खतरे की घंटी है। ऐसे संगठन, लोग किसी भी राज्य, देश के लिए हितकारी नहीं हो सकते, जिनके लक्ष्य विभाजनकारी हैं। चाहे हिंदू हों या मुस्लिम, एक फिल्म से या किसी अफवाह से अपना विवेक खो देते हैं, तो ऐसे लोग कम से कम अपने धर्म को नहीं समझते। कोई भी धर्म हिंसा की शिक्षा नहीं देता। भारत की सभ्यता विश्व की सबसे पुरानी है। भारतीय संस्कृति पांच हजार वर्ष पुरानी है। इसकी बुनियाद बहुत मजबूत है। भारत ने अतीत में विभिन्न तरह की कड़वाहट को झेला है। विदेशी मुस्लिम आक्रांता आए, इस्लाम लेकर आए, शासन किया। व्यापारी बनकर अंग्रेज आए, शासक बन गए, ईसाइयत का प्रचार किया, भारत का जी भरकर दोहन किया। लेकिन करीब नौ सौ वर्ष के काल में सनातन कभी कमजोर नहीं हुआ। सनातन व इसकी सांस्कृतिकता की छवि को विभ्रमित करने की सचेष्ट कोशिश जरूर हुई, लेकिन कभी किसी को सफलता नहीं मिली। भारत का राजनीतिक अतीत रक्तरंजित है, विवादों से भरा हुआ है, महिमामंडित है और गलत-सही तथ्यों से शब्दित है। इसलिए अतीत की कब्र खोदने से हमें निराशा ही मिलेगी। कोई भी अतीत वर्तमान के न्याय का आधार नहीं हो सकता। भारत हमेशा भविष्योन्मुखी देश व समाज रहा है, जहां सभी वर्ग, वर्ण, धर्म के लोगों ने जगह पाई है। भिन्नता, बहुलता, बहुसांस्कृतिकता, बहुधर्मिता, बहुजातीयता भारत की खूबी भी हैं और ताकत भी हैं। सांप्रदायिकता और जातीयता की राजनीति से अगर भारत की इस खूबी व ताकत को कमजोर करने की कोशिश होगी तो अंततः राष्ट्र ही कमजोर होगा। यूरोप ने अतीत में काफी हिंसा देखी, विश्व के अनेक हिस्सों में अतीत में अनेक हिंसक घटनाएं हुई हैं, सभी ने सबक सीखा, खुद को सभ्य बनाने की राह चुनी। आजादी के वक्त से ही भारत ने अनेक सांप्रदायिक व जातीय हिंसा को झेला है, तो क्या अब भारत सबक नहीं सीखेगा। धर्म के नाम पर लड़ाई होती रहेगा, खून बहता रहेगा, आखिर मानवता की स्थापना कब होगी? कौन करेगा, जब राजनीति चमकाने के लिए चंद लोग अतीत की कब्र खोदने में लगे हुए हैं। विश्व के श्रेष्ठ संविधान वाले देश भारत अपने संवैधानिक समानता, एकता, अखंडता, समरसता के लक्ष्यों को साकार कब करेगा? एक अफवाह भर से अगर हिंसा फैलती है, तो क्या लोग तलवार व भाले लेकर हमेशा बैठे रहते हैं? क्या हम इतने खून के प्यासे हो गए हैं? हम इतने आक्रोशित क्यों हैं? हमारी राजनीति देश को किस अंधकार में धकेल रही है? नागपुर की सांप्रदायिक हिंसा देश में पहली घटना नहीं है, देश में ऐसी हजारों घटनाएं हुई हैं, लाखों जानें गई हैं। बुद्ध, महावीर, नानक, कबीर, गांधी के देश में सांप्रदायिक आग क्यों भड़क रही है? क्या हम विभाजनकारी बुनियाद पर विकसित भारत बनाएंगे? सरकार को नागपुर हिंसा की जांच करनी चाहिए, दोषियों को कानून के कटघरे तक पहुंचानी चाहिए। किसी भी संगठन, गुट व लोग को समाज को सांप्रदायिक आग में झोंकने का हक नहीं मिलना चाहिए, इनके प्रति सरकार को कठोर होना चाहिए।



विश्लेषण
डॉ. एल.एस. यादव

# तेज हुआ बलूच आजादी आंदोलन

भारत में आतंक फैलाकर निर्दोष लोगों की जान लेने वाले पाकिस्तान में आतंकवाद फैल गया है और आए दिन निर्दोष लोगों की जान जा रही है। पाकिस्तान के बलूचिस्तान में इन दिनों बलूच लिबरेशन आर्मी (बीएलए), बलूच लिबरेशन फ्रंट (बीएलएफ) और बलूच रिपब्लिकन गार्डस (बीआरजी) ने मिलकर पाकिस्तान व वहां तैनात चीनी सेना के जवानों की नाक में दम कर रखा है। इन संगठनों ने मिलकर 'बलोच नेशनल फ्रीडम मूवमेंट' चला रखा है अर्थात बलूचिस्तान की आजादी की लड़ाई एक साथ मिलकर लड़ना है। इन संगठनों ने इसी माह अपनी एकता कायम करते हुए निर्णय लिया था कि हमें पाकिस्तान के साथ-साथ चीन से अपने संसाधनों के शोषण को रोकना है।

जो दूसरों के लिए बुरा करता है उसके साथ भी कोई न कोई बुरा करता है। यह कहावत पाकिस्तान पर आजकल सही दिख रही है। भारत में आतंक फैलाकर निर्दोष लोगों की जान लेने वाले पाकिस्तान में आतंकवाद फैल गया है और आए दिन निर्दोष लोगों की जान जा रही है। पाकिस्तान के बलूचिस्तान में इन दिनों बलूच लिबरेशन आर्मी (बीएलए), बलूच लिबरेशन फ्रंट (बीएलएफ) और बलूच रिपब्लिकन गार्डर्स (बीआरजी) ने मिलकर पाकिस्तान व वहां तैनात चीनी सेना के जवानों की नाक में दम कर रखा है। इन संगठनों ने मिलकर 'बलोच नेशनल फ्रीडम मूवमेंट' चला रखा है अर्थात बलूचिस्तान की आजादी की लड़ाई एक साथ मिलकर लड़ना है। इन संगठनों ने इसी माह की शुरुआत में ही अपनी एकता कायम करते हुए यह निर्णय लिया था कि हमें पाकिस्तान के साथ-साथ चीन से अपने संसाधनों के शोषण को रोकना है और इसके लिए दोनों के खिलाफ अपने अभियानों को ज्यादा तेज करना होगा।

इसके कुछ दिन बाद ही 11 मार्च को बलूचिस्तान के कच्छ जिले के आब-ए-गम इलाके के पास सुरंग में जाफर एक्सप्रेस ट्रेन पर कुछ बंदूकधारियों ने हमला करके गोलीबारी की और उसे अपने कब्जे में ले लिया। इस हमले की जिम्मेदारी बलूच लिबरेशन आर्मी (बीएलए) ने ली और दावा किया कि उनकी गोलीबारी में 30 लोग मारे गए तथा 214 यात्रियों को बंधक बना लिया है। यह ट्रेन क्वेटा से खैबर पख्तूनख्वा के पेशावर जा रही थी। इसमें तकरीबन 500 यात्री सवार थे। इस रेल लाइन पर 17 सुरंगें हैं और रास्ता कठिन होने के कारण रेल की गति धीमी रहती है। इसी का फायदा बलूच लिबरेशन आर्मी ने उठाया। इस घटना के बारे में बलूचिस्तान की सरकार ने बताया कि 80 यात्रियों को बचा लिया गया है जिनमें 43 पुरुष, 26 महिलाएं व 11 बच्चे हैं। इसके अलावा सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में 13 हमलावर मारे गए। पाकिस्तान इस घटना के बाद से दूसरे देशों पर आरोप मढ़ने में जुटा हुआ है।

13 मार्च को पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता शफकत अली खान ने अपनी साप्ताहिक प्रेस ब्रीफिंग में कहा कि भारत पाकिस्तान में आतंकवाद में शामिल रहा है। जाफर एक्सप्रेस पर हमले के समय आतंकी अपने हैंडलर्स और अफगानिस्तान में रिंग लीडर्स के संपर्क में थे। इन आरोपों को बेतुका बताते हुए भारतीय विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि हम पाकिस्तान द्वारा लगाए गए निराधार आरोपों को सख्ती से खारिज करते हैं। पूरी दुनिया जानती है कि वैश्विक आतंकवाद का केन्द्र कहां है। पाकिस्तान को दूसरों पर उंगली उठाने के बजाय अपना आत्मनिरीक्षण करना चाहिए। उल्लेखनीय है पाकिस्तान सरकार और सेना इस घटनाक्रम में बलूच विद्रोहियों से निपटने में नाकामयाब दिखी है।

पाकिस्तानी सुरक्षा बलों ने दावा किया उन्होंने जाफर एक्सप्रेस को हाईजैक करने वाले 33 बीएलए विद्रोहियों को खत्म कर दिया है लेकिन सफल ऑपरेशन की कोई तस्वीर तक जारी नहीं की। अभी जाफर एक्सप्रेस की घटना से पाकिस्तानी सेना उबर भी नहीं पाई थी कि बलूच लिबरेशन आर्मी (बीएलए) के विद्रोहियों ने 16 मार्च को बलूचिस्तान प्रान्त के नोशकी जिले में



पाकिस्तानी सेना के काफिले पर अचानक हमला करके बड़ी संख्या में सैनिकों को मार दिया। यह काफिला क्वेटा से कफ्तान जा रहा था। बीएलए के दावे के मुताबिक 90 सैनिकों को मार दिया गया। बीएलए ने हमले की जिम्मेदारी लेते हुए वीडियो भी जारी किया है। वहीं दूसरी तरफ पाकिस्तानी पुलिस ने हमले में तीन सैनिकों व दो नागरिकों के मारे जाने तथा 30 जवानों के घायल होने की पुष्टि की है। बीएलए के द्वारा जारी बयान में कहा गया कि उसके आत्मघाती दस्ते मजीद ब्रिगेड ने नोशकी में रखशन मिल के पास पाकिस्तानी सेना के काफिले को निशाना बनाया। इस काफिले में आठ बसें थीं जिसमें एक बस पूरी तरह ध्वस्त हो गई।

दूसरी बस को फतेह ब्रिगेड ने घेर लिया और उसके सभी जवानों को मार दिया। दरअसल बलूच अपनी आजादी के लिए अभियान चलाये हुए हैं। सन् 1947 से पहले ही भारत व पाकिस्तान की तरह बलूचिस्तान में भी आजादी की मांग तेज हो गई थी। 4 अगस्त 1947 को दिल्ली में हुई मीटिंग में माउंटबैटन के साथ कलात के वकील के रूप में मोहम्मद अली जिन्ना थे जिन्होंने कलात, खरान, लास बेला व मकरान को मिलाकर बलूचिस्तान बनाने का सुझाव दिया था। बाद में जिन्ना इससे पलट गए लेकिन कलात के खान ने 12 सितम्बर 1947 को बलूचिस्तान को आजाद देश घोषित कर दिया। 26 मार्च 1948 को पाकिस्तानी सेना वहां घुस गई और इसे अपने आधिपत्य में ले लिया।

इसके बाद सन् 2000 तक बलूचियों ने चार बार पाकिस्तानी सरकार के खिलाफ विद्रोह किया लेकिन हर बार इसे दबा दिया गया। सन् 2005 में अकबर बुगती के नेतृत्व में पाकिस्तान के खिलाफ विद्रोह तेज हो गया। 26 अगस्त 2006 को बुगती व उनके साथियों की हत्या कर दी गई। बुगती के बाद बलूच लीडर गिरी को भी मार दिया गया। इसके बाद 2009 से वहां के लोगों को गुप्त रूप से निशाना बनाना शुरू किया गया। तब से अब तक बड़ी संख्या में बलूचों को या तो मार दिया गया या फिर उन्हें गायब कर दिया गया। बलूच विद्रोहियों की शुरू से यही मांग रही है कि पाकिस्तानी सेना बलूचिस्तान को खाली कर दे। उनके सभी नेताओं को बिना शर्त रिहा कर दिया जाए। इसके अलावा बलूचिस्तान में चल रहे चीन के सभी प्रोजेक्ट बंद कर दिए जाएं। बलूचिस्तान पाकिस्तान का सबसे बड़ा प्रान्त है। यह पाकिस्तान के राजस्व का प्रमुख स्त्रोत है। इस इलाके में गैस, यूरेनियम, सोना, तांबा व अन्य धातुओं के विशाल भंडार हैं। आधे पाकिस्तान की गैस आपूर्ति यहीं से होती है। बलूचिस्तान के लोग इसे अपने संसाधनों की लूट बताते हैं।

बलूचिस्तान, चीन-पाकिस्तान इकोनॉमिक कॉरिडोर का प्रमुख हिस्सा है जो बेल्ट एंड रोड इनीशिएटिव का एक भाग है। बलूचिस्तान में ही ग्वादर बंदरगाह है जिसका विकास चीन के हाथों में है। चीन अपने शिनजियांग से ग्वादर को जोड़ने के लिए अब तक 46 अरब डॉलर खर्च कर चुका है। चीन की इस घुसपैठ से बलूच नाराज हैं और विरोध में आन्दोलन चला रहे हैं। उपर्युक्त विवेचन यह स्पष्ट करता है कि बलूचिस्तान पाकिस्तान के हाथ से निकलने वाला है। पाकिस्तान की सैन्य ताकत की पोल पिछले कुछ वर्षों से लगातार खुलती चली आ रही है और सुरक्षा बलों की स्थिति दिन प्रतिदिन खराब होती जा रही है। पाकिस्तान के लिए वर्ष 2009 सबसे खराब रहा था जब उसके 1012 सुरक्षा कर्मी मारे गए थे। साल 2012 में 734 तथा वर्ष 2024 में 754 सुरक्षा कर्मी मारे गए। चालू वर्ष 2025 के शुरुआती दो महीनों में सुरक्षा बलों के जवानों के मारे जाने की संख्या में 134 प्रतिशत की बढ़ोत्तरी हुई है और 222 सुरक्षा कर्मी मारे जा चुके हैं। यह औसत इस वर्ष सारे रिकार्ड तोड़ सकता है।

(लेखक सैन्य विज्ञान के प्राध्यापक रहे हैं, ये उनके अपने विचार हैं।
लेख पर अपनी प्रतिक्रिया edit@haribhoomi.com पर दे सकते हैं।)

## विमर्श
आचार्य श्रीहरि




# मुस्लिम हिंसक राजनीति की पुनरावृति का दौर

भारत आजादी के पूर्व की मुस्लिम हिंसक राजनीति की पुनरावृति फिर से होने लगी है। इसकी एक झांकी दिल्ली के जंतर-मंतर पर देखने को मिल रही है, जहां पर मजहबी मुस्लिम भीड़ अपना संहारक रूप दिखा रही है। ऐसी भीड़ और भाषा आजादी के पूर्व विखंडन का डर दिखाती थी। सबसे पहले ऐसी भीड़ 1906 में ढाका में जमा हुई थी, जहां पर भारज विभाजन की कसमें खाई गई थी। 1985 में शाहबानों मुकदमे में सुप्रीम कोर्ट के फैसले के खिलाफ देश के विभिन्न शहरों में ऐसी भीड़ और भाषा का प्रदर्शन हुआ था। राममंदिर का ताला खोलने के खिलाफ मुस्लिम आबादी 1987 में अपनी हिंसक भीड़ की शक्ति का प्रदर्शन किया था। 2019 में सीएए कानून के खिलाफ ऐसी भीड़ और भाषा का प्रयोग शाहीनबाग सहित देशभर में जगह-जगह हुआ था। इसके अलावा दंगों और विभिन्न घटनाओं में मुस्लिम गिरोह अपनी हिंसक भीड़ की शक्ति का प्रदर्शन करता रहा है। इनमें एक नमाजी हिंसा है। जूमे की नमाज के बाद किसी भी प्रश्न पर होने वाली बर्बर हिंसा और प्रदर्शन को नमाजी हिंसा के नाम से जाना जाता है। दिल्ली के जंतर-मंतर पर वक्फ बोर्ड संशोधन बिल के खिलाफ जमा हुई भीड़ और उसकी चेतावनी, आक्रामकता और संहार करने जैसी भाषा को लेकर हिन्दुओं के अंदर बहुत बड़ी प्रतिक्रिया को जन्म दिया है, हिन्दुओं के मन में डर घर कर गया। सोशल मीडिया पर इसकी बहुत बड़ी प्रतिक्रिया देखी जा रही हैं। सोशल मीडिया पर प्रतिक्रिया यह है कि यह मुस्लिम भीड़ शाहीनबाग की ही टूकॉपी है। कहने का अर्थ यह है कि शाहीनबाग मानसिकता में शामिल मुस्लिम संगठन और गिरोह ही ऐसी संहार करने वाली धमकियां सरेआम दे रही है। शाहीनबाग की मानसिकता की खुशफहमी अभी तक गई नहीं है, इनकी हिंसक मानसिकता गई नहीं है। यह सब अभी तक जारी है। वक्फ बोर्ड संशोधन कानून अभी प्रस्तावित है, संसदीय विचार-विमर्श में शामिल है, वृहद चर्चा की प्रक्रिया पूरी की जा रही है, सभी पक्षों को अपने विचार रखने की स्वतंत्रता दी गई है, सभी पक्षों ने अपने विचार भी रखे हैं, फिर भी विरोध को धमकी और संहार करने की भाषा में बदल देना कहीं से भी न्यायप्रिय नहीं है। यह अराजकता है और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का घोर उल्लंघन है, दुरूपयोग है। अगर संसद ने वक्फ कानून बनाया है तो फिर वक्फ कानून को समाप्त करने का अधिकार भी संसद को है। इस संसदीय अधिकार का अतिक्रमण मुस्लिम भीड़ अपनी हिंसा की प्रक्रिया से अतिक्रमण नहीं कर सकती है। इस्लामिक विद्वान नदीम शेख ने बहुत ही प्रामाणिक तर्क दिया है। उनका तर्क यह है कि वक्फ बोर्ड जैसी कोई व्यवस्था इस्लाम के अंदर ही नहीं है। उन्होंने प्रमाण भी दिया है। जब कुरान या हदीश में कोई उल्लेख नहीं है तो फिर उस व्यवस्था को लेकर इतनी हिंसक भाषा का प्रयोग क्यों होना चाहिए, इतनी हिंसक भीड़ का प्रदर्शन क्यों होना चाहिए? देश की शांति को छिन्न-भिन्न करने का संकल्प क्यों लेना चाहिए? मूल संविधान के किसी भी अध्याय में वक्फ बोर्ड जैसी कोई व्यवस्था भी नहीं है। विखंडन के लिए जिम्मेदार कांग्रेस ने भारत की सनातन संस्कृति के खिलाफ वक्फ बोर्ड की व्यवस्था लागू की थी। 1954 में जवाहरलाल नेहरू ने इसकी नींव डाली थी। फिर 1964 में इसको शक्तिशाली बनाया गया था। विभिन्न कांग्रेसी सरकारों के दौरान वक्फ अधिनियम को मजबूत करने का काम किया गया है। कांग्रेस अपने स्थापना काल से ही मुस्लिम नीतियों की समर्थक रही है। अभी भी कांग्रेस मुस्लिम जिहाद के रास्ते पर चलती है। वक्फ प्रदर्शनों में कांग्रेस का अप्रत्यक्ष समर्थन है। इसके अलावा मुस्लिम राजनीति करने वाली राजनीतिक पार्टियों और कम्युनिस्टों का प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष समर्थन सहयोग मिला हुआ है। वक्फ बोर्ड का वर्तमान अधिकार अराजक है और विभिन्न संहिताओं को सीधे चुनौती देता है। वक्फ बोर्ड के दावे से संकट और हिंसक टकराव की स्थिति उत्पन्न होना भी स्वाभाविक है। मुस्लिम आबादी को संविधान और कानून से ऊपर होने की गलतफहमी छोड़ देनी चाहिए। संसद किसी कानून या फिर संविधान के किसी प्रावधान को समाप्त कर सकता है और संशोधित कर सकता है। इसलिए संसद के पास वक्फ बोर्ड को लेकर अधिकार है। अब तक संसद ने संविधान में लगभग डेढ सौ संशोधन किए हैं, इस सच्चाई को जानने की जरूरत है। सबसे बड़ी बात यह है कि मुसलमानों की हिंसक भाषा ने हिन्दुओं को न केवल जगाया है बल्कि हिन्दू अब मुसलमानों को अपना भाई नहीं, अपितु दुश्मन के तौर पर देखने के लिए बाध्य हैं। इसका राजनीतिक लाभ सीधे तौर पर भाजपा को मिलेगा।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)


# ईश्वर अनायास ही करते हैं हमारा कल्याण



संकलित
## दर्शन

मनुष्य जब कुछ चाहता है, तो उसे अभाव का अनुभव होता है; परंतु उस अभाव की पूर्ति किस वस्तु से होगी, वह इसे नहीं जानता। बस, उसे विश्वास होता है कि जिस वस्तु से मेरे अभाव की पूर्ति होगी, उसको भगवान जानते हैं और इसलिए वह उस अज्ञात वस्तु के लिए भगवान पर निर्भर करता है। जैसे छोटा शिशु बिस्तर पर पड़ा रोता है, उसे कोई कष्ट है- जाड़ा लग रहा है, मच्छर काट रहे हैं या और कोई पीड़ा है। वह यह नहीं जानता कि किस वस्तु की प्राप्ति होने पर मेरा संकट दूर होगा- वह केवल मां को जानता है और रोकर मां को बुलाता है। मां आकर स्वयं पता लगाती है कि बच्चा क्यों रो रहा है और पता लगाकर स्वयं उसके कष्ट निवारण का उपाय करती है। इसी प्रकार इस अवस्था में भक्त अपने लिए उपयोगी अज्ञात फल के लिए भगवान पर निर्भर करता है और उन्हीं की कृपा से कल्याणकारी फल को प्राप्त करके संतुष्ट होता है। इसमें फलरूप वस्तु का निर्णय भगवान करते हैं, इस दृष्टि से निर्भरता का यह स्तर ऊंचा होने पर भी सकाम भाव होने के कारण यह भी वस्तुत आंशिक ही है। इसके बाद उन भक्तों की बात है, जो केवल भगवान को ही प्राप्त करना चाहते हैं और उसके लिए भगवान पर ही निर्भर करते हैं। इनके लिए भी बिल्ली के बच्चे और छोटे शिशु के उदाहरण दे सकते हैं। ये केवल चिंतन परायण रहते हैं, उसका फल भगवान की प्राप्ति कब होगी, क्यों कर होगी? इस बात को भगवान पर ही छोड़ देते हैं, और वास्तव में यों सब कुछ भगवान पर छोड़ने वाले बड़े लाभ में ही रहते हैं।

# अच्छी बातों से मिलता है लाभ



संकलित
## प्रेरणा

महात्मा बुद्ध का प्रवचन सुनने एक युवक प्रतिदिन आता था। कई दिनों तक प्रवचन सुनने के बाद युवक को लगा कि वह लगातार प्रवचन सुनने आ रहा है लेकिन इसके बावजूद उसके जीवन में कोई परिवर्तन नहीं आ रहा है। जैसा वह पहले था, वैसा ही वह अब है। इसका क्या कारण है। बहुत सोचने के बाद वह इस नतीजे पर पहुंचा कि उसे इस संबंध में बुद्ध से चर्चा करनी चाहिए। यह सब सोचकर वह युवक अगले दिन बुद्ध के पास गया और अपनी शंका के बारे में बताते हुए कहा कि वह रोज उनके प्रवचन सुनने आता है लेकिन इसके बावजूद उसके जीवन में कोई परिवर्तन नहीं आया है। आखिर इसका क्या कारण है कि उसे उनके प्रवचनों को कोई लाभ क्यों नहीं मिल रहा है। तथागत उस युवक की बात बहुत शांत भाव से सुनते रहे। जब वह युवक अपनी बात कह कर चुप हुआ तो बुद्ध कुछ क्षण मौन रहे। फिर उन्होंने मुस्कराते हुए उस युवक से पूछा कि वह कहां रहता है? युवक ने कहा कि वह श्रावस्ती रहता है। उसका जवाब सुनकर तथागत ने फिर पूछा कि वह यहां आता कैसे है? युवक ने कहा कि वह कभी पैदल आता है तो कभी उसे किसी सवारी का साधन मिल जाता है, जिसके सहारे वह यहां तक पहुंच जाता है। बुद्ध ने फिर उस युवक से पूछा कि वह यहां से अपने घर जाता कैसे है? युवक ने बुद्ध से कहा कि जैसे वह यहां आता है, उसी प्रकार वह यहां से जाता है। बुद्ध ने मुस्कराते हुए उस युवक से पूछा कि क्या वह यहां बैठे-बैठे अपने घर नहीं जा सकता?

## सटाका




## आज की पाती

### नालियां जाम, मच्छर बढ़े

सेजबहार हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी में सफाई व्यवस्था चरमा गई है। छोड़ी सी कालोनी और समस्याएं ढेर सारी हैं। समिति के जिम्मे साफ-सफाई और मेंटेनेंस का जिम्मा है। पहले हाउसिंग बोर्ड के जिम्मे होता था, तो महीने में हर गली की सफाई हो जाती है। अब शुल्क लेने के बाद भी साल में एक या दो बार गालियों की सफाई होती है। ऐसे में गालियां जाम हैं और पानी का जमाव होने से मच्छरों का प्रकोप बढ़ता जा रहा है। जब तक कोई शिकायत न हो, लोग हाथ पर हाथ धरे बैठे रहते हैं।

*- राजेंद्र कुमार, सेजबहार*

## ट्रेंड

### दिल्ली का विकास



हमारा एक ही लक्ष्य है- दिल्ली की प्रगति, समृद्धि और विकास। इस सदन का उपयोग करते हुए हम पक्ष -विपक्ष को साथ लेकर चलेंगे। सभी का सहयोग लेते हुए सकारात्मक माहौल में चर्चा करेंगे और दिल्ली का विकास व प्रगति सुनिश्चित करेंगे।
**-रेखा गुप्ता, सीएम, दिल्ली**

### अराजक तत्वों पर कार्रवाई



महाराष्ट्र में किसी की भी कब्र व मजार आदि को क्षति पहुंचाना ठीक नहीं, क्योंकि इससे आपसी भाईचारा, शांति और सौहार्द आदि बिगड़ रहा है। सरकार ऐसे मामलों में खासकर नागपुर के अराजक तत्वों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करे वरना हालात काफी बिगड़ सकते हैं, जो ठीक नहीं।
**-मायावती, पूर्व सीएम, उप्र**

### ओबीसी आरक्षण बढ़ाया



कांग्रेस सरकार ने तेलंगाना में ओबीसी आरक्षण बढ़ाने का वादा पूरा कर दिया है। सामाजिक न्याय की दिशा में यह वाकई एक क्रांतिकारी कदम है। तेलंगाना ने रास्ता दिखा दिया है, यही पूरे देश की ज़रूरत है।
**-राहुल गांधी, कांग्रेस सांसद**

### अडोलसीन्स सीरीज



नेटफलिक्स की अडोलसीन्स एक ऐसी सीरीज है जो वास्तव में महान हो सकती है। यह आपको पात्रों के दिमाग में गहराई से डुबो देती है और आपको खुद पर चिंतन करने का मौका देती है।
**-शेखर कपूर, फिल्मकार**

## करंट अफेयर

# यूरोप में 1997 के बाद से खसरे का सबसे बुरा प्रकोप



विश्व स्वास्थ्य संगठन की एक नयी रिपोर्ट के अनुसार, 1997 के बाद से यूरोप में खसरे के मामलों की संख्या सबसे अधिक है। साल 2024 में 127,350 मामले थे – जो 2023 की तुलना में लगभग दोगुना है। यूरोप के लिए डब्ल्यूएचओ के क्षेत्रीय निदेशक डॉ. हंस हेनरी पी. क्लुगे ने कहा कि खसरा वापस आ गया है और यह एक चेतावनी है। उच्च टीकाकरण दरों के बिना, कोई स्वास्थ्य सुरक्षा नहीं है। पिछले साल खसरे से 38 मौतें हुई थीं। इसका संक्रमण कोविड की तरह ही फैलता है। इसके संक्रमण के कारण हल्के मामलों में शरीर पर दाने आते हैं और बुखार होता है, जबकि गंभीर मामलों में इन्सेफलाइटिस (मस्तिष्क की सूजन), निमोनिया और अंधापन होता है। अस्पताल में भर्ती होने और मृत्यु की आशंका मुख्य रूप से उन लोगों में होती है, जिन्होंने टीके नहीं लिये हैं, तथा विकसित देशों में खसरे के मामलों में मृत्यु दर लगभग 1,000 में से एक से लेकर 5,000 में से एक तक होती है। खसरे से संक्रमित प्रत्येक व्यक्ति औसतन 12 से 18 अन्य लोगों में वायरस फैला सकता है। यह कोविड से ज़्यादा संक्रामक है। उदाहरण के लिए, कोविड के ओमिक्रॉन वैरिएंट से संक्रमित व्यक्ति वायरस को लगभग आठ अन्य लोगों में फैला सकता है।

## ऑफ बीट

# मातृ मृत्यु दर 33 अंक घटकर 2018-20 में 97 हो गई



केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने राज्यसभा को बताया कि भारत ने 2020 तक मातृ मृत्यु अनुपात को घटाकर, प्रति लाख जीवित जन्म पर 100 करने का राष्ट्रीय स्वास्थ्य नीति 2017 का लक्ष्य हासिल कर लिया है और 2030 तक इसे 70 करने के एसडीजी लक्ष्य को हासिल करने की दिशा में अग्रसर है। उच्च सदन को एक प्रश्न के उत्तर में नड्डा ने बताया कि भारत के महा पंजीयक (आरजीआई) द्वारा जारी नमूना पंजीकरण प्रणाली के अनुसार, देश का वर्तमान मातृ मृत्यु अनुपात प्रति लाख जीवित जन्म पर 97 है। उन्होंने कहा कि एमएमआर 2014-16 में 130 था जो 2018-20 में 97 हो गया। इस प्रकार एमएमआर में 33 अंकों की उल्लेखनीय गिरावट आई है। नड्डा ने कहा, भारत ने 2020 तक राष्ट्रीय स्वास्थ्य नीति 2017 के,प्रति लाख जीवित जन्मों पर 100 एमएमआर का लक्ष्य हासिल कर लिया है और 2030 तक एमएमआर प्रति लाख जीवित जन्मों पर 70 का एसडीजी लक्ष्य हासिल करने की दिशा में अग्रसर है। उन्होंने कहा कि भारत में एमएमआर में 83 प्रतिशत की गिरावट आई है, जबकि वैश्विक स्तर पर इसमें 42 प्रतिशत की कमी आई है। इसी तरह, भारत में पांच वर्ष से कम आयु के बच्चों की मृत्यु दर (यू5एमआर) में 75 प्रतिशत की कमी आई है।

## अपने विचार

हरिभूमि कार्यालय
पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016
aapkepatra.haribhoomi@gmail.com
पर भेज सकते हैं।

## खबर संक्षेप



### शिविर में रोजाना 2 हजार लोगों की हो रही जांच

**मंडीदीप।** औद्योगिक नगर में स्वास्थ्य विभाग ने मधुमेह, उच्च रक्तचाप और नॉन-एल्कोहलिक फैटी लिवर डिजीज की रोकथाम और समय पर पहचान के लिए निरोगी काया अभियान शुरू किया है। इस अभियान में अब तक 60 हजार लोगों की स्क्रीनिंग की जा चुकी है। बीएमओ डॉ. अमृता जीवने के अनुसार, यह अभियान 31 मार्च तक जारी रहेगा। सप्ताह में पांच दिन जांच शिविर लगाकर जांच की जा रही है। प्रतिदिन 1800 से 2200 लोगों की जांच की जा रही है।

### मंडल अध्यक्ष डॉ. नागर के साथ आए चौरसिया

**औबेदुल्लागंज।** वार्ड 13 के



मनोज चौरसिया ने पूर्व मंडल अध्यक्ष सोनू चौकसे का साथ छोड़ कर नए मंडल अध्यक्ष डॉ. भूपेंद्र नागर के साथ आ गए हैं। वहीं वार्ड 13 में मनोज चौरसिया जिला महामंत्री और व्यापार मीडिया प्रभारी नीरज चावला एवं व्यापार महासंघ के कोषाध्यक्ष, पूर्व पार्षद आशीष दीक्षित किसके खास हैं, क्योंकि चौरसिया तीनों को समय-समय पर खास बनने की बात कहते हैं। वहीं स्वच्छता एंबेसडर पुरुषोत्तम शर्मा ने कहा कि सबको छोड़ो मेरा साथ दो।

### शांति व्यवस्था बनाए रखने निकाला फ्लैग मार्च



**औबेदुल्लागंज।** एसडीएम चंद्रशेखर श्रीवास्तव, एसडीओपी शीला सुराणा, तहसीलदार निलेश सरवटे, टीआई बीपी सिंह सहित पुलिस दल ने मंगलवार शाम करीब 7 बजे फ्लैग मार्च निकाला गया। इस दौरान रंगपंची का पर्व नगर में शांति, भाईचारे, एकता के लिए मनाने का संदेश दिया।

### महावीर परमार्थिक ट्रस्ट के अध्यक्ष बने सुनील

**औबेदुल्लागंज।** महावीर



परमार्थिक ट्रस्ट एवं जैन समाज के अध्यक्ष का चुनाव किया गया। इस दौरान तामोट के सुनील को निर्विरोध अध्यक्ष चुना गया। ज्ञात हो कि महावीर परमार्थिक ट्रस्ट का चुनाव हर 3 साल में होता है।

### एप्को कल से पांच दिन देगी प्रोफेसर्स को प्रशिक्षण

**भोपाल।** राजधानी स्थित एप्को (एन्वारमेंटल प्लानिंग एंड को-आर्डिनेशन ऑर्गेनाइजेशन) में 21 से 25 मार्च के बीच प्रदेश के सरकारी कॉलेजों के प्रोफेसर्स को प्रशिक्षण दिया जाएगा। इस प्रशिक्षण का विषय एन्वायरमेंटल सस्टैनबिलिटी एंड क्लाइमेट चेंज रहेगा। इसके लिए उच्च शिक्षा विभाग की ओर से संबंधित सरकारी कॉलेजों के प्राचार्यों को आदेश जारी कर दिए गए हैं।

### पीएचक्यू में चार एआईजी को नवीन कार्य आवंटन

**भोपाल।** पुलिस मुख्यालय ने एआईजी स्तर के चार अधिकारियों की विभिन्न शाखों में नवीन कर आवंटन आदेश जारी किया है। इस क्रम में एआईजी अमित सक्सेना को कार्मिक शाखा, एआईजी गोपाल सिंह धाकड़ को चयन एवं भारती शाखा, संतोष सिंह भदौरिया को एआईजी पीटीआरआई, एआईजी नीतू ठाकुर को रेडियो मुख्यालय का प्रभार सौंपा गया है।

**शुभांक**

| | | | |
|---|---|---|---|
| कल्याण: | 2736 | | |
| दिन: | 244 | 01 | 290 |
| रात: | 580 | 32 | 156 |
| तारा: | | | |
| दिन: | 147 | 27 | 269 |
| रात: | 189 | 86 | 358 |

## कलेक्टर की जनसुनवाई में आए 98 पीड़ितों ने आवेदन देकर लगाई मदद की गुहार

# कॉलोनाइजर अवैध कॉलोनी काटकर गायब रहवासी हुए बिजली-पानी के लिए मोहताज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

शहर के आसपास अवैध कॉलोनियों का कारोबार थमने का नाम नहीं ले रहा है। कॉलोनाइजर्स किसानों के साथ मिलकर सस्ते का लालच देकर प्लॉट बेच रहे हैं, जबकि बिजली, पानी, सीवेज और अन्य सुविधाओं के लिए खरीदारों को परेशान होना पड़ रहा है। मंगलवार को कलेक्टर की जनसुनवाई में देवलखेड़ी रोड लांबाखेड़ा के रहवासियों ने शिकायत दर्ज कराई, जिसमें बताया कि भूमाफिया अवैध कॉलोनी में प्लॉट बेचकर रफूचक्कर हो गए। उन्होंने प्लॉट बिजली, पानी, सड़क सहित अन्य सुविधाओं का दावा करते हुए बेचे थे, लेकिन यह सुविधाएं अब भी रहवासियों को उपलब्ध नहीं कराई गई हैं। मंगलवार को जनसुनवाई में 98 लोगों ने शिकायती आवेदन पेश कर मदद की गुहार लगाई।

### धोखे से बेचे गए हैं प्लॉट

हुजूर तहसील के देवलखेड़ी रोड लांबाखेड़ा स्थित बालाजी पुरम कॉलोनी के रहवासी शिवानी रैकवार, प्रियंका, नारायण सिंह, गोलू दांगी, रेखा सहित अन्य रहवासियों ने शिकायत करते हुए बताया कि उनको धोखे से प्लॉट बेचे गए हैं। उनसे बिजली, पानी, सड़क सहित अन्य सुविधाओं की व्यवस्था करने का दावा किया था, लेकिन बिल्डर अब तक ट्रांसफार्मर तक नहीं रखवाया है, जिससे गर्मी में बुरा हाल हो रहा है। मामले की जांच एडीएम अंकुर मेश्राम ने हुजूर एसडीएम विनोद सोनकिया को सौंपी है।



**गुलाब बाई के चेरहे पर आई मुस्कान**

विदिशा रोड स्थित शिव नगर कॉलोनी निवासी दिव्यांग गुलाब बाई पंथी को कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह के निर्देश पर सामाजिक न्याय विभाग के उपायुक्त आरके सिंह ने ट्राई साइकिल भेंट की, जिससे दिव्यांग महिला के चेहरे पर मुस्कान आ गई।

### टीएल के पहले निपटा लें 400 आवेदन

जनसुनवाई में जिला पंचायत सीईओ इला तिवारी ने सभी विभागों के अफसरों से कहा कि सोमवार को होने वाली टाइम लिमिट बैठक के पहले 400 पेंडिंग आवेदनों को निपटा लिया जाए। उन्होंने कहा कि कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह इन आवेदनों की सोमवार को समीक्षा करेंगे। यदि बिना किसी ठोस कारण के आवेदन लंबित मिला तो संबंधित अधिकारी पर कार्रवाई की जाएगी।

## लिव इन पार्टनर ने शादी से मना किया तो फंदे पर झूली युवती

**भोपाल।** ऐशबाग थाना इलाके में 25 साल की युवती ने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। युवती प्राइवेट जॉब करती थी और पति की मौत के बाद लिव इन रिलेशन में एक युवक के साथ रह रही थी। परिजनों का आरोप है कि लिव इन पार्टनर ने शादी से इंकार कर दिया था, इस लिए युवती ने व्यथित होकर यह कदम उठाया। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

पुलिस के मुताबिक 25 वर्षीय हेमलता राजपूत मूल रूप से चंदेरी के पास की रहने वाली थी। करीब 4 साल पहले विदिशा में हुए एक सड़क हादसे में उसके पति की मौत हो गई थी। इसके बाद वह भोपाल में एक युवक दीप सागर उर्फ दीपू के साथ लिव इन रिलेशन में रहने लगी। युवती के सुसाइड करने के बाद परिजनों ने पुलिस को बताया कि वह दीप सागर से शादी करना चाहती थी, लेकिन उसने मना कर दिया था। युवती का 4 माह का बच्चा भी है। पुलिस का कहना है कि फिलहाल पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है। जांच अधिकारी काशीराम का कहना है कि परिजनों ने जिस युवक पर आरोप लगाए है वह अभी दिल्ली में है। पुलिस ने उसको बयान दर्ज कराने के लिए बुलाया है।

## हाथ में मोबाइल लेकर चलने वालों से झपटकर हो जाते थे फरार

# झपट्टा मारकर मोबाइल लूटने वाले दो आरोपी पकड़ाए, आठ मोबाइल और बाइक जब्त

मालिकों का पता लगाने निकलवाई जाएगी सीडीआर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

अयोध्या नगर पुलिस ने दो मोबाइल झपटमारों को गिरफ्तार कर उनके पास से आठ मोबाइल फोन और एक बाइक बरामद की है। आरोपियों द्वारा पिछले लंबे समय से शहर के अलग-अलग इलाकों में लोगों से मोबाइल फोन झपट रहे थे। पुलिस के मुताबिक मुखबिर की सूचना पर अर्जुन नगर मैदा मिल के सामने एमपी नगर निवासी 20 वर्षीय अभिषेक चौहान पिता श्रीनाथ प्रसाद और उसके पड़ोसी 19 वर्षीय शाबान पिता मोहम्मद शमीम को गिरफ्तार किया है। उनके पास से झपटे गए आठ मोबाइल बरामद किए हैं। इसके अलावा एक बाइक भी बरामद की गई है, जिसका उपयोग उनके द्वारा वारदातों में किया जाता था। आठ मोबाइल लूट में से दो अयोध्यानगर इलाके में की है, जबकि बाकी छह मोबाइल के बारे में पुलिस पूछताछ कर रही है।

प्रारंभिक पूछताछ में आरोपियों ने बताया है कि वे यह मोबाइल एक परिचित युवक को औने-पौने दामों में बेंच दिया करते थे। पुलिस उसकी भी तलाश कर रही है। इसके अलावा सभी छह मोबाइल फोन की सीडीआर भी निकलवाई जा रही है, जिससे उनके मालिकों का पता लगाया जा सके।



### 26 फरवरी को भवानी टाउन से लूटा था मोबाइल

पकड़े आरोपी में शामिल अभिषेक पुराना बदमाश है। उसके खिलाफ पूर्व से चोरी, हत्या के प्रयास मारपीट, डकैती और आर्म्स एक्ट के करीब आठ मामले विभिन्न थानों में दर्ज हैं। वह दिखाने के लिए पुताई का भी काम करता है। उसके साथी का कोई पुराना आपराधिक रिकॉर्ड नहीं मिला है। वह पेशे से मजदूर हैं। आरोपियों का कहना है कि वे केवल हाथ में मोबाइल लेकर चलने वालों के साथ ही वारदात करते हैं। उल्लेखनीय है कि आरोपियों ने 26 फरवरी को भवानी टाउन सागर गैरे के पीछे अयोध्यानगर निवासी 22 वर्षीय आदित्य राज सोनी पिता राकेश कुमार सोनी से रात करीब पौने दस बजे बाइक सवार दो बदमाशों ने एक मोबाइल फोन झपट लिया था। उस समय वे घर के समीप ही टहल रहे थे। यह मोबाइल फोन भी आरोपियों से बरामद किया गया है। यह मोबाइल हुए बरामद पुलिस के मुताबिक आरोपियों से वन प्लस नोट 2, 5 जी, ओप्पो कंपनी का काले रंग का, वीवो कंपनी का एक नीला और एक स्लेटी रंग का मोबाइल बरामद हुआ है। इसके अलावा रीयलमी कंपनी के चार मोबाइल बरामद हुए हैं। इनमें लाल, सफेद, आसमानी नीले रंग और पर्पल रंग का एक एक मोबाइल शामिल है।

### नीट की तैयारी कर रही छात्रा ने किया सुसाइड, मां से कहा-डिस्टर्ब मत करना

**भोपाल।** निशातपुरा इलाके में नीट की तैयारी कर रही एक छात्रा ने सुसाइड कर लिया। बताया जा रहा है कि वह आगामी मई में होने वाले नीट एक्जाम को लेकर तनाव में थी। हालांकि उसने कोई सुसाइड नोट नहीं छोड़ा है। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के मुताबिक शिव नगर निवासी 20 वर्षीय पलक डाबी पिता मुकेश डाबी ने बारहवीं के बाद एक साल का ड्राप लिया था और वह नीट की तैयारी कर रही थी। सोमवार की शाम 6 उसने अपनी मां से कहा कि वह कमरे में पढ़ रही है, इसलिए डिस्टर्ब मत करना। करीब 7 बजे मां ने चाय पीने के लिए गेट खटखटाया तो कोई आहट नहीं हुई। इसके बाद मां ने भांजे को बुलाया और गेट नहीं खोले जाने की बात कही। तब उसने गेट तोड़ा तो छात्रा साड़ी का फंदा लगाकर पंखे के कुंदे से झूलती नजर आई। सूचना के आधार पर पुलिस पहुंची और घटनास्थल की जांच की। इसके बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। परिजनों ने पुलिस को बताया कि नीट परीक्षा को लेकर पलक डाबी काफी दिनों से परेशान थी। उसने यह बात अपनी दादी से भी कही थी कि कुछ अच्छा नहीं लग रहा, क्या पता डॉक्टर बन भी पाऊंगी या नहीं। पुलिस मर्ग कायम कर घटना की जांच कर रही है।

### अशोका गार्डन में महिला ने लगाई फांसी

इसी तरह से अशोका गार्डन थाना क्षेत्र स्थित इंडस्ट्रीयल एरिया के गौतम नगर झुग्गी बस्ती में रहने वाली 29 वर्षीय पूजा खरवार पत्नी रोहित खरवार ने फांसी लगा ली। उसकी शादी 2020 में हुई थी। उसके तीन बच्चे भी हैं। पति घटना के वक्त इंडस्ट्रीयल एरिया में ड्यूटी पर गया हुआ था। रात में बच्चे सो रहे थे, जिससे उन्हें भी भनक नहीं लगी। अभी तक मौत को लेकर कोई ठोस वजह सामने नहीं आई है।

### नव विवाहिता ने घर में फांसी लागकर दी जान

**भोपाल।** अरेरा हिल्स पुलिस के मुताबिक भीम नगर निवासी 28 वर्षीय निशा कुशवाह पति राजेश कुशवाह ने रात करीब 11 बजे घर में ही फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना का पता तब चला जब उसका पति ड्यूटी से घर लौटा। पति एमपी नगर की एक होटल में जॉब करता है। वह मूलतः रीवा जिले का रहने वाला है। मृतका की चार साल पहले शादी हुई थी। उसको किसी तरह की संतान भी नहीं था। पुलिस ने मौत के संबंध में मायके पक्ष को भी सूचना दे दी है। मामले की जांच एएसआई राजेश शर्मा कर रहे हैं। प्रकरण नव विवाहिता की मौत से जुड़ा है। इसलिए मामले की जांच एसीपी एमपी नगर संभाग की तरफ से की जाएगी। इधर, कमला नगर इलाके के नया बसेरा निवासी 36 वर्षीय गोपाल धनौरे पिता रंगलाल धनौरे ने सोमवार को फांसी लगाकर खुदकुशी कर लिया। वह मिस्त्री का काम करता था। उसको परिजन फंदे से उतारकर हजेला अस्पताल ले गए थे। वहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया।

## दुर्लभ बीमारी से पीड़ित नवजात को हमीदिया में छोड़ गए माता-पिता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मप्र मानव अधिकार आयोग ने भोपाल जिले के दो मामलों में संज्ञान लिया है। पहला मामला हमीदिया अस्पताल में एक दुर्लभ बीमारी से पीड़ित नवजात को उसके माता-पिता छोड़कर जाने का है। आयोग के संज्ञान में आया है कि नवजात को दुर्लभ न्यूरोलॉजिकल बीमारी 'हाइड्रोसिफलस' है, जिसमें सिर में असामान्य रूप से पानी भर जाता है। डॉक्टर के अनुसार, बच्चे को अस्पताल में भर्ती कराने के बाद उसके माता-पिता उसे अस्पताल में छोड़कर चले गए। मामले में आयोग ने कलेक्टर एवं हमीदिया अस्पताल अधीक्षक को जांच के निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही पीड़ित नवजात के ईलाज, देखभाल एवं सुरक्षा के संबंध में की गई कार्रवाई की रिपोर्ट भी तलब की है।

**मप्र मानव अधिकार आयोग ने कलेक्टर और अस्पताल अधीक्षक से की रिपोर्ट तलब**

### प्रतिबंध के बाद भी शहर में धड़ल्ले से बिक रहा चाइनीज मांझा

शहर में चाइनीज मांझे की बिक्री पर प्रतिबंध लगने के बावजूद धड़ल्ले से बिक्री हो रही है। आयोग के संज्ञान में आया है कि लालघाटी क्षेत्र से लेकर वीआईपी रोड तक शाम होते ही बड़ी संख्या में लोग पतंग उड़ाते नजर आते हैं। पतंग उड़ाने वाले लोग चाइनीज मांझे का उपयोग कर रहे हैं। इस कारण दोपहिया वाहन चालक गंभीर रूप से घायल हो रहे है। आयोग ने कलेक्टर एवं पुलिस कमिश्नर से मामले की जांच के निर्देश दिए हैं। साथ ही आयोग ने कहा है कि चाइनीज मांझे की बिक्री पर रोक होने और इसके उपयोग से व्यक्तियों का जीवन जोखिमपूर्ण होने की संभावना को देखते हुए किसी व्यक्ति के द्वारा इसकी बिक्री या उपयोग के संबंध में रिपोर्ट नहीं करने मात्र से इसकी बिक्री या उपयोग की मौन स्वीकृति नहीं दी जा सकती है, प्रभावी कार्रवाई अपेक्षित है। इस संबंध में जांच कराकर की गई कार्रवाई का प्रतिवेदन भी मांगा है।

## वन विहार की सीमा से 100 मीटर के दायरे में नहीं होंगे निर्माण

**भोपाल।** जिला प्रशासन की संयुक्त टीम ने मंगलवार को वन विहार नेशनल पार्क की सीमा से 100 मीटर तक इको सेंसिटिव जोन की मैपिंग पूरी कर ली है। इसमें अतिक्रमण और अन्य निर्माण कार्यों को चिन्हित किया गया है। इसमें कोई भी नया निर्माण नहीं होगा, जो अस्थाई निर्माण है उसे भी हटाने के लिए नोटिस जारी किए गए हैं।

एसडीएम अर्चना रावत शर्मा ने बताया कि वन विहार के भदभदा गेट की तरफ के इको सेंसटिव जोन का सीमांकन किया गया। वन विहार से 100 मीटर के दायरे में तीन गांव- प्रेमपुरा,धरमपुरी और आमखेड़ा आ रहे हैं। हालांकि धरमपरी में पानी भरा है, इसलिए उसके सांकेतिक सीमा तय की गई। यहां मुनारें लगाई जाएगी। जिनके अस्थाई निर्माण आ रहे हैं, उन्हें हटाया जाएगा। इसके लिए नोटिस जारी किए गए है। इधर, बोट क्लब वाले गेट के पास इको सेंसटिव जोन के दायरे में इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मानव संग्रहालय का कुछ हिस्सा आ रहा है। हालांकि यह पूरा हिस्सा खाली पड़ा है और कोई निर्माण नहीं है। उन्होंने बताया कि इस बोट क्लब रोड़ पर कोई दुकानें नहीं आ रही है, वहां जो होटल और दुकानें बनी है, वह 100 मीटर के दायरे से बाहर है। एसडीएम शर्मा ने बताया कि इको सेंसेटिव जोन के सीमाओं पर बोर्ड भी लगा दिए गए हैं।

## नवरात्रि पर खेड़ापति माता मंदिर में होगी नौ देवी की स्थापना

**औबेदुल्लागंज।** चैत नवरात्रि पर सबसे पुराने खेड़ापति माता मंदिर हिरानिया में नौ देवी की स्थापना होगी। खेड़ापति मंदिर के समिति अध्यक्ष डॉ. माखन सिंह नागर, उपाध्यक्ष रामेश्वर नागर, कोषाध्यक्ष योगेश तिवारी, सचिव जेपी मिश्रा, संरक्षक मीसाबंदी रामकिशोर शर्मा, नारायण सेन, जिला भाजपा उपाध्यक्ष नरेंद्र शर्मा ने बताया कि जन सहयोग से खेड़ापति माता मंदिर में भगवान शंकर-पार्वती परिवार की मूर्तियों की स्थापना करने के लिए तैयारी जोरों पर चल रही है। वहीं खेड़ापति माता मंदिर को सुंदर और आकर्षित बनाया जा रहा है, जिससे भक्तों और श्रद्धालुओं को माता के दर्शन में किसी प्रकार की असुविधा न हो। यहां माता के दर्शन को बड़ी संख्या में श्रद्धालु आते हैं।

**भोपाल में पहली बार 23 को होगी सिंधी मैराथन**

## युवाओं को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करेगी मैराथन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ संतनगर

सिंधी मेला समिति द्वारा रविवार 23 मार्च को शहीद हेमू कालानी के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में सुबह 6 बजे सिंधी समाज के युवाओं के लिए सिंधी मैराथन का आयोजन किया जा रहा है।

समिति के अध्यक्ष मनीष दरयानी, महासचिव नरेश तलरेजा, इस मैराथन कार्यक्रम के संयोजक कपिल भाटिया सह- संयोजक राम आसुदानी एवं दीपक राजानी ने बताया कि भोपाल में पहली बार 'सिंधी मैराथन' का आयोजन किया जा रहा है। इस मैराथन के माध्यम से युवाओं को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया जा सकेगा। इसके अलावा इस मैराथन में



विशेष अतिथि के रूप में अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त खेल हस्ती, पद्मश्री एवं पद्मभूषण से सम्मानित पंकज आडवाणी को आमंत्रित किया गया है। यह मैराथन लालघाटी स्थित सनसिटी गार्डन से सुबह 6 बजे शुरू होगी। यह मैराथन 2.5 किमी, 5 किमी की श्रेणियों में आयोजित होगी। 2.5 किमी सनसिटी से नीना पैलेस यू टर्न लालघाटी होते हुए वापस सनसिटी पहुंचेगी। 5 किमी वाली सनसिटी से नीना पैलेस यू टर्न लालघाटी चौराहा से वीआईपी रोड इंपीरियल सेब्रे होते हुए वापस सनसिटी पहुंचेगी।

## आज रंग पंचमी पर निकलेगा चल समारोह बरसेगा रंग-गुलाल

**औबेदुल्लागंज।** हिंदू उत्सव समिति के तत्वावधान में बुधवार को धूमधाम से रंग पंचमी का चल समारोह मैन चौराहे से सुबह 10 बजे शुरू होकर मैन रोड होते हुए सीताराम चौराहे पर समाप्त होगा। चल समारोह में ठंडाई वितरण होगी एवं डीजे की धुन पर युवा झूमते हुए दिखेंगे। चल समारोह में बड़ी संख्या में हुरियारों पर गुलाल और रंग बरसेगा। चल समारोह नगर के कई क्षेत्रों से गुजरेगी।

हिंदू उत्सव समिति अध्यक्ष राजेश खटीक, कमल नरेश मालवीय, विक्रम धाड़ी, संतोष गुप्ता, सुधीर कमल, बंटी जोशी, कमलेश लोधी, राहुल माहेश्वरी, व्यापार संघ, किराना व्यापार संघ, जन प्रतिनिधि, पार्षद के साथ गणमान्य नागरिक शामिल होंगे।



## विद्यार्थी परिषद ने मनाया होली मिलन समारोह

**मंडीदीप।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की नगर ईकाई के नेतृत्व में होली मिलन समारोह मंगलवार को मनाया गया। अभाविप जिला संगठन मंत्री केशव सूर्यवंशी ने कहा कि रंगों का त्योहार होली आपसी सद्भावना का प्रतीक है।

उन्होंने कहा जिस प्रकार होली के रंग वातावरण को उल्लास और उत्साह से भर कर खुशियां फैलाते हैं। उसी प्रकार हमें भी आपसी बेर भुलाकर मिलजुल कर खुशी से रहना चाहिए। इस मौके पर सभी कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे को गुलाल लगाया और गले मिल कर बधाई दी। इसके बाद सभी कार्यकर्ताओं ने जमकर होली खेली और मस्ती की।

**रोड सेफ्टी एम्पावरमेंट ड्राइव का आयोजन**

# आईआईएफएल होम फाइनेंस ने भोपाल पुलिस को 200 हेलमेट, 100 बैरिकेड्स वितरित किए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

आईआईएफएल होम फाइनेंस लिमिटेड ने अपनी कॉर्पोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी (सीएसआर) पहल के तहत शहर के ट्रैफिक पुलिस अधिकारियों के साथ रोड सेफ्टी एम्पावरमेंट ड्राइव का आयोजन किया। भोपाल पुलिस के प्रयासों के प्रति सम्मान प्रदर्शित करते हुए आईआईएफएल होम फाइनेंस ने शहरभर में सुरक्षित सड़कें सुनिश्चित करने के लिए चल रहे सोशल कॉज को सपोर्ट करने के लिए 200 आईएसआई-ब्रांडेड




हेलमेट और लगभग 100 बैरिकेड्स का वितरण किया।

यह कार्यक्रम भोपाल पुलिस कंट्रोल रूम में आयोजित किया गया। जिसमें भोपाल पुलिस के मुखिया पुलिस कमिश्नर हरिनारायणचारी मिश्रा, डीसीपी श्रद्धा तिवारी और एडिशनल डीसीपी नीतू ठाकुर शामिल थे। आईआईएफएल होम फाइनेंस के वरिष्ठ प्रतिनिधियों ने भी इस कार्यक्रम में भाग लिया, जिनमें जोनल सेल्स हेड अमित सेंगर और जोनल सेल्स मैनेजर अभिषेक जोशी शामिल थे। आईआईएफएल होम फाइनेंस के जोनल सेल्स हेड अमित सेंगर ने अपने विचार साझा करते हुए कहा कि आईआईएफएल होम फाइनेंस में हमारी प्रतिबद्धता सार्थक सामाजिक पहलों के माध्यम से सकारात्मक और स्थायी प्रभाव पैदा करने में निहित है। हमारा लक्ष्य सिर्फ समाज की मदद करना नहीं है, बल्कि सकारात्मक बदलाव लाना है, ताकि हमारी कम्युनिटी अधिक सुरक्षित और बेहतर बन सके। भोपाल पुलिस को जरूरी सुरक्षा उपकरण मुहैया कराकर, हम सड़कों को सुरक्षित बनाने में सीधी भूमिका निभाने का प्रयास कर रहे हैं।

बैठक में लिया जन जागरण अभियान चलाने का निर्णय

## शादियों में फिजूल खर्चे और कॉकटेल पार्टी पर प्रतिबंध लगाएगी सिंधी पंचायत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ संतनगर

प्रमुख सामाजिक संस्था पूज्य सिंधी पंचायत के तत्वावधान में मंगलवार को होली मिलन व साधारण सभा की बैठक पंचायत अध्यक्ष माधु चांदवानी की अध्यक्षता में झूलेलाल मंदिर में आयोजित की गई। बैठक में गुलाल का टीका लगाकर होली की बधाई दी।

अध्यक्ष माधु चांदवानी ने हुए कहा कि पंचायत द्वारा समाज हित में कई कार्य किए जा रहे हैं, जिसमें पंचायत द्वारा जन जागरण अभियान चलाया गया था कि तैरहवी (बारहवां मृत्यु भोज) पूर्ण प्रतिबंध रहेगा, जिसमें पंचायत ने सफलता हासिल की। अब पंचायत शादियों में फिजूल खर्चे और कॉकटेल आदि पर प्रतिबंध लगाने के लिए जन जागरण अभियान चलाएगी। इसके अलावा शादियों में दूल्हा-दुल्हन मंच पर समय पर नहीं पहुंचते हैं, जिसके कारण कई समस्याओं का सामना करना पड़ता है, इसके लिए भी अभियान चलाया जाएगा। इसके अलावा पंचायत के पूर्व महासचिव सुरेश जसवानी ने सुझाव देते हुए बताया कि भोपाल के विकास के लिए जो योजना बनाई गई है, विशेषकर सड़क निर्माण उसमें संत



हिरदाराम नगर को वंचित किया गया है। इसलिए सब एक जुट होकर इसके लिए विधायक व सांसद से मिलकर अपना विरोध प्रकट करें। कार्यक्रम को भाजपा मण्डल के पूर्व अध्यक्ष चन्द्र कुमार इसरानी, शिक्षाविद विष्णु गेहाणी, थोक वस्त्र व्यवसाय संघ के अध्यक्ष कन्हैयालाल इसरानी, नंद दादलानी, भरत आसवानी, बसंत चेलानी, मनीष बागवानी, हीरो हिन्दू, घनश्याम लालवानी, राज मनवानी, नरेश तोलानी, कमल वीधानी, महेश खटवानी, जेठानंद मंगतानी, माधव पारदासानी, हरीश मेहरचंदानी ने भी होली की बधाई देते हुए अपने विचार रखे।

# कहीं तू रो पड़ी तो लोग कहेंगे- भगत की मां रो रही है...

## शहीद भवन में नाटक 'इंकलाब का सैलाब-भगत' का मंचन व लोकगीतों की प्रस्तुति



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मां मेरी लाश लेने तू मत आना, कुलबीर को भेज देना, कहीं तू रो पड़ी तो लोग कहेंगे भगत की मां रो रही है.... भगत के इस डॉयलाग ने सभागार में मौजूद दर्शकों की भी आंखे नम कर दीं। मौका था दो दिवसीय कोपल राष्ट्रीय नाट्य महोत्सव में नाटक 'इंकलाब का सैलाब - भगत' के मंचन का।

नाटक में लेखन व निर्देशन प्रख्यात रंगकर्मी कर्मवीर सिंह राजपूत का रहा। नाटक में छोटे छोटे अंशों के रुप में भगत सिंह की जर्नी दिखाई गई। इससे पहले पूर्वरंग में संगीता सिन्हा एवं साथी कलाकारों द्वारा छत्तीसगढ़ के पारंपरिक लोकगीतों की प्रस्तुति ने श्रोताओं को भाव विभोर कर दिया।

### छत्तीसगढ़ के पारंपरिक लोकगीतों से सजी संध्या

नाटक से पहले पूर्वरंग में छत्तीसगढ़ के पारंपरिक लोकगीतों का आयोजन हुआ जिसमें गाइए गणपति जग वंदन... गणेश वंदना की प्रस्तुति के बाद विरह गीत डारा ले टूट के पान गिरे देखो भुइय्या ल जी..... सुनाया गया। वहीं अगली प्रस्तुति के रुप में कायाखंडी गीत, बिरना बिरना बिरना यहो बिरना चोला तन.... ने श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। इसके बाद परीगीत गोड के गवागे बिछिया गंगाजल..... और देवार करमा थोकन धीरे-धीरे नाच रे की प्रस्तुति खास रही।



### 23 वर्ष की छोटी सी उम्र में युगपुरुष बने भगत

*तदोपरांत नाटक 'इंकलाब का सैलाब- भगत' की प्रस्तुति में भगत सिंह के विचारों को दर्शकों और आज की युवा पीढ़ी तक पहुंचने का प्रयास किया गया। अमर क्रांतिकारी भगतसिंह, राजगुरु और सुखदेव की शहादत को समर्पित श्रद्धासुमन के रुप में मंचित इस नाटक में दिखाया कि भगत जीवन के अंतिम क्षण तक अपने निर्णय पर अडिग रहे और फांसी के तख्ते पर खड़े होकर भी इंकलाब जिंदाबाद के नारे को भारतीयों के दिलों तक पहुंचाया और इस प्रकार 23 वर्ष की छोटी सी उम्र में भगतसिंह युगपुरुष बन गए।*

---

### श्यामला पहाड़ी पर 'होरी हो ब्रजराज' का सतरंगी नज़ारा

# यमुना तट श्याम खेलत होरी....







हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

फागुन के आसमान पर खिली चांद की दूधिया रोशनी में जब प्रेम का बावरा-भीगा रंग परवान चढ़ा तो झील-पहाड़ियों के शहर का क़तरा-क़तरा थिरक उठा। राधा और गोपियों के संग कान्हा ने और भी दिलकश बना दिया। फिज़ाओं में गूंज उठा- यमुना तट श्याम खेलत होरी। ये नज़ारा ब्रज और मैनपुरी लोक अंचल में सदियों से प्रचलित होली के गीतों का था। प्रसिद्ध नृत्यांगना क्षमा मालवीय ने पुरू कथक अकादमी के पिचहत्तर से भी ज्यादा कलाकारों की टोली बनाई और इस मंडली के साथ अभिनय और लयकारी का इन्द्रधनुष रच दिया। 'विश्वरंग' जैसे विशाल सांस्कृतिक महोत्सव के रचयिता संतोष चौबे की इस सतरंगी पहल से तैयार हुए दिलकश ताने-बाने को कला समीक्षक-उद्घोषक विनय उपाध्याय की पुरकशिश आवाज़ में सुनना एक अलहदा रूमानी अहसास था। अनूप जोशी बंटी ने प्रकाश-परिकल्पना से और भी सजीला बना दिया। डॉ. अदिति चतुर्वेदी वत्स ने इस आयोजन के हर आयाम को सुंदर बानगी प्रदान की। टैगोर विश्व कला एवं संस्कृति केन्द्र की ओर से मानव संग्रहालय के मुक्ताकाश मंच पर 'होरी हो ब्रजराज' की शक्ल में सजी यह सलोनी शाम यकीनन एक मीठी-मदिर याद की तरह दर्शकों के ज़ेहन में मुद्दतों तक क़ायम रहेगी। गीत-संगीत की हमजोली में 'होरी हो ब्रजराज' प्रेम और सद्भाव की सुंदर मिसाल बना। संतोष कौशिक और राजू राव ने इन गीतों का संगीत संयोजन किया है।

#### आज मोहे रंग में बोरो री....

करीब सवा घंटे के इस जादुई मंजर की शुरूआत चलो सखी जमुना पे मची आज होरी से होती है। कृष्ण, उनकी प्रिय सखी राधा और गोकुल के ग्वाल-बाल मिलकर रंग-गुलाल के बीच मीठी छेड़छाड़ का उल्लास भरा माहौल तैयार करते हैं। फागुन की अलमस्ती और उमंगों का सिलसिला होली गीतों के साथ आगे बढ़ता है और ताल पर ताल देता आज मोहे रंग में बोरो री पर जाकर मिलन और आत्मीयता में सराबोर होता है। शास्त्रीय राग-रागिनियों की छाया अनोखा स्वाद और आनंद देती है। समारोह का आकर्षण प्रशांत सोनी द्वारा संयोजित चित्र प्रदर्शनी रही। इस अवसर पर पुस्तिका 'होरी हो ब्रजराज' तथा आईसेक्ट पब्लिकेशन का विश्व पुस्तक मेला बुलेटिन विशेषांक का लोकार्पण भी हुआ।

---

### गंगा-जमुनी तहजीब की मिसाल रोजा-होली

## फूलों वाली होली के साथ रोजा इफ्तार का आयोजन







हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मोहब्बत, भाईचारे और एकता का पैगाम देते हुए, बेगम्स ऑफ भोपाल क्लब और वीस संस्था के सदस्यों ने होली मिलन और रोजा इफ़्तार का आयोजन किया। इस अनोखी पहल में तकरीबन 25 महिलाओं ने शिरकत की। हिंदू मुस्लिम एकता का संदेश देते इस आयोजन में शहर की महिलाओं ने बड़ी संख्या में शिरकत की और गले मिल एक दूसरे को होली की शुभकामनांए भी देते हुए गंगा-जमुनी तहजीब की मिसाल दी। इस अवसर पर सभी ने मिलकर संकल्प लिया कि जिस तरह हर वर्ष ईद और दिवाली मिलन आयोजित किया जाता है, उसी तरह अब होली मिलन भी धूमधाम से मनाया जाएगा।

---

### त्रि-दिवसीय कारंत स्मृति नाट्य समारोह कल से

**भोपाल।** कोशिश नाट्य संस्था द्वारा त्रि-दिवसीय ब.व. कारंत स्मृति नाट्य समारोह एवं फिल्म प्रदर्शन का आयोजन 20 मार्च से 22 मार्च तक शहीद भवन में किया जा रहा है। रोजाना शाम 7 बजे आयोजित इस कार्यक्रम में 20 मार्च को नाटक 'टूटते-परिवेश' का मंचन होगा जिसमें लेखन विष्णु प्रभाकर का और निर्देशन सरोज शर्मा का है। वहीं 21 मार्च को नाटक 'अस्सी लाख' मंचित होगा। कहानी भवेन्द्र नाथ सैकिया की और नाट्य रूपांतरण आशीष पाठक निर्देशन रुपेश तिवारी का है। वहीं 22 मार्च को नाटक 'तुलसी दास' का मंचित होगा, जिसमें लेखक सतीश दवे एवं संजय मेहता एवं निर्देशन संजय मेहता का है।

### *किशोर अवॉर्ड समारोह और कुमार शानू के गीतों की प्रस्तुति 22 को*

**भोपाल।** बॉलीवुड प्लेबैक सिंगर किशोर कुमार को समर्पित संस्था किशोर कुमार फैंस क्लब की ओर से 22 फरवरी को कुमार शानू के गीतों की श्रृंखला एवं किशोर अवॉर्ड समारोह का आयोजन होने जा रहा है। 9 मसाला रेस्त्रां में शाम 6.30 बजे शुरू होने वाले इस कार्यक्रम में शहर के शौकिया कलाकारों की लाइव प्रस्तुति होगी। समारोह के संयोजक डॉ. राजेश कुमार ने बताया कि कार्यक्रम में संगीत के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए प्रसिद्ध गायिका संदीपा पारे को किशोर अवॉर्ड से सम्मानित किया जायेगा। इसके साथ ही कार्यक्रम में प्रसिद्ध न्यूरो सर्जन डॉ. टीएन दुबे, वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. संजय पोफली, वरिष्ठ गायक राजेन्द्र मालवीय, डीएसपी अजय मिश्रा, गेस्ट्रो सर्जन डॉ. अभिजीत देशमुख द्वारा कुमार शानू के गीतों की प्रस्तुति दी जाएगी। इस अवसर पर प्रसिद्ध रंगकर्मी राजीव वर्मा, सितार वादिका स्मिता नागदेव, सहित नामचीन हस्तियां मौजूद रहेंगी।

---

### *दुष्यंत कुमार संग्रहालय में आरोह 9 में तीन कहानियों की नाट्य प्रस्तुति*

## श्रीकांत वर्मा की रचनात्मक विरासत को मंच पर कर दिया जीवंत

भोपाल। विहान ड्रामा वर्क्स द्वारा आयोजित आरोह 9 मंगलवार को दुष्यंत कुमार संग्रहालय में सम्पन्न हुआ। यह आयोजन हिन्दी के प्रतिष्ठित कवि और कथाकार श्रीकांत वर्मा की रचनाओं को समर्पित था, जिसमें उनके साहित्य को मंचीय रूप में प्रस्तुत किया गया।



दर्शकों को भीतर तक झकझोर ने वाली प्रस्तुति इसकी अगली कड़ी में चॉकलेट (प्रयोगधर्मी पाठ), संकर (नाट्य प्रस्तुति), दुपहर (नाट्य प्रस्तुति) प्रस्तुतियों ने दर्शकों को भीतर तक झकझोर दिया, और श्रीकांत वर्मा की कहानियों में छुपे मानवीय मनोविज्ञान, सामाजिक जटिलताओं और आत्मसंघर्ष को प्रभावी मंचीय रूप में जीवंत किया।

#### श्रीकांत की राजनीतिक-सामाजिक चेतना पर की चर्चा



कार्यक्रम की शुरुआत वरिष्ठ कवि उदयन वाजपेयी के विशेष वक्तव्य से हुई, जिसमें उन्होंने श्रीकांत वर्मा की काव्य और कथा-परंपरा की गहराई, उसकी प्रासंगिकता और उनकी रचनाओं के भीतर की राजनीतिक-सामाजिक चेतना पर विस्तार से चर्चा की। इसके बाद सौरभ अनंत की परिकल्पना एवं निर्देशन में श्रीकांत वर्मा की तीन कहानियों की नाट्य प्रस्तुति हुई।

---

## होली की उमंग में डूबी 'फाग गोष्ठी', सुनाए मधुर गीत




हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

अखिल भारतीय साहित्य परिषद, भोपाल इकाई द्वारा में 'फ़ागुन के रंग-काव्य के संग' शीर्षक से एक भव्य फ़ाग गोष्ठी का आयोजन विश्व संवाद केंद्र में किया गया।

इस अवसर पर होली और फ़ाग पर आधारित काव्य रचनाओं एवं पारंपरिक फ़ाग गीतों की मधुर प्रस्तुति ने पूरे माहौल को उल्लासमय बना दिया।

**गोष्ठी में उपस्थित अतिथि व साहित्यकारों के उद्बोधन :** मुख्य अतिथि डॉ. गौरीशंकर शर्मा 'गौरी' ने सभी को होली की शुभकामनायें दीं। डॉ. रामवल्लभ आचार्य ने एक सुंदर गीत प्रस्तुत किया। वहीं डॉ. साधना बलवटे ने कहा सनातन परंपरा के सभी त्योहार उल्लास एवं समरसता से परिपूर्ण होते हैं, और होली विशेष रूप से सामाजिक सौहार्द्र का प्रतीक है।

---

## मल्टी कलर अटायर में खेली महिलाओं ने फूलों की होली





हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

फूलों से सजी होली का आयोजन किया गया। शहर के एक निजी रेस्टोरेंट में जिसमें मल्टी कलर अटायर में बड़ी संख्या में महिलाओं ने शिरकत की और फूलों की होली खेली। अर्चना अलका किरण द्वारा आयोजित इस होली सेलिब्रेशन पार्टी में फूलों की होली के साथ-साथ गीत, संगीत का लुत्फ भी महिलाओं ने उठाया।

---


### *ढाई लाख निवेश कर प्रतिमाह एक लाख कमा रहे मुनाफा*

# पढ़ाई के साथ दो दोस्तों ने मिलकर शुरू किया स्टार्टअप

रूबी सरकार ▶▶ भोपाल

भोपाल के सैकड़ों युवा इन दिनों खुद की सोच से स्टार्टअप के जरिए उद्यमिता के क्षेत्र में उड़ान भर रहे हैं। इन्हीं में से दो युवा हैं-आर्यन और अनिरुद्ध। दोनों विश्विवद्यालय में एक साथ ग्रेजुएशन कर रहे हैं।

पढ़ाई के दौरान इन्हें लगा कि एआई के जमाने में नौकरी हासिल करना एक चुनौती भरा काम होगा, क्यों न अभी से पढ़ाई के साथ-साथ किसी स्टार्टअप में हाथ आजमाया जाए। आर्यन और अनिरुद्ध ने बिजनस प्लान तैयार किया, मार्केट रिसर्च की और फिर 'कॉफी स्टॉक' को खड़ा करने का सपना देखा। अनिरुद्ध ने शहर के मशहूर कॉफी हाउसों में तीन महीने तक ट्रेनिंग ली, ताकि उनकी कॉफी बेहतरीन हो। वह कहते हैं, "हम चाहते थे कि हमारी कॉफी दूसरों से अलग और बेहतर हो, इसलिए हमने इसे खुद सीखा और खुद ही बनाना शुरू किया। आर्यन और अनिरुद्ध अभी मात्र 21 और 22 साल के हैं। दोनों ने अपनी मेहनत और रचनात्मकता से नए रास्ते खोजे और पहल की। दोनों ने मात्र ढाई लाख रुपए खर्च कर सितंबर 2024 में एक स्ट्रीट काफी कार्ट 'कॉफी स्टॉक' के नाम से शुरू किया। माता-पिता के पढ़ाई के लिए दबाव के बावजूद दोनों ने मिलकर यह रिस्क लिया। आर्यन और अनिरुद्ध जल्द से जल्द अपने पैरों पर खड़ा होना चाहते थे, ताकि माता-पिता का बोझ कुछ कम कर सकें। आर्यन ने कहा-किसी भी युवा को वर्तमान हालातों को देखते हुए सकारात्मक सोच के साथ छोटी पूंजी से कोई स्टार्टअप शुरू कर देना चाहिए, जो आगे चलकर हो सकता है कि एक बड़ा व्यवसाय का रूप ले ले। हालांकि दोनों ने मिलकर भोपाल शहर के प्राइम लोकेशन में जगह की तलाश की थी, लेकिन पूंजी न होने के कारण यह संभव नहीं हुआ। तब अपने सपनों को आकार देने के लिए दोनों ने कोलार मुख्य सड़क से थोड़ा भीतर एक अस्थाई कॉफी कार्ट पर कॉफी स्टॉक के नाम से स्टार्टअप शुरू कर दिया। दोनों दिन में एक आम छात्र की तरह अपने कॉलेज जाकर पढ़ाई करते हैं, मगर शाम 6 बजे से दोनों कॉफी स्टॉक को संभालते हैं। देखते ही देखते सिग्नेचर रेजिडेंसी, डेनिश कुंज के पास युवाओं और स्थानीय लोगों के बीच कॉफी कार्ट काफी लोकप्रिय हो गया है। अनिरुद्ध कहते हैं कि ग्राहकों का प्यार और समर्थन हमें आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करता है।






#### 'कॉफी स्टॉक' की विशेषताएं

*कॉफी स्टॉक में हॉट और कोल्ड कॉफी के साथ-साथ मोक्का, आइरिश और हेजलनट फ्लेवर, हॉट चॉकलेट और मिल्क शेक जैसे विकल्प हैं। कॉफी मशीन की मदद से यह काम आसान हो गया है और दोनों अपने घर से आइस, आइसक्रीम और मंचीज लाते हैं।*

---

## ऑलियांस फ्रांसिस में फ्रेंच फिल्म 'ल सांस द ला फेत' की स्क्रीनिंग



**भोपाल।** ऑलियांस फ्रांसिस में फ्रेंच भाषी स्थानों और संस्कृतियों के वैश्विक उत्सव के रुप में फ्रैंकोफोनी 2025 का आयोजन किया जा रहा है। इसके अंतर्गत मंगलवार को 'ल सांस द ला फेत' (उत्सव का अर्थ) फिल्म की स्क्रीनिंग की गई, जिसमें बड़ी संख्या में कला प्रेमियों ने शिरकत की।

## पूजा खेडकर केस में अदालत ने कहा

# सक्षम और दिव्यांग उम्मीदवारों के लिए अलग-अलग परीक्षा नहीं ली जा सकती, पूजा के वकील ने हलफनामा देने के लिए कोर्ट से मांगी मोहलत

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



सुप्रीम कोर्ट ने पूर्व आईएएस प्रोबेशनर अधिकारी पूजा खेडकर मामले में कहा कि सक्षम और दिव्यांग उम्मीदवारों के लिए अलग-अलग परीक्षा नहीं ली जा सकती। पूजा खेडकर पर फर्जी तरीके से सिविल सेवा परीक्षा में दिव्यांग और ओबीसी कोटे का फायदा लेने और धोखाधड़ी करने का आरोप है। जस्टिस बीवी नागरत्ना और जस्टिस सतीश चंद्र शर्मा की पीठ ने पूजा खेडकर की याचिका पर अगली सुनवाई के लिए 15 अप्रैल की तारीख तय की है।

### एससी राजू बोले- राहत की जरूरत नहीं



*पूजा खेडकर के वकील ने दिल्ली सरकार के हलफनामे का जवाब देने के लिए कुछ समय देने की मांग की थी, जिसके बाद सुप्रीम कोर्ट ने 15 अप्रैल की तारीख तय की। साथ ही अदालत ने 15 अप्रैल तक ही पूजा खेडकर को गिरफ्तारी से राहत दे दी। दिल्ली सरकार की तरफ से अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल एसवी राजू ने पूजा खेडकर को राहत देने का विरोध किया और कहा कि उन्हें हिरासत में लेकर पूछताछ करने की जरूरत है ताकि उस मध्यस्थ के बारे में पता चल सके, जिसकी मदद से उन्होंने फर्जी दिव्यांग प्रमाण पत्र बनवाया। एडिश्नल सॉलिसिटर जनरल ने कहा कि दिव्यांग प्रमाण पत्र की वजह से पूजा खेडकर को सिविल सेवा परीक्षा देने का अतिरिक्त मौका मिला।*

### वकील ने दिया जवाब

## पूजा ने आरोपों को गलत बताया



पूजा खेडकर की तरफ से वरिष्ठ वकील बीना माधवन अदालत में पेश हुईं। उन्होंने कहा कि हम जांच एजेंसी के साथ पूछताछ में सहयोग के लिए तैयार हैं। पूजा खेडकर पर गलत जानकारी देकर आरक्षण का फायदा लेने का आरोप है। हालांकि पूजा खेडकर ने अपने ऊपर लगे आरोपों को गलत बताया है।

### खेडकर पर लगे कई गंभीर आरोप

खेडकर पर आरोप है कि उन्होंने ट्रेनिंग पीरियड के दौरान सरकारी आवास, स्टाफ, गाड़ी और दफ्तर में अलग केबिन की मांग की। अपनी निजी ऑडी कार पर लाल-नीली बत्ती और महाराष्ट्र सरकार का लोगो लगाया। उन्होंने चोरी के आरोप में गिरफ्तार एक ट्रांसपोर्टर को छोड़ने के लिए डीसीपी रैंक के अधिकारी पर दबाव बनाया। उन्होंने आईएएस बनने के लिए झूठे दस्तावेज का इस्तेमाल करते हुए यूपीएससी के फार्म में खुद को ओबीसी नॉन क्रीमी लेयर बताया। पूजा ने दिव्यांगता श्रेणी के तहत यूपीएससी का आवेदन पत्र भरा था। दावा किया गया कि वह 40 फीसदी दृष्टिबाधित हैं और किसी मानसिक बीमारी से जूझ रही हैं। हालांकि मेडिकल के दौरान वह हर बार नहीं पहुंची। एमबीबीएस कॉलेज में दाखिले के समय भी दस्तावेजों की हेर-फेर के आरोप पूजा पर हैं।

### उधर, आईईएस-आईएसएस परीक्षा 5 उम्मीदवारों के आवेदन अस्वीकृत

*संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) ने भारतीय आर्थिक सेवा और भारतीय सांख्यिकी सेवा परीक्षा 2025 के लिए अस्वीकृत उम्मीदवारों की सूची जारी कर दी है। यह सूची उन अभ्यर्थियों की है, जिनके आवेदन शुल्क का भुगतान सफलतापूर्वक सत्यापित नहीं हो सका। आईईएस/ आईएसएस परीक्षा 2025 के लिए 200 रुपए शुल्क के भुगतान के संबंध में बैंक अधिकारियों से पुष्टि नहीं मिली थी। कुल मिलाकर, 5 उम्मीदवारों के आवेदन खारिज कर दिए गए हैं। नोटिस में प्रभावित उम्मीदवारों के नाम और पंजीकरण आईडी शामिल हैं।*

## खबर संक्षेप

### उदयपुर में घड़ी के शोरूम में भीषण आग



**जयपुर।** राजस्थान के उदयपुर के बापू बाजार में मंगलवार को एक घड़ी के शो रूम में भीषण आग लग गई। इसमें किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। आग एक बहुमंजिला इमारत में लगी। इसके कारण इलाके में अफरा तफरी का माहौल बन गया। बिल्डिंग में ही शोरूम का मालिक और उसका परिवार फंस गया। सभी सुरक्षित हैं।

### देवघर का इंडियन ऑयल प्लांट धू-धूकर जला



**देवघर।** झारखंड के देवघर के जसीडीह स्थित इंडियन ऑयल के प्लांट में भीषण आग लग गई है। आग की लपटों ने पूरे इंडियन ऑयल के प्लांट के कैंपस को अपनी चपेट में ले लिया है। आग के विकराल रूप को देखते हुए पुलिस ने आसपास के गांवों को खाली करवाया। प्लांट के आसपास लोगों को सुरक्षित बाहर निकला गया।

### पीतमपुरा में बुजुर्ग दंपती की गला रेतकर हत्या



**नई दिल्ली।** दिल्ली में उत्तर पश्चिम जिले के पीतमपुरा के कोहाट एंक्लेव में बुजुर्ग दंपति की गला रेतकर हत्या कर दी गई। मृतक मोहिंद्र सिंह और उनकी पत्नी दिलराज कौर की उम्र करीब 70 साल थी। घर की तीसरी मंजिल पर अलग- अलग कमरों में दोनों के शव मिले है। पुलिस को शक है कि दो या तीन दिन पहले हत्या की गई है।

### बाइक का हॉर्न बजाने पर चलाई गोलियां, पत्थरबाजी



**लखनऊ।** यूपी के लखनऊ में बाइक का हॉर्न बजाने से नाराज लड़कों ने गोलियां चला दी। आरोप है कि पत्थरबाजी भी की गई। मामला लखनऊ के दुबग्गा थाने के फरीदीपुर इलाके का है। फरीदीपुर की गली नंबर 12 में रहने वाले शानू दोस्त शहाबुद्दीन के साथ बाइक से दूध लेने गए थे। शानू के घरवालों का आरोप है कि कुछ लड़के रोड पर हुड़दंग कर रहे थे।

## मुख्यमंत्री फडणवीस ने नागपुर हिंसा पर कहा- पुलिस पर हमला बर्दाश्त नहीं करेंगे

# सुनियोजित तरीके से शहर में लगाई आग, पत्थरों से भरी मिली ट्रॉली और खास घरों को ही बनाया निशाना

एजेंसी ▶▶ मुंबई

औरंगजेब के खिलाफ फिल्म छावा ने गुस्से को बढ़ाया | धार्मिक सामग्री को जलाने की अफवाह फैलाई गई

महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने नागपुर हिंसा को सुनियोजित हमला करार दिया। उन्होंने कहा कि धार्मिक सामग्री जलाने की अफवाह फैलाई गई। हिंसा में 33 पुलिसकर्मी घायल हुए हैं। सीएम फडणवीस ने कहा है कि कानून-व्यवस्था को हाथ में लेने वाले किसी भी शख्स को बख्शा नहीं जाएगा। हिंसा में तीन डीसीपी घायल हुए हैं और एक डीसीपी पर कुल्हाड़ी से हमला किया गया।

सीएम ने कहा कि औरंगजेब के खिलाफ फिल्म छावा ने गुस्से को बढ़ाया है। उन्होंने लोगों से शांति बनाए रखने की अपील की। विधानसभा में सीएम फडणवीस ने कहा कि नागपुर में विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल ने विरोध प्रदर्शन किया। इसके बाद धार्मिक सामग्री को जलाने की अफवाह फैलाई गई। यह एक सुनियोजित हमला लगता है। किसी को भी कानून-व्यवस्था अपने हाथ में लेने की इजाजत नहीं है। सीएम ने कहा कि पुलिस पर हमला बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। हिंसा में शामिल लोगों के खिलाफ सख्त एक्शन लिया जाएगा।

**औरंगजेब की कब्र और सियासत बेसब्र**



### 11 थाना क्षेत्रों में निषेधाज्ञा लागू

*फडणवीस ने कहा कि तीन डीसीपी समेत कुल 33 पुलिसकर्मी घायल हुए हैं। 5 घायल नागरिकों में से तीन को अस्पताल से छुट्टी मिल गई है। एक आईसीयू में है। नागपुर के 11 थाना क्षेत्र में निषेधाज्ञा लागू है। हिंसा मामले में पांच अलग-अलग एफआईआर दर्ज की गई हैं।*

### कुछ लोग 'आक्रांता' का गुणगान कर रहे

*फडणवीस ने कहा कि पुलिस को मुस्लिम प्रतिनिधिमंडल की शिकायत मिली है। इस पर कार्रवाई की जा रही है। विधानसभा में सत्तारूढ़ महायुति और विपक्षी विधायकों ने मंगलवार सुबह एक-दूसरे के खिलाफ नारेबाजी की। विपक्ष का आरोप है कि महायुति सरकार के कुछ मंत्रियों के बयान की वजह से महाराष्ट्र में स्थिति बिगड़ रही है। उधर, सत्तारूढ़ गठबंधन के विधायकों ने कुछ लोगों पर मुगल सम्राट औरंगजेब का महिमामंडन करने का आरोप लगाया।*

### कब्र तोड़ने वाले को 5 बीघा जमीन और 11 लाख रुपए देंगे

इसी विवाद को लेकर मंगलवार को महाराष्ट्र के नागपुर में हिंसक झड़प हुई है। अब ये मामला यूपी में भी तूल पकड़ रहा है। यूपी के मुजफ्फरनगर में शिवसेना के एक नेता ने औरंगजेब की कब्र तोड़ने वाले को 5 बीघा जमीन और 11 लाख रुपए तक देने की घोषणा शिवसेना के जिला अध्यक्ष बिट्टू सिखेड़ा ने की है।

### औरंगजेब की कब्र हटाकर वहां विजय स्मारक बने: विहिप



विश्व हिंदू परिषद ने नागपुर में हिंसा फैलाने के आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है। संगठन ने कहा है कि कुछ लोग हिंसा करके लोगों को डराकर औरंगजेब के काले इतिहास को अपने तरीके से पेश कराना चाहते हैं, ऐसे लोगों पर कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए। संगठन ने कहा है कि औरंगजेब की कब्र के स्थान पर धनाजी जाधव, संताजी घोरपडे, छत्रपति राजाराम महाराज का स्मारक बनना चाहिए।

### आजमी इसके लिए जिम्मेदार: राणे



*महाराष्ट्र के मंत्री नितेश राणे ने हिंसा के लिए सपा के विधायक अबू आजमी को जिम्मेदार बताया है। महाराष्ट्र के मंत्री राणे ने कहा कि ये राज्य सरकार को बदनाम करने के लिए एक पूर्व नियोजित हिंसा थी।*

### हिंसा होने का कोई कारण नहीं: राउत



*शिवसेना नेता संजय राउत ने कहा कि हिंसा होने का कोई कारण नहीं है। यहीं आरएसएस का मुख्यालय है। यह सीएम का निर्वाचन क्षेत्र भी है। यहां हिंसा फैलाने की हिम्मत कौन कर सकता है?*

### सरनेम देखकर पथराव किया



*असदुद्दीन ओवैसी के बयान पर शिवसेना सांसद नरेश म्हास्के ने कहा कि पूरा देश जानता है कि ओवैसी जैसे लोग खुद को नेता साबित करने के लिए ऐसी हरकतें करते हैं। लोगों ने नाम देखकर हमला किया।*

### विपक्ष जबरन राजनीति न करे: बावनकुले



*नागपुर के प्रभारी मंत्री चंद्रशेखर बावनकुले ने कहा कि सोशल मीडिया के जरिए माहौल को खराब किया गया और उन्होंने विपक्ष से मामले का राजनीतिकरण न करने की अपील की। पुलिस आयुक्त और जिला कलेक्टर के साथ समीक्षा बैठक करने वाले बावनकुले ने सभी समुदायों के सदस्यों से सौहार्द बनाए रखने की भी अपील की।*

### औरंगजेब का समर्थन किया तो सख्त कार्रवाई होगी



*डिप्टी सीएम एकनाथ शिंदे ने नागपुर हिंसा पर कहा कि महाराष्ट्र में औरंगजेब का समर्थन करने वालों को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि नागपुर में जो घटना घटी, वह दुर्भाग्यपूर्ण है। पुलिस जांच कर रही है कि क्या यह सुनियोजित साजिश थी या नहीं। पुलिस का कहना है कि कई लोग बाहर से आए।*

### घटना में सरकार शामिल थी : पटोले



*नागपुर हिंसा पर कांग्रेस नेता नाना पटोले ने कहा कि अगर मुख्यमंत्री और गृह मंत्री इसे पूर्व नियोजित कहते हैं, तो यह सरकार और पुलिस की विफलता है। घटना में सरकार खुद शामिल थी। सरकार ने सुरक्षा नहीं की।*

### नागपुर दौरे से पहले हरकत में एजेंसियां

## 30 को संघ मुख्यालय जाने वाले देश के पहले प्रधानमंत्री होंगे मोदी

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली



नागपुर में धार्मिक उन्माद भडकने के बाद आंतरिक सुरक्षा से जुड़ी गुप्तचर शाखाओं को एक्टिव कर दिया गया है। सूचनाएं खंगाली जा रही हैं। उपद्रव मचाने वालों को चिन्हित करने के साथ इस बात की तफ्तीश की जा रही है कि उपद्रवियों की जड़ें लोकल हैं या फिर कोई बाहरी तत्वों का भी दखल है। केंद्रीय गृह मंत्रालय के उच्चपदस्थ सूत्रों ने बताया कि सुरक्षातंत्र को जहां इस बात की चिंता है कि आजादी के बाद आजतक नागपुर में कभी धार्मिक उन्माद नहीं भड़का, मगर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नागपुर यात्रा से ठीक पहले ऐसे उपद्रव के क्या मायने हैं? प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 30 मार्च का गुड़ी पड़वा के दिन नागपुर दौरा निर्धारित है। उसी दिन प्रधानमंत्री का छत्तीसगढ़ प्रवास भी सुनिश्चित है। नागपुर प्रवास के दौरान पीएम मोदी संघ के दूसरे सरसंघचालक माधव सदाशिव गोलवलकर के नाम पर बनने वाले नेत्र अस्पताल एवं अनुसंधान केंद्र की नींव रखेंगे। केशव नेत्र चिकित्सालय में कार्यक्रम के बाद पीएम मोदी और संघ प्रमुख मोहन भागवत की मुलाकात और बातचीत अलग से हो सकती है। इस मुलाकात और कार्यक्रमों पर सबकी निगाहें टिकी रहेंगी।

### नेत्र चिकित्सालय की रखेंगे आधारशिला

मोदी नागपुर में संघ के प्रकल्प केशव नेत्र चिकित्सालय के एक विशेष कार्यक्रम में भी हिस्सा लेंगे। इस कार्यक्रम में सरसंघचालक मोहन भागवत भी हिस्सा लेंगे। नागपुर में देश का पहला नेत्र चिकित्सालय और कॉलेज की नींव पीएम मोदी रखेंगे। बताया जा रहा है कि स्मारक समिति की ओर से भैयाजी जोशी प्रधानमंत्री का स्वागत करेंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी नागपुर स्थित संघ मुख्यालय का दौरा करने वाले पहले प्रधानमंत्री होंगे।

आरोप-प्रत्यारोप छोड़कर शांति का मार्ग प्रशस्त करें

## मणिपुर में सामान्य स्थिति बहाल करने के लिए सरकार प्रतिबद्ध, बजट भी बढ़ाया

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने मणिपुर में सामान्य स्थिति बहाल करने के लिए केंद्र सरकार की प्रतिबद्धता की फिर से पुष्टि की है। उन्होंने चालू वित्त वर्ष के लिए मणिपुर बजट और 2025-26 के लिए लेखानुदान पर चर्चा के दौरान राज्यसभा को संबोधित करते हुए राज्य की आर्थिक वृद्धि के लिए पूर्ण समर्थन का आश्वासन दिया।

मंत्री ने विपक्षी दलों से आरोप-प्रत्यारोप में शामिल होने के बजाय शांति प्रयासों का समर्थन करने का आग्रह किया। मणिपुर में अशांति ने इसकी अर्थव्यवस्था को काफी प्रभावित किया है, लेकिन सीतारमण ने तेजी से सुधार के बारे में आशा व्यक्त की। उन्होंने कहा कि कानून और व्यवस्था में सुधार और आर्थिक गतिविधि में सुधार के साथ, मुझे उम्मीद है कि इस साल से जीएसडीपी में कुछ सुधार दिखाई देगा।

### विपक्ष की जमकर आलोचना की



*सीतारमण ने हिंसाग्रस्त मणिपुर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अनुपस्थिति को लेकर आलोचनाओं का जवाब देते हुए कहा कि पीवी नरसिम्हा राव और आईके गुजराल जैसे पिछले प्रधानमंत्रियों ने भी ऐसी ही स्थितियों के दौरान दौरा नहीं किया था। उन्होंने शांति बहाल करने के प्रयासों के तहत केंद्रीय गृह मंत्री और गृह राज्य मंत्री के दौरों पर प्रकाश डाला।*

### विशेष सहायता... 913 करोड़ की घोषणा

*वित्त मंत्री ने 2024-25 के लिए राज्य पूंजी निवेश के लिए विशेष सहायता के तहत 913 करोड़ रुपए की घोषणा की। इसके अतिरिक्त, मणिपुर के लिए 500 करोड़ रुपए की आकस्मिकता निधि स्थापित की गई है। 13 फरवरी, 2025 को संविधान के अनुच्छेद 356 के तहत जारी उद्घोषणा के बाद राज्य वर्तमान में राष्ट्रपति शासन के अधीन है।*

### बैरिकेडिंग तोड़ ट्रैक पर पहुंचा डंपर, उड़ गए उसके परखच्चे



**अमेठी।** यूपी के अमेठी में मंगलवार तड़के लखनऊ-सुल्तानपुर रेल ट्रैक पर भीषण हादसा हो गया। यहां निहालगढ़ के पूरे शोहरत स्थित रेलवे क्रासिंग बंद हो रही थी, तभी तेज रफ्तार डंपर रेल क्रॉसिंग के एक साइड का बूम तोड़ते हुए ट्रैक पर पहुंच गया। कुछ देर में ही मालगाड़ी आ गई। ट्रेन डंपर को टक्कर मारते हुए आगे बढ़ गई। डंपर करीब 100 मीटर तक घिसटता रहा। ट्रैक के कई पोल क्षतिग्रस्त हो गए। लाइन क्षतिग्रस्त हो गई। रेल परिचालन बाधित हो गया। डंपर के परखच्चे उड़ गए। डंपर की लोहे की चादर ट्रेन के इंजन के आगे की हिस्से में चिपक गई।

फिरोजाबाद का दिहुली हत्याकांड, 44 साल पहले 24 दलितों को गोली से भूना था

## दोषियों को फांसी की सजा और 1-1 लाख का जुर्माना भी ठोका

एजेंसी ▶▶ फिरोजाबाद

यहां के दिहुली हत्याकांड के 44 साल बाद मंगलवार को फैसला आया। 1982 में डकैतों के गिरोह ने दलितों के गांव पर हमला बोल दिया था और अंधाधुंध गोलियां बरसाकर 24 लोगों की हत्या कर दी थी। जिसमें बच्चे और महिलाएं भी शामिल थीं।

दलित हत्याकांड मामले में अब कोर्ट ने 3 दोषियों को फांसी की सजा सुनाई है। इससे पहले 11 मार्च को मैनपुरी कोर्ट में स्पेशल जज ने तीनों हत्यारोपियों को दोषी ठहराया था। अपर सत्र न्यायाधीश इंदिरा सिंह ने मंगलवार को दोपहर साढ़े तीन बजे फांसी की सजा सुनाई। तीनों ही आरोपियों पर 1-1 लाख रुपए का जुर्माना भी लगाया गया है। इस हत्याकांड में 18 नवंबर 1981 को जसराना के ग्राम दिहुली में 24 लोगों की गोलियों से भूनकर हत्या कर दी गई थी। तीनों ही आरोपियों को पुलिस अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया।



### कोर्ट ने नरसंहार को जघन्य माना

न्यायाधीश ने अपने आदेश में लिखा है कि हत्यारों को गर्दन में फांसी लगाकर तब तक लटकाया जब तक कि इनकी मृत्यु न हो जाए। तीनों दोषियों की उम्र 75 से 80 साल है। इस हत्याकांड में कुल 20 हत्यारोपियों के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की गई थी, जिसमें से 13 आरोपियों की मौत हो चुकी है और फरार चल रहे 4 आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए कोर्ट ने स्थाई वारंट जारी कर रखे हैं। मामले की पैरवी एडीजीसी रोहित शुक्ला द्वारा की गई।

### हुबली में मनी होली



**हुबली।** हुबली में मंगलवार को लोग रंगों के साथ होली मनाने के लिए एकत्र हुए।


## अब देश में ट्रैफिक तोड़ने वालों की खैर नहीं, कार्रवाई और कड़ी होगी

# नियमों को तोड़ा तो लगेगा 10 गुना ज्यादा जुर्माना, सजा भी होगी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत सरकार शुरू से ही सड़क सुरक्षा को लेकर तरह-तरह के कदम उठाती रहती है। अब सरकार ने मोटर वाहन नियम को तोड़ने को लेकर नए जुर्माना और सजा को लागू कर दिया है। ये नए जुर्माने और सजा लागू कर दिए गए हैं।

इन नए नियमों के तहत ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन करने पर जुर्माने को 10 गुना तक बढ़ा दिया गया है। इसके साथ ही दोबारा गलती करने पर जुर्माना और सजा में और सख्ती की गई है।



### शराब पीकर गाड़ी चलाने पर

अब अगर आप नशे की हालत में गाड़ी को चलाते हुए पकड़े जाते हैं, तो आपको 10 हजार रुपए और 6 महीने तक की जेल हो सकती है। पहले यह जुर्माना सिर्फ 1,500 रुपए तक था। दोबारा पकड़े 15 हजार का जुर्माना और 2 साल तक की जेल हो सकती है।

### दस्तावेजों की कमी

अगर आपके पास लाइसेंस नहीं है, तो 5,000 रुपए और इंश्योरेंस नहीं है, तो 2,000 रुपए का जुर्माना भरना पड़ेगा। 3 महीने की जेल और सामुदायिक सेवा की सजा भी दी जा सकती है। प्रदूषण प्रमाण पत्र नहीं होने पर 10,000 रुपए और 6 महीने की जेल के साथ सामुदायिक सेवा की सजा कर दी गई है। अगर दोबारा बिना इंश्योरेंस के पकड़े जाते हैं, तो 4,000 का जुर्माना देना होगा।

### ट्रिपल राइडिंग, खतरनाक ड्राइविंग

अगर आप टू-व्हीलर पर तीन सवारी करते हुए पकड़े जाते हैं, तो 1,000 रुपए का जुर्माना देना पड़ेगा। अगर आप खतरनाक ड्राइविंग या रेसिंग करते हुए पकड़े जाते हैं, तो 5,000 रुपए का जुर्माना लगेगा। वहीं, एंबुलेंस जैसे आपातकालीन वाहनों को रास्ता न देने पर 10,000 रुपए का भारी जुर्माना देना पड़ेगा।

### बिना हेलमेट पर सजा

टू-व्हीलर चलाते वक्त अगर आपने हेलमेट नहीं पहन रखा है, तो आपको 1,000 का जुर्माना देना पड़ेगा। आपके लाइसेंस को भी 3 महीने के लिए रद्द किया जा सकता है। पहले इसके लिए जुर्माना 100 रुपए था। कार ड्राइव करने के दौरान सीट बेल्ट नहीं पहनने पर 1,000 का जुर्माना देना पड़ेगा।

### ड्राइविंग के दौरान फोन का इस्तेमाल

व्हीकल ड्राइव करने के दौरान अगर आप फोन का इस्तेमाल करते हुए पाए जाते हैं, तो आपको 5,000 का जुर्माना लगाया जा सकता है। पहले इसके लिए जुर्माने के रूप में 500 रुपए था।

### सिग्नल तोड़ना और ओवरलोडिंग

सिग्नल तोड़ने पर 5,000 रुपए का जुर्माना देना पड़ेगा और वाहन में ओवरलोडिंग करने पर 20,000 रुपए का जुर्माना देना पड़ेगा।

### नाबालिग अपराधी

अब अगर कोई नाबालिक ट्रैफिक नियम तोड़ता है, तो 25,000 रुपए का जुर्माना, 3 साल की जेल, वाहन का पंजीकरण रद्द करना और 25 साल की उम्र तक लाइसेंस जारी नहीं किए जाने जैसी सजा लागू होगी।

राजधानी में आयोजित रायसीना संवाद के एक अहम सत्र को संबोधित करते हुए बोले विदेश मंत्री

# कश्मीर पर पाकिस्तान के 'आक्रमण' को पश्चिम यूएन ने दी 'विवाद' की शक्लः एस जयशंकर

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने मंगलवार को राजधानी में आयोजित रायसीना संवाद-2025 के दूसरे दिन 'सिंहासन और कांटेः राष्ट्रों की अखंडता की रक्षा' नामक एक महत्वपूर्ण सत्र को संबोधित किया। जिसमें उन्होंने कश्मीर पर पाकिस्तान के अवैध कब्जे समेत कई जरूरी मुद्दों पर भारत की राय से दुनिया को रूबरू कराया। कश्मीर पर पाकिस्तान के दशकों से बने हुए अवैध कब्जे को लेकर जयशंकर ने पश्चिम के विकसित देशों के साथ संयुक्त राष्ट्र संघ (यूएनओ) को भी कटघरे में खड़ा करते हुए कहा कि कश्मीर पर पाकिस्तान ने आक्रमण किया था। लेकिन पश्चिमी देशों और यूएन ने इसे विवाद के रूप में तब्दील कर दिया। हमलावर और पीड़ित को बराबर रखा गया। दोषी पक्ष कौन थे? ब्रिटेन, कनाडा, बेल्जियम, ऑस्ट्रेलिया और अमेरिका? सभी दोषी हैं। उन्होंने कहा, हम सभी संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता की बात करते हैं। लेकिन द्वितीय विश्व युद्ध के बाद किसी दूसरे देश द्वारा किसी क्षेत्र पर किया गया अनाधिकृत कब्जा केवल भारत के जम्मू-कश्मीर से जुड़ा हुआ है। हम संयुक्त राष्ट्र गए थे। लेकिन उन्होंने



दोहरे मापदंड अपनाए। उन्होंने कहा, इस मामले पर मेरे पास कुछ महत्वपूर्ण सवाल हैं? रायसीना संवाद का आयोजन बीते 17 से 19 मार्च तक ऑब्जर्वर रिसर्च फाउंडेशन और विदेश मंत्रालय द्वारा संयुक्त रूप से किया जा रहा है। यह भू-राजनीति और भू-अर्थशास्त्र पर भारत का एक प्रमुख सम्मेलन है।

## मानकों में बुनियादी स्थिरता की दरकार

जयशंकर ने कहा कि वर्तमान में एक मजबूत और पारदर्शी संयुक्त राष्ट्र की आवश्यकता है। जहां पर मानकों में बुनियादी स्थिरता देखने को मिले। विकसित देशों पर निशाना साधते हुए जयशंकर ने राजनीतिक हस्तक्षेप का जिक्र करते हुए कहा कि आज जब पश्चिम बाकी देशों में जाता है तो उसे लोकतांत्रिक स्वतंत्रता का अनुपालन करना समझा जाता है। लेकिन जब दुनिया के बाकी देश पश्चिम में जाते हैं तो कहा जाता है कि उनका इरादा दुर्भावनापूर्ण है। ऐसे में हमें एक निष्पक्ष व्यवस्था चाहिए।

## कमजोर देश करें अपनी सुरक्षा

बीते करीब 8 दशकों में दुनिया के कामकाज का ऑडिट करना, उसमें ईमानदार होने के साथ यह समझना जरूरी है कि आज का संतुलन और हिस्सेदारी बड़े पैमाने पर बदल गई है। पुरानी व्यवस्था उस समय के हिसाब से गढ़ी गई थी। जिसमें कुछ चीजें या नियम किसी देश के लिए ठीक थे। जबकि कुछ नहीं। ऐसे में संबंधित राष्ट्र पर किसी मुद्दे पर अलग-अलग तरीके से उक्त व्यवस्था लागू की जाती थी। इसलिए हमें एक ऐसी अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था की दरकार है। जिसमें दुनिया के कमजोर देश भी अपने अधिकारों की सुरक्षा कर सकें व उन्हें इसका अवसर मिले।

## जोखिम उठाने के लिए बड़ा होना जरूरी नहीं

उन्होंने पाकिस्तान की ओर इशारा करते हुए कहा कि हमने पड़ोस में देखा है कि जहां पर जोखिम उठाने के लिए आपको बड़ा देश होने की जरूरत नहीं है। विदेश मंत्री ने कहा कि ये वही अफगानिस्तान या तालिबानों का एक अलग देश है। जिसका दोहा से लेकर ओस्लो में स्वागत किया गया था। तब लोग इनसे सहमत थे, तो आज इनका विरोध क्यों किया जा रहा है? ऐसे में दोहा से लेकर ओस्लो में तालिबान के साथ की गई चर्चा पर सवालिया निशान लगते हैं? जब तालिबान से निपटना आसान, सुविधाजनक होता है तो वो ठीक हो जाता है।

# राष्ट्रपति ट्रंप की यूएस फर्स्ट की नीति को केवल अमेरिका न समझा जाएः गबार्ड



अमेरिका की राष्ट्रीय खुफिया निदेशक तुलसी गेबार्ड ने मंगलवार को राजधानी में आयोजित रायसीना संवाद-2025 कार्यक्रम को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की यूएस फर्स्ट की नीति को केवल अमेरिका के रूप में ही नहीं समझा जाना चाहिए। जिस तरह से अमेरिकी राष्ट्रपति की नीति है ठीक उसी प्रकार से भारत के पीएम भारत सबसे पहले के दृष्टिकोण के साथ आगे बढ़ रहे हैं। तुलसी ने कहा कि मौजूदा वक्त भारत और अमेरिका के संबंधों को मजबूती के साथ एक नई ऊंचाइयों पर ले जाने का बहुत बड़ा अवसर प्रदान करता है। इसके लिए पिछले महीने अमेरिका के वॉशिंगटन डीसी में हुई दोनों देशों के राष्ट्राध्यक्षों की द्विपक्षीय बैठक में एक महत्वपूर्ण दृष्टिकोण को भी साझा किया गया है। पीएम मोदी की राष्ट्रपति ट्रंप के साथ हुई मुलाकात को तुलसी गेबार्ड ने दो पुराने दोस्तों की एक बार फिर से हुई मुलाकात करार दिया।

## दोनों देशों की बढ़ेगी साझेदारी

अमेरिका की राष्ट्रीय खुफिया निदेशक ने विश्वास के साथ कहा कि भारत और अमेरिका के बीच मित्रता और द्विपक्षीय साझेदारी लगातार बढ़ेगी। दुनिया के कुछ भागों में जारी युद्ध खासतौर पर रूस-यूक्रेन युद्ध, पश्चिम एशिया के संघर्ष के संदर्भ में गेबार्ड ने कहा कि अमेरिका के राष्ट्रपति शांति-सुरक्षा को सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

## खबर संक्षेप

### जॉर्ज सोरोस से जुड़े कई ठिकानों ईडी की रेड

**बेंगलुरु।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने अमेरिकी अरबपति जॉर्ज सोरोस समर्थित संगठन ओएसएफ



(ओपन सोसाइटी फाउंडेशन) और उससे जुड़े निकायों के खिलाफ कार्रवाई की है। ईडी ने मंगलवार को बेंगलुरु स्थित जॉर्ज सोरोस फाउंडेशन, ओएसएफ और एमनेस्टी इंटरनेशनल के दफ्तरों पर छापा मारा। ओएसएफ ने अभी तक इस पर कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है। विदेशी मुद्रा प्रबंधन अधिनियम (फेमा) के तहत लाभार्थियों के परिसरों की तलाशी ली गई।

### वैष्णो देवी मंदिर में पिस्टल लेकर पहुंची महिला

**कटड़ा।** श्री माता वैष्णो देवी मंदिर के भवन में एक महिला सुरक्षा जांच को तोड़ते हुए पिस्तौल लेकर पहुंच



गई। घटना 14-15 मार्च 2025 की रात की है। महिला की पहचान ज्योति गुप्ता के रूप में हुई है, जो दिल्ली पुलिस में कार्यरत है। ज्योति पिस्तौल लेकर वैष्णो देवी के दर्शन करने पहुंची थी। एसएसपी के रियासी परमिंदर सिंह ने जानकारी दी कि महिला के पास से मिले हथियार का लाइसेंस एक्सपायर हो चुका था। रियासी पुलिस ने महिला को गिरफ्तार कर लिया है और हथियार जब्त कर लिया है।

### लापता बेटी को मृत घोषित करने का अनुरोध

**न्यूयॉर्क।** डोमिनिकल गणराज्य में लापता हुई 20 वर्षीय भारतीय छात्रा सुदीक्षा कोनांकी के परिवार



ने पुलिस से उनकी बेटी को मृत घोषित करने का अनुरोध किया है। भारतीय मूल की अमेरिकी नागरिक कोनांकी को आखिरी बार छह मार्च को पुंटा काना शहर के रिउ रिपब्लिक रिसॉर्ट में देखा गया था। वह डोमिनिकन गणराज्य में छुट्टियां मनाते समय लापता हो गई थी। अमेरिकी संघीय कानून प्रवर्तन एजेंसियां उसके लापता होने की जांच में कैरेबियाई देश के प्राधिकारियों के साथ मिलकर काम कर रही हैं। काफी तलाश के बावजूद उसका शव नहीं मिला है।

आगबबूला हुई यूनुस सरकार कहा- उनकी टिप्पणी किसी 'सबूत' पर आधारित नहीं

# गबार्ड बोंली- बांग्लादेश में बढ़ा इस्लामिक आतंकी खतरा, मुश्किल में 'अल्पसंख्यक'

*तुलसी गबार्ड ने बांग्लादेश में धार्मिक अल्पसंख्यकों के 'उत्पीड़न और हत्या' का आरोप लगाया और कहा कि देश में इस्लामी आतंकवादियों का खतरा बढ़ गया है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति ट्रंप के नए मंत्रिमंडल और बांग्लादेश सरकार के बीच बातचीत अभी शुरू हुई है, लेकिन यह चिंता का एक मुख्य केंद्र बना हुआ है*

एजेंसी ▶▶ ढाका

बांग्लादेश में हिंदुओं को लगातार निशाना बनाया जा रहा है। यहां तक की उनके घरों और हिंदू मंदिरों में तोड़फोड़ और आगजनी की भी कई घटनाएं सामने आ चुकी हैं। अब इसी सच्चाई को अमेरिकी राष्ट्रीय खुफिया निदेशक तुलसी गबार्ड ने पूरी दुनिया के सामने रख दिया है, जिसके बाद से यूनुस सरकार आगबबूला हो गई है।

भारत में मौजूद अमेरिकी खुफिया एजेंसी की निदेशक तुलसी गबार्ड ने सोमवार को एक निजी टीवी चैनल को दिए इंटरव्यू में कहा कि बांग्लादेश में धार्मिक अल्पसंख्यकों के हालात पर चिंता जताई थी। उन्होंने कहा कि बांग्लादेश में हिंदुओं, बौद्धों, ईसाइयों और अन्य धार्मिक अल्पसंख्यकों का लंबे समय से उत्पीड़न हो रहा है। इन लोगों की हत्या और उनके साथ दुर्व्यवहार की घटनाओं से अमेरिकी सरकार और राष्ट्रपति ट्रंप भी चिंतित हैं।

- अल्पसंख्यकों के साथ हो रहे दुर्व्यवहार से अमेरिकी सरकार बेहद चिंतित
- दुनिया भर में इस्लामिक आतंकवाद को हराने के लिए ट्रंप सरकार प्रतिबद्ध



## इस्लामी आतंकवादियों का खतरा बढ़ गया

गबार्ड ने बांग्लादेश में धार्मिक अल्पसंख्यकों के 'उत्पीड़न और हत्या' का आरोप लगाया और कहा कि देश में इस्लामी आतंकवादियों का खतरा बढ़ गया है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति ट्रंप के नए मंत्रिमंडल और बांग्लादेश सरकार के बीच बातचीत अभी शुरू हुई है, लेकिन यह चिंता का एक मुख्य केंद्र बना हुआ है। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि दुनिया भर में इस्लामिक आतंकवाद को हराने के लिए ट्रंप सरकार प्रतिबद्ध है। उन्होंने बांग्लादेश के हालात को 'इस्लामिक खलीफत' की आतंकवादी विचारधारा से भी जोड़ दिया।

### टिप्पणी गलत छवि प्रस्तुत करती है

17 मार्च की आधी रात को एक फेसबुक पोस्ट जारी करके बांग्लादेश की सरकार ने अपना पक्ष रखा। सरकार ने तुलसी गबार्ड की टिप्पणी की निंदा और कहा कि उनका बयान किसी भी सबूत या विशिष्ट आरोपों पर आधारित नहीं था। गबार्ड की टिप्पणी पूरे देश की गलत छवि प्रस्तुत करती है। यह बांग्लादेश की इमेज और प्रतिष्ठा को गुमराह करने वाला और नुकसान पहुंचाने वाला है। बांग्लादेश एक ऐसा देश है जिसकी इस्लामिक परंपरा समावेशी और शांतिपूर्ण रही है। हमने उग्रवाद और आतंकवाद के खिलाफ अपनी लड़ाई में प्रगति हासिल की है।

### वास्तविक ज्ञान के आधार पर दें बयान

*यूनुस सरकार ने कहा कि बांग्लादेश को किसी भी तरह के इस्लामी खलीफत से जोड़ने की कोई भी कोशिश निंदनीय है। बड़े नेताओं और बड़ी हस्तियों को संवेदनशील मुद्दों पर वास्तविक ज्ञान के आधार पर ही बयान देना चाहिए। उन्हें भय को भड़काने और संभावित रूप से सांप्रदायिक तनाव को भड़काने से बचना चाहिए। हालांकि, मुख्य सलाहकार के कार्यालय ने कहा कि बांग्लादेश, दुनिया भर के कई देशों की तरह चरमपंथ की चुनौतियों का सामना कर रहा है। सरकार ने ये भी कहा कि वो कानून प्रवर्तन, सामाजिक सुधारों और अन्य आतंकवाद विरोधी प्रयासों के माध्यम से इन मुद्दों को हल करने के लिए अमेरिका सहित अंतरराष्ट्रीय समुदाय के साथ साझेदारी में लगातार काम कर रहा है।*

रूस-यूक्रेन युद्ध पर 30 दिन का विराम!

# ट्रंप संग बातचीत के बाद पुतिन राजी, अब 'शर्तों' पर होगी चर्चा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के बीच मंगलवार को 3 घंटे तक फोन पर बातचीत हुई। इस बातचीत को लेकर रूसी राष्ट्रपति के कार्यालय क्रेमलिन ने बताया कि राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने यूक्रेन के ऊर्जा ठिकानों पर हमले 30 दिनों के लिए रोकने पर सहमति जताई है। यह वार्ता अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और रूसी राष्ट्रपति पुतिन के बीच हुई है, जिसमें दोनों नेताओं ने वैश्विक ऊर्जा और सीजफायर का समर्थन किया है। व्हाइट हाउस ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक बयान जारी कर दोनों नेताओं के बीच हुई बातचीत का ब्यौरा दिया। दोनों नेताओं ने माना कि यूक्रेन में युद्ध के कारण यूक्रेन और रूस दोनों को भारी नुकसान हुआ है।

व्हाइट हाउस के अनुसार, इस वार्ता से तात्कालिक प्रभाव से मिडिल ईस्ट में यूक्रेन वार्ता का नया दौर शुरू होगा। ट्रंप और पुतिन ने इस बैठक में अपने संबंधों में सुधार की संभावनाओं को बड़ा फायदा बताया है, जो न केवल दोनों देशों बल्कि पूरे विश्व के लिए लाभकारी हो सकता है। क्रेमलिन की ओर से यह भी बताया गया कि राष्ट्रपति पुतिन ने यूक्रेन में संघर्ष विराम के लिए कुछ शर्तें निर्धारित की हैं, जिन पर आगे चर्चा की जाएगी। यह वार्ता दोनों देशों के संबंधों में नया मोड़ ला सकती है और भविष्य में शांति स्थापित करने में सहायक हो सकती है।



### यूक्रेन युद्ध से प्रभावित पूरी दुनिया

पुतिन ने कहा कि वे अमेरिका के साथ मिलकर यूक्रेन संकट को समाप्त करने के संभावित तरीकों पर काम करने के लिए तैयार हैं। ऐसे समय में जबकि यूक्रेन संकट ने वैश्विक राजनीति को प्रभावित किया है, इस प्रकार की वार्ता और सहमति से शांति की दिशा में नए प्रयास हो सकते हैं। यह वार्ता विश्व राजनीति में एक नई चेतना लाई है और उम्मीद है कि यह आने वाले दिनों में स्थायी समाधान की दिशा में एक बड़ा कदम साबित होगी।

### युद्धविराम पर समझौते के मुख्य बिंदु

अमेरिकी राष्ट्रपति द्वारा 30-दिनों के संघर्ष विराम की पहल पर, रूसी पक्ष ने कुछ प्रमुख पहलुओं को रेखांकित किया। जिनमें संघर्ष विराम को पूरे मोर्चे पर प्रभावी ढंग से लागू करने के लिए ठोस नियंत्रण सुनिश्चित करना, यूक्रेन में जबरन सैन्य भर्ती को रोकना, यूक्रेनी सशस्त्र बलों के पुनः शस्त्रीकरण पर रोक लगाना शामिल हैं।

डीआईए महानिदेशक ऑस्ट्रेलिया दौरे पर

# द्विपक्षीय खुफिया सुरक्षा, रक्षा सहयोग को और मजबूत करने पर होगी चर्चा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

रक्षा खुफिया एजेंसी (डीआईए) के महानिदेशक लेफ्टिनेंट जनरल डीएस राणा 19-21 मार्च तक ऑस्ट्रेलिया की आधिकारिक यात्रा पर जाएंगे। इस यात्रा का उद्देश्य द्विपक्षीय रक्षा खुफिया सहयोग को और मजबूत बनाने के साथ-साथ भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच रणनीतिक संबंधों को बढ़ाना है।

इस यात्रा के दौरान रक्षा खुफिया एजेंसी के महानिदेशक, ऑस्ट्रेलिया के वरिष्ठ रक्षा अधिकारियों के साथ चर्चा करेंगे, जिनमें रक्षा विभाग के उप सचिव, राष्ट्रीय खुफिया महानिदेशक, रक्षा खुफिया प्रमुख और ऑस्ट्रेलियाई रक्षा बल



(एडीएफ) के संयुक्त संचालन प्रमुख शामिल हैं। इस उच्चस्तरीय वार्तालाप का उद्देश्य खुफिया-साझाकरण तंत्र, क्षेत्रीय सुरक्षा सहयोग और हिंद-प्रशांत क्षेत्र में भविष्य के सहयोग के अवसरों पर चर्चा करना है। उन्होंने चेतावनी दी कि जैसे-जैसे जुकरबर्ग कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) की दुनिया में कदम रख रहे हैं, फेसबुक की यह गैर-जिम्मेदाराना संस्कृति और भी बड़े जोखिम पैदा कर सकती है।

भारत-न्यूजीलैंड की नौसेना के बीच सहमति

# संयुक्त प्रशिक्षण और समुद्री सहयोग को आगे बढ़ाने की दिशा में करेंगे काम

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत और न्यूजीलैंड की नौसेना परस्पर संबंधों को मजबूत बनाने, संयुक्त प्रशिक्षण और समुद्री सहयोग को आगे बढ़ाने की दिशा में काम करेंगी। भारत की यात्रा पर आये न्यूजीलैंड के नौसेना प्रमुख रियर एडमिरल गारिन गोल्डिंग ने मंगलवार को यहां नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश त्रिपाठी के साथ द्विपक्षीय वार्ता की। उन्होंने नौसेना के परस्पर संबंधों को बढ़ाने, संयुक्त प्रशिक्षण पहल और समुद्री सहयोग पर चर्चा की। न्यूजीलैंड के नौसेना प्रमुख रक्षा अध्यक्ष, सेना प्रमुख, वायु सेना प्रमुख और रक्षा सचिव सहित वरिष्ठ रक्षा नेतृत्व के साथ बातचीत करेंगे



और क्षेत्रीय सुरक्षा के प्रति न्यूजीलैंड की प्रतिबद्धता की पुष्टि करेंगे।

### द्विपक्षीय नौसैनिक अभ्यास वरुण आज से

भारत और फ्रांस के बीच स्थायी समुद्री साझेदारी का प्रतीक 23वां द्विपक्षीय नौसैनिक अभ्यास वरुण का 23वां अभ्यास आज से शुरू होगा। वरुण सहयोग की आधारशिला के रूप में विकसित हुआ है।

गाजा में युद्धविराम के बाद इजराइल का सबसे बड़ा हवाई हमला

# 413 लोगों की मौत, नेतन्याहू ने कहा, अब सैन्य ताकत बढ़ाकर हमास के खिलाफ कार्रवाई करेंगे

एजेंसी ▶▶ गाजा

गाजा के स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा है कि इजराइल द्वारा आज सुबह किए गए हवाई हमलों में कम से कम 413 लोग मारे गए हैं। युद्धविराम के बाद गाजा में किया गया यह अब तक का सबसे बड़ा हमला है। जिसमें इतने लोगों की मौत हुई है। वहीं हमास ने चेतावनी दी है कि गाजा में इजराइल के नए हमले युद्ध विराम का उल्लंघन हैं और यह बंधकों के जीवन को खतरे में डाल सकता है। इसके साथ ही इजराइल ने लोगों से गाजा पट्टी खाली करने के लिए कहा है। मध्य गाजा स्थित अल-अक्सा मार्टर अस्पताल आधारित मंत्रालय के प्रवक्ता खलील देगरान ने मंगलवार सुबह अद्यतन आंकड़े उपलब्ध कराए। कहा जा रहा है जनवरी में युद्धविराम के प्रभावी होने के बाद से यह गाजा में अब तक का सबसे भीषणतम हमला है। वहीं पीएम बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा कि युद्धविराम को बढ़ाने के लिए वार्ता में कोई खास प्रगति नहीं होने के कारण उन्होंने हमले का आदेश दिया। कहा कि इजराइल अब सैन्य ताकत बढ़ाकर हमास के खिलाफ कार्रवाई करेगा।



### व्हाइट हाउस से ली थी सलाह

व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव कैरोलिन लेविट ने कहा कि सोमवार की रात गाजा में किए गए हमलों को लेकर इजराइल ने ट्रंप प्रशासन और व्हाइट हाउस से सलाह ली थी। जैसा कि राष्ट्रपति ट्रंप ने स्पष्ट कर दिया है, हमास, हूती, ईरान को अमेरिका और इजराइल को आतंकित करने की कीमत चुकानी पड़ेगी। सबकुछ तहस-नहस कर दिया जाएगा। इजराइल के रक्षा मंत्री इजराइल काट्ज ने कहा कि अगर बंधकों को रिहा नहीं किया गया तो गाजा में और बुरी हालत होगी। उन्होंने कहा, हम तब तक लड़ाई नहीं रोकेंगे जब तक हमारे सभी बंधक घर नहीं पहुंच जाते।

पीएम मोदी की टिप्पणी पर पाकिस्तान की आलोचना पर भारत का जवाब

# भारत की पाकिस्तान को दो टूक, अवैध कब्जे वाले भारतीय क्षेत्र को खाली कर दो

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

भारत ने मंगलवार को पाकिस्तान द्वारा की गई पीएम नरेंद्र मोदी की शांति की पहल को लेकर की गई एक हालिया टिप्पणी की आलोचना को लेकर उसे जमकर खरी खोटी सुनाई। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने एक बयान में कहा कि पाकिस्तान क्षेत्रीय शांति और सुरक्षा के लिए सबसे बड़ी बाधा है। उसे झूठ फैलाने के बजाय अपने द्वारा अवैध और जबरन तरीके से कब्जा किए हुए भारतीय क्षेत्र (पीओके) को तुरंत खाली कर



देना चाहिए। उन्होंने कहा, हमने देखा है कि पाकिस्तान ने भारत के एक संघीय प्रदेश जम्मू-कश्मीर को लेकर कुछ टिप्पणियां की हैं। जबकि पूरी दुनिया जानती हैं कि वास्तविक मुद्दा पाकिस्तान द्वारा सीमापार आतंकवाद को दिए जा रहे समर्थन के साथ ही उसे बढ़ावा देने से जुड़ा हुआ है। रणधीर ने मामले पर पाकिस्तान पर झूठ फैलाने का आरोप भी लगाया।

### भारत की शांति की हर कोशिश नाकाम की

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता का यह बयान पीएम नरेंद्र मोदी द्वारा बीते दिनों अमेरिका के पाडकास्टर लेक्स फ्रिडमैन के साथ बातचीत में आतंकवाद के मुद्दे पर पाकिस्तान को दुनियाभर में बेनकाब करने के बाद सामने आई पाक की प्रतिक्रिया के जवाब में दिया गया है। पीएम मोदी ने कहा था कि भारत की तरफ से पाकिस्तान के साथ शांति समझौते को लेकर कई कोशिशें की गई। लेकिन हमारे हर प्रयास को उसने धोखेबाजी के साथ नाकाम किया। दुनिया में कहीं भी आतंकवादी हमले होने पर उसके तार पाकिस्तान से जुड़ते हैं। मैं उम्मीद करता हूं कि पाक को अक्ल आएगी। इसके बाद से ही पाकिस्तान बौखलाया हुआ है और उसने प्रधानमंत्री मोदी की टिप्पणी को भ्रामक और एकतरफा बताया था।

गुरुद्वारा रकाबगंज साहिब के बाद अक्षरधाम मंदिर पहुंचे पीएम लक्सन

# न्यूजीलैंड के लिए हिंदू समुदाय के योगदान को सराहा

- गुरुद्वारा रकाबगंज साहिब गहरी आस्था और इतिहास का स्थान
- सेवा व मानवता के प्रति सिख समुदाय की प्रतिबद्धता सराहनीय

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

न्यूजीलैंड के पीएम क्रिस्टोफर लक्सन ने 16-20 मार्च तक भारत की अपनी आधिकारिक यात्रा के तीसरे दिन मंगलवार को नई दिल्ली में अक्षरधाम मंदिर का दौरा किया।





मुंबई रवाना होने से पहले इंडिया गेट भी पहुंचे

लक्सन ने एक्स पर लिखा कि न्यूजीलैंड के हिंदू समुदाय ने हमारे देश के लिए बहुत बड़ा योगदान दिया है। दिल्ली में, मैंने कई कीवी-हिंदुओं के लिए पवित्र स्थान बीएपीएस स्वामीनारायण अक्षरधाम मंदिर में नमन किया। इससे पहले सोमवार शाम को न्यूजीलैंड के नेता ने हैदराबाद हाउस में द्विपक्षीय चर्चा के बाद पीएम नरेंद्र मोदी के साथ राजधानी में गुरुद्वारा रकाब गंज साहिब का दौरा किया। लक्सन ने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी और मैंने गुरुद्वारा रकाब गंज साहिब का दौरा किया, जो गहरी आस्था और इतिहास का स्थान है। सेवा और मानवता के प्रति सिख समुदाय की अटूट प्रतिबद्धता सराहनीय है।

### भारतीय मूल के लोगों के प्रति पीएम लक्सन का गहरा स्नेह

*मंगलवार शाम को दिल्ली की अपनी यात्रा समाप्त कर मुंबई के लिए रवाना होने से पहले न्यूजीलैंड के पीएम ने इंडिया गेट जाने का भी समय निकाला। सोमवार को लक्सन और कीवी प्रतिनिधिमंडल का भारत में स्वागत करते हुए पीएम मोदी ने न्यूजीलैंड की पीएम के भारत से गहरे लगाव का जिक्र किया। पीएम मोदी ने कहा कि हम सबने देखा कि कैसे कुछ दिन पहले उन्होंने ऑकलैंड में होली का त्योहार मनाया! न्यूजीलैंड में रहने वाले भारतीय मूल के लोगों के प्रति*

## खबर संक्षेप



### शेफाली की अंडर 23 वनडे ट्रॉफी में हैट्रिक

**गुवाहाटी।** भारत की आक्रामक बल्लेबाज शेफाली वर्मा ने महिलाओं की अंडर 23 वनडे ट्रॉफी में हरियाणा के लिये खेलते हुए कर्नाटक के खिलाफ प्री क्वार्टर फाइनल में हैट्रिक लगाई। भारतीय टीम से बाहर शेफाली ने सलोनी पी और सौम्या वर्मा को 44वें ओवर की आखिरी दो गेंदों पर आउट किया और 46वें ओवर की पहली गेंद पर नमिता डिसूजा का विकेट लिया। उन्होंने 20 रन देकर तीन विकेट चटकाये। उनके इस प्रदर्शन से हरियाणा ने मैच जीतकर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया।

### हॉकी के इतिहास पर और किताबें लिखी जाएं : टिर्की

**नई दिल्ली।** भारत के महान डिफेंडर और हॉकी इंडिया के अध्यक्ष दिलीप टिर्की ने कहा कि पिछले सौ साल में भारतीय हॉकी के



गौरवशाली इतिहास पर लिखा जाना चाहिये ताकि मौजूदा पीढी को इसके बारे में पता चले। भारत के लिये 400 से अधिक अंतरराष्ट्रीय मैच खेल चुके टिर्की ने 1975 विश्व कप जीत की स्वर्ण जयंती पर आई किताब 'मार्च टू ग्लोरी' के विमोचन के मौके पर कहा, ''भारतीय हॉकी का यह सौवां साल है और इसके गौरवशाली इतिहास की कहानियां नयी पीढी के सामने आनी चाहिये।

### महिला वनडे विश्व कप के लिए बनाएगी समिति



**नई दिल्ली।** बीसीसीआई की शीर्ष परिषद की कोलकाता में 22 मार्च को होने वाली आपात बैठक में महिला वनडे विश्व कप के लिये आयोजन समिति का गठन किया जायेगा और इस साल होने वाले टूर्नामेंट के लिये वेन्यू का भी चयन किया जायेगा। बैठक गत चैम्पियन कोलकाता नाइट राइडर्स और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू के बीच ईडन गार्डंस पर होने वाले आईपीएल के पहले मैच के दौरान होगी। बीसीसीआई ने पिछली बार 2013 में महिला वनडे विश्व कप की मेजबानी की थी।

### कपिल दौरे पर परिवार साथ रखने के पक्ष में

**नई दिल्ली।** दिग्गज क्रिकेटर कपिल देव विदेश दौरे पर क्रिकेटरों के अपने परिवार साथ में रखने के पक्ष में है लेकिन उन्होंने इसके साथ



ही कहा कि इस मामले में संतुलित रवैया अपनाया जाना चाहिए। भारत की ऑस्ट्रेलिया दौरे में पांच टेस्ट मैच की श्रृंखला में 1–3 से हार के बाद भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने निर्देश जारी किया कि 45 से अधिक दिन के दौरे में क्रिकेटर अधिकतम 14 दिन तक ही अपना परिवार साथ में रख सकते हैं।

# रोहित को अभी वनडे विश्व कप जीतना है, बचपन के कोच लाड ने कहा

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

छह महीने में दो आईसीसी खिताब जीतकर संन्यास की अटकलों को खारिज करने वाले भारतीय कप्तान रोहित शर्मा की तारीफ करते हुए उनके बचपन के कोच दिनेश लाड ने कहा कि अभी उसे वनडे विश्व कप जीतना बाकी है। लाड ने कहा, 'निश्चित तौर पर अभी उसके भीतर काफी क्रिकेट बाकी है।

- रोहित के भीतर अभी काफी क्रिकेट बाकी है
- शर्मा के संन्यास की अटकलों को किया खारिज

आपने चैम्पियंस ट्रॉफी फाइनल की उसकी पारी देखी होगी जिसमें उसने पक्के क्रिकेट शॉट खेले और एक भी खराब शॉट नहीं था।' उन्होंने कहा, 'उसने 2023 वनडे विश्व कप से पहले अपने खेल में बदलाव किया और उसका फोकस अच्छी शुरूआत देने पर ही रहा, बड़े शतकों पर नहीं ताकि टीम को फायदा हो।'



### रोहित के फार्म व फिटनेस पर उठे थे सवाल

*चैम्पियंस ट्रॉफी में तीसरी बार खिताब जीतने से पहले अटकलें लगाई जा रही थी कि क्या रोहित का यह आखिरी टूर्नामेंट होगा। घरेलू टेस्ट श्रृंखला में हार, आस्ट्रेलिया दौरे पर मिली हार के बाद रोहित के फॉर्म और फिटनेस पर सवाल उठे और उनके वजन को लेकर भी काफी बातें हुईं।*

### कीवी के खिलाफ विजयी पारी खेली थी

*पिछले साल भारत को टी20 विश्व कप दिलाने वाले रोहित ने हालांकि न्यूजीलैंड के खिलाफ फाइनल में 76 रन की पारी खेलकर टीम को जीत दिलाई। फाइनल के बाद प्रेस कांफ्रेंस में उन्होंने साफ तौर पर कहा कि वह अभी संन्यास लेने नहीं जा रहे।*

### वनडे विश्व कप 2027 का सपना अभी बाकी है

लाड ने कहा, ''जब उसने टी20 विश्व कप जीतने के बाद उस प्रारूप से विदा ली तो मुझे पता था कि उसे दो टूर्नामेंट अभी और जीतनी थी। एक विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप फाइनल और दूसरा वनडे विश्व कप। दुर्भाग्य से इस बार हम डब्ल्यूटीसी फाइनल में नहीं पहुंच सके लेकिन अभी वनडे विश्व कप 2027 में होना है और उसका यह सपना पूरा हो सकता है।''



### टिप्पणी के बावजूद रोहित अविचलित रहे

*2023 में दस मैच जीतने के बावजूद आखिरी बाधा पार नहीं कर पाये और एक बार फिर खिताब से चूक गया। मुझे लगता है कि वह 2027 विश्व कप खेल सकता है। बरसों पहले स्वामी विवेकानंद इंटरनेशनल स्कूल में क्रिकेट के कारण रोहित को लेकर आये लाड इस बात से काफी प्रभावित हैं कि सोशल मीडिया ट्रोलिंग, आलोचना और वजन को लेकर टिप्पणी के बावजूद रोहित अविचलित रहे।*

### 2009 से 2011 तक फॉर्म उतना अच्छा नहीं रहा

कोच ने कहा, ''2009 से 2011 तक उसका फॉर्म उतना अच्छा नहीं था जिससे उसे 2011 विश्व कप टीम में जगह नहीं मिली। उसके बाद उसने वनडे में तीन दोहरे शतक लगाये। टेस्ट में पदार्पण में शतक लगाया। टी20 में रिकॉर्ड बनाया।'' उन्होंने कहा, वनडे विश्व कप 2019 में उसके पांच शतक जमाने के बावजूद भारत सेमीफाइनल में हार गया। वह हारने के बाद काफी दुखी था।

## भारत की लंबी दूरी की धाविका हैं अर्चना जाधव

# भारतीय धाविका जाधव डोप टेस्ट में फेल, लगा चार साल का प्रतिबंध

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

भारत की लंबी दूरी की धाविका अर्चना जाधव पर जनवरी में डोप परीक्षण में विफल रहने के कारण मंगलवार को चार साल का प्रतिबंध लगा दिया गया। अर्चना ने बार-बार याद दिलाने पर भी डोप परीक्षण में असफल रहने के खिलाफ अपील नहीं की जिससे विश्व एथलेटिक्स ने यह मान लिया कि वह अपना अपराध स्वीकार करती है और इसलिए उस पर प्रतिबंध लगा दिया। विश्व एथलेटिक्स की एथलीट इंटीग्रिटी यूनिट (एआईयू) के अनुसार, जाधव का जो नमूना पिछले साल दिसंबर में पुणे हाफ-मैराथन के दौरान लिया गया था, उसमें प्रतिबंधित पदार्थ ऑक्सेंड्रोलोन था। यह सिंथेटिक एनाबॉलिक स्टेरॉयड शरीर में प्रोटीन उत्पादन और मांसपेशियों के निर्माण में मदद करता है।

### सभी परिणाम अयोग्य माने जाएंगे

प्रतिबंध सात जनवरी से लागू हुआ। जाधव इस अवधि के लिए अस्थायी तौर पर निलंबित थी। 15 दिसंबर 2024 से उनके सभी परिणाम अयोग्य माने जाएंगे और उन्हें इस अवधि के लिए सभी पुरस्कार, पदक, अंक, पुरस्कार और उपस्थिति राशि जमा करने होंगे।




### जाधव ने ईमेल पर खेद जताया था

*जाधव ने 25 फरवरी को एआईयू को एक ईमेल में उल्लंघन के आरोप का जवाब देते हुए कहा था, ''मुझे बेहद खेद है सर...मैं आपके फैसले का स्वागत करती हूं।'' एआईयू ने कहा कि इस संवाद को लेकर उसकी समझ यह थी कि जाधव को सुनवाई की आवश्यकता नहीं थी और वह निकाय से निर्णय से संतुष्ट थी।*

### तीन मार्च तक का समय दिया गया था

*एआईयू ने कहा कि फिर भी जाधव को सूचित किया गया कि उनके पास यह स्वीकार करने के लिए तीन मार्च तक का समय है कि उन्होंने डोपिंग रोधी नियम का उल्लंघन किया है। इसके बाद भारतीय एथलेटिक्स महासंघ (एएफआई) ने 28 फरवरी को उन्हें इसकी याद दिलाई।*

### आखिरी बार अक्टूबर 2024 दिल्ली मैराथन में भाग लिया

*हालांकि, एआईयू को जाधव से कोई प्रतिक्रिया नहीं मिली। उन्होंने आखिरी बार अक्टूबर 2024 में दिल्ली हाफ मैराथन में भाग लिया था, जिसमें भारतीय महिला खिलाड़ियों में लिली दास, कविता यादव और प्रीति लांबा के पीछे चौथे स्थान पर रहीं थी।*

### श्रेष्ठ प्रदर्शन

10,000 मीटर में व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 35:44.26 और हाफ मैराथन में 1:20:21 है। 3,000 मीटर में उनका व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 10:28.82 है।

# पाक को मिल रही हार पर हार, न्यूजीलैंड ने 5 विकेट से जीता दूसरा टी20 मैच



एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

चैंपियंस ट्रॉफी 2025 में निराशाजनक प्रदर्शन के बाद भी पाकिस्तान टीम की हार का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। चैंपियंस ट्रॉफी में पाकिस्तान टीम एक भी मैच नहीं जीत पाई थी। उसे न्यूजीलैंड और भारत के खिलाफ मैच में करारी शिकस्त का सामना करना पड़ा था और सेमीफाइनल की रेस से बाहर हो गई थी। बांग्लादेश के खिलाफ पाकिस्तान का तीसरा और आखिरी ग्रुप स्टेज मुकाबला बारिश में धुल गया था। चैंपियंस ट्रॉफी के बाद अब पाकिस्तान टीम न्यूजीलैंड दौरे पर टी20 सीरीज खेल रही है और यहां भी टीम को लगातार हार मिल रही है। टॉस जीतकर न्यूजीलैंड ने पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। न्यूजीलैंड के गेंदबाजों के आगे पाकिस्तानी बल्लेबाज संघर्ष करते नजर आए। कप्तान सलमान अली आगा को छोड़कर कोई भी क्रीज पर टिक नहीं सका। सलमान ने 46 रनों की पारी खेली। शादाब खान ने 26 और शाहीन अफरीदी ने 22 रनों का योगदान दिया। पूरी टीम 15 ओवरों में 9 विकेट खोकर 135 रन ही बना सकी।

- पाकिस्तान ने दिया 136 रनों का लक्ष्य

### 15-15 ओवर का हुआ मुकाबला

5 मैचों की टी20 सीरीज में हार से अपने अभियान का आगाज करने वाली पाकिस्तानी टीम अपना दूसरा मैच भी हार गई है। पहले मैच में पाकिस्तान को 9 विकेट से हार का मुंह देखना पड़ा। अब न्यूजीलैंड ने बारिश से प्रभावित दूसरे टी20 मुकाबले में 5 विकेट से पाकिस्तान को करारी शिकस्त दी।

## क्रिकेट एसोसिएशन फॉर द ब्लाइंड मप्र एवं शिवाजी क्लब का शिवाजी ट्रॉफी क्रिकेट टूर्नामेंट

# ब्लाइंड क्रिकेट टीम ने दिखाई अद्भुत प्रतिभा 117 रन बनाकर दर्ज की शानदार जीत

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भोपाल





शिवाजी ट्रॉफी क्रिकेट टूर्नामेंट के अंतर्गत मंगलवार को एक अनूठे और प्रेरणादायक मुकाबले का आयोजन हुआ, जिसमें ब्लाइंड क्रिकेट टीम और शिवाजी क्रिकेट टीम के बीच रोमांचक मैच खेला गया। टॉस जीतकर ब्लाइंड क्रिकेट टीम ने पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया और शानदार प्रदर्शन करते हुए निर्धारित 10 ओवर में 117 रनों का विशाल स्कोर खड़ा किया।

जवाब में जब शिवाजी क्रिकेट टीम मैदान में उतरी, तो उन्हें ब्लाइंड क्रिकेट टीम की सधी हुई गेंदबाजी और चुस्त फील्डिंग के आगे संघर्ष करना पड़ा। पूरी टीम 10 ओवरों में मात्र 52 रन ही बना सकी, जिससे ब्लाइंड क्रिकेट टीम ने बड़ी जीत दर्ज की। इस मैच के दौरान मध्यप्रदेश ब्लाइंड क्रिकेट टीम के कप्तान और इंटरनेशनल खिलाड़ी सोनू गोवलकर, दमोह की महिला क्रिकेटर एवं मप्र महिला क्रिकेट टीम की पूर्व कप्तान सुषमा पटेल की विशेष उपस्थिति रही।

आयोजन के सूत्रधार डॉ. विपिन तिवारी रहे, जिन्होंने इस प्रेरणादायक मुकाबले को आयोजित कर खिलाड़ियों की अदम्य इच्छाशक्ति और खेल भावना को मंच प्रदान किया। इस मैच में मंत्री गौतम टेंटवाल, पशुपालन व डेयरी विभाग के मंत्री लखन पटेल, विधायक भगवान दास सबनानी, विधायक गौरव पारधी, सिंगरौली विधायक राजेंद्र मेश्राम, प्रदेश कार्यालय मंत्री भाजपा एवं अध्यक्ष क्रिकेट एसोसिएशन फॉर द ब्लाइंड राघवेंद्र शर्मा, राजेंद्र दीक्षित, एफएनएस चौहान, हेमंत सिंह चौहान, राजेंद्र दीक्षित आयोजक डॉ. विपिन तिवारी, ओम प्रकाश, भूपेश भार्गव उपस्थित रहे।


**M.P. BUILDING DEVELOPMENT CORPORATION**
(An Agency of Govt. of M.P. Public Works Department)
16–A, CEDMAP Building, Arera Hills, Bhopal (MP)-462011, Telephone : 0755- 4853297, 0755- 4853295
E-mail : eincmpbdc@mp.gov.in, dgmhqmpbdc@gmail.com
NIT No. : 1646/GM/MPBDC/CW/25/NIT-65 Bhopal, Dated : 18.03.2025

**NOTICE INVITING TENDER**

Madhya Pradesh Building Development Corporation invites online tender for the following construction works :-
1. Construction and Upgradation work at Awadesh Pratap Singh University, Rewa, M.P – 01 Work – PAC : Rs. 1139.75 Lacs 2. Construction of Composite Tehsil Office Building Maheshwar Dist. Khargone M.P.–01 Work– PAC : Rs. 627.47 Lacs 3. Construction of Composite Tehsil Office Building Pichhore Dist. Gwalior M.P.–01 Work – PAC: Rs. 808.37 Lacs 4. Construction, Renovation and Allied works at Jiwaji University, Gwalior M.P.– 01 Work – PAC : Rs. 3481.23 Lacs 5. Composite Tehsil Office Building at City Center at Dist. Gwalior M.P.– 01 Work – PAC : Rs. 633.82 Lacs 6. Construction Renovation and Allied works at Barkatullah University Bhopal M.P.–01 Work – PAC: Rs. 4220.71 Lacs 7. Construction Renovation and Allied works at Vikram University Ujjain M.P. – 01 Work – PAC : Rs. 3895.86 Lacs 8. Constuction works at Govt. Collge Badanagar Ujjain M.P.– 01 Work – PAC: Rs. 263.30 Lacs 9. Construction and other associated works at Govt. Arts College Niwas & Construction of 50 Seated Boys and Girls Hostel at Govt. Higher Secondary School Hathitara Dist. Mandla M.P.–02 Work– PAC : Rs. 647.65 Lacs 10. Construction and Renovation work at Govt. College Jaysingnagar, Construction and Renovation work at Pandit Ramkishore Shukla Smriti Govt. Arts and Commerce College Beohari & Construction of 50 Seated Boys and Girls Hostel at Govt. Higher Secondary School Chhatwai Dist. Shahdol M.P.– 03 Work – PAC : Rs. 851.64 Lacs 11. Various works of Higher Education Department at Anjad & Barwani Dist. Barwani M.P–02 Work–PAC: Rs. 440.28 Lacs 12. Various Construction and allied works in old College building Campus in Veer Balidani Khajya Nayak Government PG College Sendhwa M.P..– 01 Work – PAC: Rs. 267.00 Lacs 13. Various works of Higher Education Department at Jaitwara & Satna Dist.,Satna M.P.– 02 Work –PAC: Rs. 870.16 Lacs 14. Construction, renovation and allied service works at Govt. College Bhaisdehi, Betul M.P.–01 Work–PAC : Rs. 222.11 Lacs 15. Construction and Renovation works at Govt. Science College, Pandhurna Seoni M.P.–01 Work–PAC : Rs. 307.80 Lacs 16. Construction and extension works at Maharaja Bhoj Govt. PG College, Dhar M.P.–01 Work – PAC: Rs. 271.83 Lacs 17. Construction and Renovation work at Govt. Chandra Vijay College, Dindori, Mandla M.P.–01Work–PAC:Rs.233.82 Lacs 18. Construction, renovation & allied works at Govt. Degree College Timarni, Harda M.P.–01 Work– PAC : Rs 247.55 Lacs 19. Renovation works at Govt. P.G. College Jhabua M.P.–01 Work – PAC : Rs 239.85 Lacs 20. Construction/ Renovation and upgradation works at Netaji Subhashchandra Bose Govt. College Biowara, Rajgarh M.P. – 01 Work – PAC : Rs 251.12 Lacs 21. Construction, renovation and upgradation and allied works at Sanjay Gandhi Smriti Govt. Autonomous Post Graduate College Sidhi M.P.–01 Work – PAC: Rs 263.83 Lacs
22. Construction of Composite Tehsil Office Building at Malhargarh Dist. Mandsur M.P. –01 Work –PAC: Rs. 633.68 Lacs 23. Construction of Composite Tehsil Office Building at Parasia Dist. Chhindwara M.P.– 01 Work – PAC: Rs. 634.34 Lacs 24. Construction of 50 Bedded Ayush Hospital Shujalpur, & Construction of Auditorium & allied works at Govt. PG College Shujalpur, Dist. Shajapur, M.P. – 02 Work PAC- 3302.85 Lacs 25. Upgradation of New Classrooms in Existing Building and Renovation of Girls Hostel at Jawaharlal Nehru Smriti Govt. P.G. College Shujalpur, Dist. Shajapur, M.P.– 01 Work PAC- 216.26 Lacs 26. Construction of 50 Bedded Ayush Hospital at Sheopur, M.P. – 01 Work PAC- 1081.00 Lacs 27. Construction of Ayurveda College and Hospital at Shahdol & Construction work of Academic Buildings at Pandit SN Shukla University at Shahdol– 01 Work PAC- 6163.15 Lacs 28. Construction of Ayurveda College and Hospital at Sagar, M.P.– 01 Work PAC- 5057.60 Lacs 29. Construction of Ayurveda College and Hospital at Narmadapuram, M.P.– 01 Work PAC- 4885.30 Lacs 30. Construction of Ayurveda College and Hospital at Morena, M.P. – 01 Work PAC- 5065.00 Lacs 31. Construction of Ayurveda College and Hospital at Balaghat, M.P. – 01 Work PAC- 5049.00 Lacs 32. Interior and Partition Work of Additional Area at IIIrd Floor MPBDC Office in CEDMAP Building at 16-A, Arera Hills, Bhopal, M.P.– 01 Work – PAC : Rs 48.33 Lacs 33. Structural Strengthening of Dilapidated RCC Structure, Waterproofing & Repair Works on Third Floor (South-West) of CEDMAP Building at 16-A, Arera Hills, Bhopal, M.P. (2nd Call)– 01 Work – PAC: Rs 17.20 Lacs
Detailed NIT and tender documents can be viewed, downloaded and purchased online only from 02.04.2025 at 18:00 hrs. to 21.04.2025 at 15:30 hrs. (for Sl. No. 1 to 27), 08.04.2025 at 18:00 hrs. to 29.04.2025 at 15:30 hrs. (for Sl. No. 28 to 31) And 28.03.2025 at 18:00 hrs. to 12/04/2025 at 15:30 hrs. (for Sl. No. 32 to 33) from website **www.mptenders.gov.in** PAC can very at the time of uploading of tender document. Any amendment/corrigendum 'if any' will be published on website only, will not be published on newspapers.
M.P. Madhyam/119294/2025 ENGINEER-IN-CHIEF


## तकनीकी कमी को लेकर बनी धारणा से लड़ना पड़ा

# मेरे बारे में धारणाएं बनाई गईं, टाइपकास्ट किया: श्रेयस

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

उन्हें तथाकथित तकनीकी कमी को लेकर बनी धारणाओं से लड़ना पड़ा, उन्हें टाइपकास्ट किया गया और विश्व कप नायक बनने के कुछ महीनों के भीतर ही उनका अनुबंध रद्द कर दिया गया लेकिन श्रेयस अय्यर इन सबके बावजूद अडिग रहे और अपनी ईमानदारी और सुलझे हुए दिमाग पर भरोसा करके आगे बढे। इसका फल भी उन्हें मीठा ही मिला।

- विश्व कप नायक बनने के बावजूद अनुबंध रद्द किया गया

पिछले कुछ समय में वह चौथे नंबर पर भारत के सबसे भरोसेमंद बल्लेबाज बने और कप्तान रोहित शर्मा ने कुछ दिन पहले चैम्पियंस ट्रॉफी में मिली खिताबी जीत के बाद उन्हें 'मौन नायक' करार दिया।

### मेरी ईमानदारी ने मुझे मौका दिया

श्रेयस की कप्तानी में केकेआर ने आईपीएल जीता और फिर उन्होंने भारतीय वनडे टीम में वापसी की। इस आईपीएल सत्र से पंजाब किंग्स की कप्तानी करने जा रहे श्रेयस ने कहा, ''मैने अपनी प्रक्रिया सरल रखी। ज्यादा सोचा नहीं और ईमानदारी से काम करता रहा। मुझे भरोसा था कि मेरी ईमानदारी और प्रदर्शन फिर मुझे मौका दिलायेगा।''



**मैंने अपने कौशल पर और मेहनत की**

श्रेयस ने कहा, 'इस दौर ने मुझे बहुत कुछ सिखाया। मैने अपने कौशल पर और मेहनत की। मैं नतीजे से खुश हूं क्योंकि इसके पीछे काफी मेहनत की गई है। कोच प्रवीण आम्रे सर से लेकर ट्रेनर सागर तक सभी ने मेहनत की। इन दोनों ने मुझे वह ताकत पैदा करने में मदद की जो अब मेरी बल्लेबाजी में दिखती है।''

### तेज गेंदों से डरने की बात कह कर धारणा बनाई गई

*शॉर्ट गेंद के खिलाफ उनकी कमजोरी को लेकर पूछे जाने पर श्रेयस ने इंटरव्यू में कहा, ''शायद ऐसी धारणा बनाई गई थी या मुझे टाइपकास्ट किया गया। लेकिन मुझे हमेशा से अपनी ताकत, क्षमता पता थी और खुद पर भरोसा था।'' पिछले आठ वनडे में उन्होंने चौथे नंबर पर 53 की औसत से रन बनाये हैं।*

### कमर में चोट के कारण गंवाना पड़ा था अनुबंध

*पिछले साल इंग्लैंड के खिलाफ घरेलू टेस्ट श्रृंखला के दौरान उनकी कमर में चोट लगी और फिर उन्हें केंद्रीय अनुबंध गंवाना पड़ा चूंकि उस समय वह अपनी तत्कालीन आईपीएल टीम कोलकाता नाइट राइडर्स के साथ अभ्यास कर रहे थे जबकि उन्हें रणजी ट्रॉफी खेलना था।*



# 'सिकंदर' का नया गाना रिलीज

**मुंबई।** सलमान खान की फिल्म 'सिकंदर' का गाना 'नाचे सिकंदर' रिलीज हो गया है। गाने ने आते ही फैंस के बीच हंगामा मचाना शुरू कर दिया है। हाल ही में इसका टीजर जारी किया गया था, जिसकी वजह से प्रशंसक पहले से ही काफी ज्यादा उत्साहित थे। इस गाने में सलमान अपने खास अंदाज और जोरदार डांस मूव्स के साथ स्क्रीन पर छा गए हैं। रश्मिका मंदाना ने अपनी खूबसूरती और बेहतरीन डांस से उनका भरपूर साथ दिया है। गाने के हुक स्टेप्स मशहूर 'डबके' डांस से प्रेरित हैं।शानदार सेट्स और तुर्की के मशहूर डांसर्स की मौजूदगी ने इसे गाने में चार चांद लगा दिए हैं। कोरियोग्राफर अहमद खान ने इसमें तुर्की स्टाइल जैसा फील डाला है, जिसकी वजह से गाना और भी ज्यादा खास बन गया है। गाने का म्यूजिक जैम8 ने तैयार किया है। समीर ने इसके बोल लिखे हैं।

लाइफ Style



# समीरा

## जिम और डाइट से हासिल की फिटनेस

समीरा रेड्डी सोशल मीडिया पर खूब एक्टिव रहती हैं और अपनी निजी जिंदगी से जुड़े अपडेट यहां शेयर करती नजर आती हैं। हाल ही में उन्होंने अपनी फिटनेस यात्रा के बारे में फैंस को बताया। साथ ही यह खुलासा भी किया कि उनका वजन बहुत ज्यादा कम नहीं हुआ है, बल्कि उनके इंचेज कम हुए हैं।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

समीरा रेड्डी ने हाल ही में इंस्टाग्राम पर अपना एक वीडियो शेयर किया। इसमें अपनी फिटनेस को लेकर खुशी जताती नजर आईं। समीरा रेड्डी पर्पल ट्राउजर और व्हाइट टॉप में नजर आ रही हैं, जिसके साथ व्हाइट ब्लेजर कैरी किया है। समीरा रेड्डी ने बताया कि उन्होंने जिम, कार्डियो और डाइट के जरिए यह फिटनेस हासिल की है। वे अब काफी फिट और मजबूत महसूस कर रही हैं। समीरा रेड्डी ने अपने पोस्ट में बताया कि आखिरकार कपड़े फिट आने लगे हैं। हालांकि, इस फिटनेस यात्रा में उनके वजन में बहुत ज्यादा अंतर नहीं आया है। उनका वजन 90 किलो से 88 किलो हो गया है। यानी सिर्फ दो किलो का अंतर आया है। लेकिन, उनके इंच घटे हैं। समीरा रेड्डी ने पोस्ट शेयर कर लिखा है, 'किलो नहीं, इंच कम हुए हैं। 'जिम, डाइट और कार्डियो से वजन में ज्यादा बदलाव नहीं आया है, लेकिन इंच में जरूर बदलाव आया है, जो कि मैं चाहती हूं। हालांकि, मैं 90 किलो से 88 किलो पर आ गई हूं। मेरी मसल्स बढ़ी हैं। मैं अब ज्यादा मजबूत महसूस करती हूं। स्टेमिना बढ़ गया है और कपड़े भी अब फिट आ रहे हैं'। समीरा ने आगे लिखा, 'छोटी-छोटी जीत का जश्न मनाना इस फिटनेस यात्रा में उत्साह और जोश बनाए रखने का सबसे बढ़िया तरीका है'।

# रेखा के काफी नखरे थे, अमिताभ के साथ नहीं थे अच्छे संबंध...





**नई दिल्ली।** रेखा हिंदी सिनेमा की सबसे बेहतरीन और खूबसूरत एक्ट्रेसेस में से एक हैं। वह अपने समय की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली एक्ट्रेसेस में से थीं और यही वजह है कि हर डायरेक्टर उन्हें अपनी फिल्म में लेना चाहता था। अब रेखा को लेकर इंडियन सिनेमा का पॉपुलर विलेन रंजीत ने कुछ बातें बताई हैं। उन्होंने बताया कि कैसे एक बार उन्होंने रेखा को अपनी फिल्म के लिए साइन किया था, लेकिन फिर उन्होंने एक्ट्रेस से साइनिंग अमाउंट वापस मांगा। ऐसा क्यों हुआ आगे बताते हैं।

***रेखा को किया साइन*** : रंजीत ने एक इंटरव्यू में बताया कि एक समय ऐसा था जब वह परेशान हो गए थे उन रोल को लेकर जो उन्हें ऑफर किए जा रहे थे। उन्होंने कहा, 'मैंने एक दशक तक फिल्में साइन नहीं की। मैं परेशान हो गया था, इसलिए मैंने अपनी फिल्में बनाने का सोचा। मैं एक्टर्स को पैसे देते थे उनके काम के बाद, लेकिन कुछ मुझसे नहीं लेते थे जो हमारे बीच बॉन्ड होता था उस वजह से। वैसे ही मैंने एक बार रेखा को बोला कि आप मेरी दोस्त हो, लेकिन मैं आपको एक फिल्म में लेना चाहता हूं। आप मुझे एक अमाउंट बता दो और मैं आपको पैसे दे दूंगा और उन्होंने बताया। इसके बाद मुझे एहसास हुआ कि किसी और ने जिन्होंने उन्हें अपनी किसी फिल्म में साइन किया होगा वह उन्हें 5 लाख दे रहे हैं और ये अमाउंट उससे कम था जो उन्होंने मुझे बताया था।'




## अगले साल का ऑस्कर भी होस्ट करेंगे कॉनन




**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड फिल्म एकेडमी की तरफ से बताया गया कि अगले साल यानी 2026 में होने वाले ऑस्कर अवॉर्ड के होस्ट फिर से कॉनन ओ'ब्रायन ही होंगे। यह अवॉर्ड अगले साल 15 मार्च को होगा। 98वें ऑस्कर अवॉर्ड का होस्ट बनकर कॉनन ओ'ब्रायन भी काफी खुश हैं। कॉनन ओ'ब्रायन कहते हैं, 'अगले साल ऑस्कर को होस्ट करने का एक अकेला कारण यह है कि मैं एड्रियन ब्रॉडी को उनकी स्पीच खत्म करते हुए सुनना चाहता हूं।' इस अवॉर्ड के ब्रॉडकास्टर एबीसी के अनुसार भी मार्च महीने की शुरुआत में 97वें ऑस्कर अवॉर्ड को लगभग 19.7 मिलियन दर्शकों ने देखा।



## तापसी ने कहा -मेरे लिए कुछ भी नहीं बदला

**मुंबई।** कुछ दिनों पहले अभिनेत्री कीर्ति कुल्हारी ने यह दावा किया था कि फिल्म 'पिंक' के प्रमोशन के दौरान उन्हें नजरअंदाज किया गया था। कीर्ति कुल्हारी के इस दावे पर अब फिल्म 'पिंक' की मुख्य अभिनेत्री तापसी पन्नू ने अपनी प्रतिक्रिया दी है। कीर्ति के साथ अपने रिश्तों पर तापसी ने कहा, 'उसने हमारे रिश्ते या स्थिति को एक निश्चित तरीके से देखा, इसलिए शायद उसने मुझसे दूरी महसूस की। मैंने हमेशा उसके साथ पेशेवर रवैया अपनाया और अब भी रखती हूं। मैंने उसके साथ मिशन मंगल में भी काम किया है और मुझे नहीं लगता कि पेशेवर तौर पर मेरे लिए कुछ बदला है, क्योंकि जहां से मैंने देखा, मुझे कोई असमानता नहीं दिखी। इसलिए, मेरे लिए, यह वही लड़की थी जिसके साथ मैंने पिंक में काम किया था। ापसी ने कहा, मुझे कैसे पता चलेगा? उसे जो महसूस होता है, उसे महसूस करने का पूरा अधिकार है। मैं आखिरी व्यक्ति होऊंगी जो किसी को बताए कि आप जो महसूस कर रहे हैं वह गलत है।



## करण ने किया खुशी व इब्राहिम का बचाव

**मुंबई।** सैफ अली खान के बेटे इब्राहिम अली खान ने इस महीने फिल्म 'नादानियां' से डेब्यू किया है। यह फिल्म ओटीटी पर रिलीज हुई है, जिसमें इब्राहिम के साथ खुशी कपूर नजर आई हैं। फिल्म को दर्शकों से अच्छी प्रतिक्रिया नहीं मिली है, उल्टा आलोचनाएं हो रही हैं। इब्राहिम और खुशी को भी ट्रोल किया जा रहा है। खुशी और इब्राहिम की ट्रोलिंग पर अब तक कई सेलेब्स उनका बचाव कर चुके हैं।




हरिभूमि कम्यूनिकेशन प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक अचिंत महेश्वरी द्वारा प्लॉट नं.160 न्यू एच-सेक्टर इंडस्ट्रियल एस्टेट, गोविंदपुरा, भोपाल (म.प्र.) 462023 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्प्लैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। स्थानीय संपादकः प्रमोद भारद्वाज। RNI No. MPHIN/2014/55906, फोन 0755-4049930